Vol.20, Issue 6 | Annual Subscription ₹420

@NewsRotary /RotaryNewsIndia

April 2021

रोटरी समाचार

INDIA
www.rotarynewsonline.org

Rotary



उत्साह

चित्र : डॉ शिवनारायण जोशी



विषयसूची

12 100 युवा ब्यूटीशियनों को प्रशिक्षित कर रो ई मंडल 3232 उनकी ज़िंदगी में बदलाव लाता है

वर्ष के अंत तक 100 लड़कियों को कुशल बनाने के लिए मंडल की महिला सशक्तिकरण टीम ने *प्रोजेक्ट सुंदरी* की शुरुआत की है।

20 गंगा नदी के बारे में जानने का मज़ेदार तरीका

भारतीय संस्कृति की झलक दिखाने के लिए रोटरी क्लब इलाहाबाद मिडटाउन उनके शहर की झुग्गी के 100 बच्चों को गंगा गैलरी ले गया।

24 मंडल नेतृत्वकर्ताओं को नेतृत्व करने के लिए तैयार करना

ज़ोन 4,5,6 और 7 के DGEयों और DGNओं की लक्ष्य निर्धारण संगोष्ठी, लक्ष्य, उन्हें रोटरी के वरिष्ठ नेतृत्वकर्ताओं के मार्गदर्शन में अपने वर्ष की योजना बनाने के लिए तैयार करती है।

34 आइए शांति की शुरुआत हम अपने साथ करें

आभासी TRF सेमिनार में प्रतिनिधि संस्थान और इसके फंडिंग कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करते है।

40 भारत में रोटरी ने सदस्यता वृद्धि में नया रिकार्ड बनाया

महीने भर चले पॉल हैरिस चैलेंज के जवाब में चालीस रो ई मंडलों ने 6,087 नए रोटेरियनों एवं 79 नए क्लबों को शामिल किया।

44 सजावटी मछलीपालन से महिलाओं का सशक्तिकरण

रोटरी क्लब भुवनेश्वर एकाम्र क्षेत्र ग्रामीण महिलाओं को अपनी आजीविका के लिए अनोखी किस्म की मच्छलियों को पालना सिखाता है।

62 एक बैल जो अच्छी ख़बर लाता है

बूम बूम मट्टुकारन के बारे में पढ़िए, लगभग भुला दी गई एक जनजाति जो तमिलनाडु में भविष्यवाणी करके अपना गुज़ारा करती है।

64 भीमसेन जोशी: हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की धड़कन

इस महीने हम अपने सुर और संगीत कॉलम में महान हिंदुस्तानी संगीतकार को पेश करते है।

कवर पर: रो ई मंडल 3232 द्वारा उनके *प्रोजेक्ट सुंदरी* के तहत प्रायोजित प्रसाधक प्रशिक्षण का चेन्नई में प्रशिक्षण लेती छात्राएं।

चित्र: जयश्री

आपके पत्र

एक उल्लेखनीय अंक

मार्च अंक के कवर पर साइकिल पर बैठी हुई एक प्यारी सी लड़की, रुखसार खातून, जिसके चेहरे से मासूमियत साफ झलक रही है, बहुत ही मनभावन है। इस तस्वीर को चुनने वाले व्यक्ति को सलाम।

रो ई अध्यक्ष होल्गर नेक ने रोटेरियनों और रोटरेकटरों के बीच संबंधों पर प्रकाश डाला। मैं उनके कथन को प्रमाणित करूंगा, क्योंकि मैं 1979-80 के बाद से पिछले साल तक निरंतर रूप से हमारे क्लब में RYLA से जुड़ा रहा। 80 वर्ष की उम्र से भी अधिक की आयु का होने के बाद भी मैं RYLA के स्थल पर पूरे तीन दिनों तक युवा और ऊर्जावान महसूस करता हूँ।

आपका संपादकीय समुचित रूप से विश्व महिला दिवस को समर्पित है और एक अलग विचारों वाली नेता एंजेला मर्केल का उल्लेख उचित है। हमें उम्मीद है कि 2022-23 में जेनिफर जोन्स के नेतृत्व में रोटरी में बहुत सी नई चीजें होंगी। हमारे क्लब में अब तक केवल एक ही महिला, खुर्शीद मजीद, अध्यक्ष रही है और राजी धनसेकरन के रूप में हमें आगामी महिला अध्यक्ष मिलने वाली है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की तस्वीर को देखकर मैं आपके साथ यह साझा करने के लिए उत्सुक हूँ कि हमने पाकिस्तान के रोटरी क्लब लाहौर गैरिसन के साथ एक संयुक्त बैठक की जो बहुत ही जीवंत थी। आपका बॉक्स आइटम - *पोलियो निधि कैसे खर्च की जाती है* - हमें संतुष्ट महसूस कराती है कि हम भगवान का कार्य कर रहे है।

RIPE शेखर मेहता ने लड़कियों को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान देते हुए आने वाले वर्ष की रणनीति प्रस्तुत करते हुए अपने गवर्नरों से *जीवन बदलने हेतु सेवा* करने का आह्वान किया जो उल्लेखनीय है।

अन्य लेख जिसमें जाम्बिया मलेरिया, गोवा पुस्तकालय को किताबें दान करना, करूर युद्ध स्मारक, कोयंबटूर का गियर मैन, भारतीय फार्मा के लिए अवसर और संवहनीय वैश्विक शांति शामिल है एवं टीम रोटरी न्यूज के योगदान घर पर लेखों को घंटों तक पढ़ने हेतु रोचक बनाते है।

नन नारायणन, रोटरी क्लब मदुरई वेस्ट - मंडल 3000

खुशी है कि 11 वर्षीय बालिका रुखसार को रोटरी क्लब हावड़ा द्वारा एक साइकिल दी गई। रोटरी ने दुनिया से पोलियो को लगभग उन्मूलित करने में सराहनीय प्रगति की है। इस संदर्भ में गेट्स संस्थान का योगदान प्रशंसनीय है। सम्पूर्ण पोलियो रिपोर्ट के लिए संपादक का धन्यवाद जो अत्यधिक सूचनाप्रद है।

रो ई अध्यक्ष होल्गर नेक ने अंतहीन अवसरों को खोलने के लिए रोटरेकटरों के साथ रोटेरियनों के हाथ मिलाने की आवश्यकता को समझाया। संपादकीय में जर्मनी की एंजेला मर्केल और न्यूजीलैंड के जैसिंडा आरडर्न के नेतृत्व गुणों की विभिन्न शैलियों का वर्णन किया गया है।

निदेशक के संदेश में दोनों रो ई निदेशक पानी के महत्व और उचित स्वच्छता पर जोर देते है। जयश्री द्वारा कोयम्बटूर के गियर मैन पर लिखित लेख दिलचस्प है। अफ़गानिस्तान एवं उसके पुनर्निर्माण में भारत की मदद पर लिखित लेख सराहनीय है। पुराने समय की *सुरों की मलिका, आशा* की कहानी दिलचस्प है।

फिलिप मुलपोने एम टी
रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन - मंडल 3211

मार्च अंक के कवर पर रुखसार खातून को साइकिल चलाते देख मुझे बहुत खुशी हुई। भगवान उसे उज्ज्वल भविष्य प्रदान करें। रोटरी क्लब हावड़ा को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं जिसने उसे साइकिल भेंट की।

रामाकृष्ण, रोटरी क्लब पुत्तूर - मंडल 3181

लेख *अफगानिस्तान जहाँ भारत को प्यार और इज्जत दी जाती है* दिलचस्प है। आपका अवलोकन कि अफगानी महिला अपने ही घर में सबसे ज्यादा सताई जाती है और उसके पिता, भाई और पति ही ऐसे व्यक्ति होते है जो उसे सबसे ज्यादा परेशान करते है, झकझोर देने वाला है। मैं आपके लेखन की सराहना करता हूँ जो *रोटरी न्यूज* को उत्कृष्ट रूप से पठनीय बनाता है।

अभिजीत जोग, रोटरी क्लब पुणे साउथ - मंडल 3131

प्रेरणादायक साक्षात्कार

RIPE शेखर मेहता के साथ साक्षात्कार जिसका शीर्षक था *सपनों को जीना* प्रेरणादायक था। उन्होंने बड़ी ही विनम्रता के साथ जिक्र किया कि उन्होंने रोटरी से कभी कुछ नहीं मांगा साथ ही उन्होंने कभी किसी भी चीज को "न" नहीं कहा। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि एक रो ई अध्यक्ष से एक वर्ष की इतनी छोटी अवधि में संगठन में भयंकर बदलाव लाने की उम्मीद तो नहीं की जा सकती लेकिन वह निश्चित रूप से 1.2 मिलियन सदस्यों को समुदाय की बेहतर सेवा करने हेतु प्रेरित कर सकते है। मुझे उनका यह विचार अच्छा लगा कि क्लब अध्यक्ष का पद सबसे अच्छा काम है जो कोई भी अपने रोटरी वर्ष में कर सकता है। साक्षात्कार में कई और प्रभावशाली जवाब थे जिससे यह समझा जा सकता है कि एक संगठन में नेताओं को जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हुए स्पष्ट विचारों के साथ खुद को सशक्त बनाना पड़ता है और लोगों को उद्देश्य, ज्ञान और हृदय की पवित्र भावना से प्रेरित करना पड़ता है।

हमें गर्व है कि हमारे RIPE के रूप में हमारे पास इस तरह का नेतृत्व है। इसमें कोई संदेह नहीं है

आपके पत्र

कि उनके सभी सपने जिसमें विश्व स्तर पर सदस्यता को 1.3 मिलियन तक बढ़ाना भी शामिल है, एक वास्तविकता बन जाएंगे।

आर श्रीनिवासन
रोटरी क्लब मदुरई मिडटाउन - मंडल 3000

एक उत्कृष्ट साक्षरता परियोजना

रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चर्ड्स के पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर दकोजू द्वारा पणजी की सेंट्रल लाइब्रेरी को किताबें दान करने पर लिखा गया लेख पढ़ने योग्य था। हम क्लब के अध्यक्ष कार्लिटो मार्टिंस की सराहना करते है जिन्होंने पणजी में सेंट्रल लाइब्रेरी को किताबें देने की व्यवस्था की। उनके इस नेक भाव प्रदर्शन के लिए दकोजू को सलाम; यह वास्तव में सर्वश्रेष्ठ साक्षरता परियोजनाओं में से एक है।

एन जगतीसन
रोटरी क्लब एलुरु - मंडल 3020

लेख *कोयंबटूर का गियर मैन* जिसने निस्वार्थ सेवा की थी दिलचस्प है। यह उपयुक्त होगा यदि एक स्थानीय रोटरी क्लब जनता के लिए मूल्य जोड़ने और जरूरतमंदों का समर्थन करने के लिए शामिल हो जाए। यह न केवल रोटरी की सार्वजनिक छवि को बढ़ाएगा, बल्कि नए सदस्यों को भी आकर्षित करेगा। SSS की परिकल्पना करने वाले सुब्रमण्यन की एक तस्वीर को लेख में शामिल करना चाहिए था।

डॉ एम वी रविकुमार,
रोटरी क्लब बैंगलोर कोरामंगला - मंडल 3190

TCA श्रीनिवास राघवन ने अपने LBW कॉलम में (*संपादक और उनका सनकीपन*) उन युवा पत्रकारों के विचारों को सही ढंग से उल्लेखित किया है जो इस पेशे में नया कदम रखते है। लेखों को हमेशा संपादक की पसंद के अनुरूप या प्रकाशक के हिसाब से ही संपादित किया जाता है अन्यथा विज्ञापन राजस्व को नुकसान पहुँच सकता है।

कोका दयानंद
रोटरी क्लब नेल्लोर - मंडल 3160

उत्कृष्ट पत्रिका

मार्च 2021 के लिए अपनी उत्कृष्ट पत्रिका साझा करने के लिए धन्यवाद। इसमें कुछ उत्कृष्ट लेख है जिन्हें मैं मेरे रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ साझा करना चाहता हूँ।

PRIP विल्फ विल्किंसन

फ़रवरी अंक का लेख *हर बूंद कीमती है* हर भारतीय के लिए महत्वपूर्ण है। रोटरी क्लबों को इस लेख के पर्चे बांटकर जल संरक्षण पर जागरूकता पैदा करनी चाहिए। लोग सामाजिक मीडिया पर अपने सुझाव और समाधान दे सकते है जिससे पर्यावरण के लिए कार्य करने में बहुत मदद मिल सकती है।

डॉ अनिल पी सोहनी
रोटरी क्लब डोंडायचा सीनियर्स - मंडल 3060

डिजिटल युग के लिए तैयार रहें

रोई अध्यक्ष होलार नेक ने ज़ोन इंस्टीट्यूट (फ़रवरी अंक) में अपने संबोधन में हमसे उचित रूप से 'डिजिटल युग को अपनाने' के लिए कहा है। न्यासी अध्यक्ष के आर रवींद्रन ने हमें आश्वासन दिया कि यह महामारी रोटरी के विकास के नए अवसर खोलेगी। लेख *हर बूंद कीमती है* ने आज के समय की मांग के अनुरूप जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। क्लबों के लिए PAN कार्ड रखने और KYC अनुवर्ती बनने की आवश्यकता पर लिखा गया लेख सामयिक है।

श्रीकांत के माता-पिता द्वारा अंग दान करने और *महाराष्ट्र की आदिवासी लड़कियों के लिए एक सरल लेकिन सार्थक परियोजना* पर लिखे गए लेख सराहनीय है।

डॉ पॉन मुथाइया
रोटरी क्लब अदुथुराई - मंडल 2981

रोटरी प्लस: चलते रहें

मैं आपको हर महीने रोटरी प्लस का शानदार संस्करण लाने के लिए बधाई देता हूँ। लोगों को क्लबों द्वारा पूरे भारत में की जाने वाली विभिन्न परियोजनाओं के बारे में पता चलता है और यह हमारी कुछ क्लब परियोजनाओं की योजना तैयार करने में मदद करता है।

वी जी देवधर, रोटरी क्लब नासिक - मंडल 3030

रोटरी प्लस रोटेरियनों को अपने मंडलों में सामाजिक और परोपकारी कार्य करने के शानदार विचार और प्रेरणा प्रदान करता है।

टी डी भाटिया, रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार
रो ई मंडल 3012

सुधार

मार्च 2021 के अंक में (पेज 31) DGE राजेश सुभाष (रो ई मंडल 3204) और उनकी पत्नी दीशमा के अंतिम नाम गलत उल्लिखित हो गए थे। त्रुटि के लिए हमें खेद है।

We welcome your feedback. Write to the Editor:
rotarynews@rosaonline.org; rushbhagat@gmail.com.
Mail your project details, along with hi-res photos,
to **rotarynewsmagazine@gmail.com**

Messages on your club/district projects, information and links on zoom meetings/ webinar should be sent only by e-mail to the Editor at **rushbhagat@gmail.com** or **rotarynewsmagazine@gmail.com** WHATSAPP MESSAGES WILL NOT BE ENTERTAINED.

Click on **Rotary News Plus** in our website **www.rotarynewsonline.org** to read about more Rotary projects.

पृथ्वी का संरक्षण करें

इस वर्ष, हम 22 अप्रैल को एक नए उद्देश्य की भावना के साथ पृथ्वी दिवस मनाते है। पर्यावरण अब रोटरी के ध्यानाकर्षण क्षेत्र में शामिल है। सभी महान कार्यों के समाधान हमेशा आपके और मेरे साथ शुरू होते है, और ऐसा बहुत कुछ है जो हम लोग बस अपना व्यवहार बदलकर कर सकते है: प्लास्टिक के हमारे उपयोग में कटौती करना और ऊर्जा का बुद्धिमानी से उपयोग करना केवल दो उदाहरण है। लेकिन अब हमारे पास एक साथ और अधिक करने के अवसर है।

रोटरी के लिए पर्यावरण का समर्थन करना नया नहीं है; क्लबों ने स्थानीय जरूरतों के आधार पर पर्यावरण के मुद्दों पर लंबे समय तक काम किया है। अब जलवायु परिवर्तन - एक ऐसी समस्या जो अमीर हो या गरीब हम सभी को प्रभावित करती है - के कारण हमें पहले से अधिक एक साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। ब्राजील में रहने वाले वेनेजुएला के इंजीनियर और द रोटरी फाउंडेशन कैडर ऑफ टेक्निकल ऐड्वाइज़र्स के एक सदस्य, अल्बर्टो पालंबों ने अपने विचार साझा किए।

30 साल से मेरा काम पर्यावरण की देखभाल हेतु समुदायों और नीति अधिकारियों से जुड़ना है। आज, मैं पर्यावरणीय क्षरण को कम करने और समुदायों को पर्यावरणीय रूप से अधिक टिकाऊ बनाने में मदद करने के लिए रोटरी के अवसरों को लेकर उत्साहित हूँ।

प्रत्येक समुदाय में जहाँ हमारे पास एक रोटरी, रोटरेक्ट या इंटरेक्ट क्लब या एक रोटरी सामुदायिक निकाय है, वहाँ पर्यावरण संबंधी चुनौतियाँ है। रोटरी सदस्यों के रूप में, हम पर्यावरणीय स्थिरता के प्रबंधक बन सकते है और संयुक्त राष्ट्र के 2030 सतत विकास लक्ष्यों को अपने दैनिक जीवन में अपने घर और अपने क्लबों में अपना सकते है। फिर हम उन्हें अपनी रोटरी परियोजनाओं में लागू कर सकते है।

मेरा क्लब पहले दिन से ही जल और पर्यावरण परियोजनाओं से जुड़ा हुआ है। हम अंतर-अमेरिकी जल संसाधन नेटवर्क और विश्व जल परिषद जैसे समूहों के साथ काम करते हुए अपने क्षेत्र और उससे आगे के क्षेत्रों में रोटेरियनों को सशक्त बनाने और साझेदारी निर्मित करने के अवसरों की तलाश करते है। स्थानीय क्लबों ने वाटर, सैनीटेशन, हाइजीन रोटरी एक्शन ग्रुप (wasrag.org) के साथ काम किया, ताकि रोटरी को ब्रासीलिया में 2018 के विश्व जल मंच के दौरान एक स्थान मिल सके, जहाँ हमने इस बात की चर्चा की कि समुदाय कैसे पर्यावरणीय आपदाओं से उबर सकता है जैसा कि 2015 में ब्राजील के रियो डोसे पर बने खनन बांध की विफलता के कारण हुआ था।

पृथ्वी की देखभाल एक ऐसा प्रयास है जो कभी नहीं रुकता। एक प्रभाव लाने के लिए, हमें अपना ज्ञान, क्षमताओं और उत्साह को सरेखित करना चाहिए - और रोटरी ऐसा करने में पहले से ही माहिर है। एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी रोटरी एक्शन ग्रुप (esrag.org) के एक स्वयंसेवक के रूप में, मैंने देखा कि पर्यावरण के लिए हमारा काम कितना उचित है और हम पहले से ही जल और अपने अन्य ध्यानाकर्षण क्षेत्रों के लिए क्या कर रहे है। रोटरी सदस्य मूक दर्शक नहीं है; हम कार्यवाही करते है। चलिए एक साथ काम करें और एक सकारात्मक प्रभाव डालें।

रोटरी संस्थान का समर्थन हमारी सेवा में इस नए अध्याय को परिभाषित करेगा। मंडल और वैश्विक अनुदान परियोजनाओं के माध्यम से, हम अपनी पूर्व परियोजनाओं पर निर्भर रहेंगे जो पर्यावरण की मदद करती है। हम अधिक करीब से सहयोग करने और वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों पर अधिक प्रभाव डालने के तरीकों की तलाश करेंगे। और हम अपने सभी कार्यक्रमों, परियोजनाओं और गतिविधियों में पर्यावरण संबंधी मुद्दों को शामिल करेंगे।

हमारे युवा कार्यक्रमों में शामिल रोटरेक्टरों और प्रतिभागियों को उम्मीद है कि रोटरी एक स्पष्ट स्थान लेगी और उचित दृष्टिकोण के साथ नेतृत्व प्रदान करेगी। हम उनके साथ काम करेंगे और उन समस्याओं का विवेकपूर्ण समाधान तलाश करेंगे जो उन्हें विरासत में मिलेगी। हमारे अविश्वसनीय सदस्य, नेटवर्क और संस्थान हमें एक महत्वपूर्ण और स्थायी योगदान देने की क्षमता प्रदान करते है। अब, हम एक साथ मिलकर पता लगाएंगे कि कैसे रोटरी द्वारा प्रदान किए गए अवसर हमें अपनी सेवा का विस्तार करके अपने घर को बचाने में मदद करते है जिसमें हम सब साथ रहते है।

होल्गर नेक

होल्गर नेक
अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

अल्बर्टो पालंबों
रोटरी क्लब
ब्रासीलिया
अंतरराष्ट्रीय
ब्राज़िल

संपादक
का संदेश

वो युवा जो परिवर्तन ला रहे हैं

दिसंबर 2019 में, 34 की उम्र में, फिनलैंड की सना मारिन दुनिया की सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गईं। इतने सारे युवा नेता, जिनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं, वैश्विक स्तर पर नेतृत्व की कमान संभाल रहे हैं, क्या यह अद्भुत नहीं है? 41 वर्षीय जेसिंडा आरडर्न मेरी आदर्श हैं, जो 37 साल की उम्र में न्यूजीलैंड की प्रधान मंत्री बनी थीं। जो सामाजिक पक्षपात के खिलाफ लड़ रही एक प्रगतिशील नेता, क्राइस्टचर्च की मस्जिद में गोलाबारी के बाद उनकी प्रतिक्रिया, उनका मुस्लिम समुदाय तक पहुंचना और शीघ्रता से बन्दूक कानून को सख्ती के साथ लागू करना, दृष्टान्त के योग्य था। समय रहते कोविड महामारी से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी प्रशंसा हुई। केवल 49 साल की उम्र में कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो में नेतृत्व और मानवीयता दोनों विशेषताएं परिलक्षित हुई हैं।

लेकिन हमारी प्रशंसा और सम्मान के अधिकारी केवल युवा राजनीतिज्ञ ही नहीं हैं। हम उनके बारे में चर्चा इसलिए करते हैं क्योंकि वे ऊंचे पदों पर आसीन हैं और हम उन्हें जानते हैं। लेकिन *Time* मैगज़ीन के मार्च अंक पर एक नज़र डालें जिसमें दुनिया के सबसे प्रभावशाली 100 लोगों की सूची छपी है। जी हाँ, सना मारीन के बारे में नॉर्वे के प्रधानमन्त्री एरना सोलबर्ग ने लिखा है कि किस प्रकार कोरोना संक्रमण के पहले केस की सूचना मिलने के कुछ ही हफ़्तों में प्रधान मंत्री ने देश में लॉक डाउन की तुरंत घोषणा कर दी थी और राष्ट्र के कुछ क्षेत्रों में यात्रा पर प्रतिबन्ध लगा दिया था। जिसका परिणाम ये हुआ कि फ़िनलैंड में कोरोना संक्रमण, यूरोप की औसत के पांचवे भाग तक सीमित रहा। "उन्होंने साबित कर दिया है की कुशल नेतृत्व के लिए उम्र मायने नहीं रखती।"

इस सूचि में कलाकार, पॉपस्टार, खिलाड़ी, नवप्रवर्तक, विशेषज्ञ और अभिनेता शामिल हैं। 21 वर्षीय सिडनी मैकलॉघलिन में बाधा दौड़ की सर्वकालिक श्रेष्ठ धावक बनने के गुण और सामर्थ्य मौजूद है। उनमें नकारात्मक मुद्दों के विरुद्ध आवाज़ उठाने का साहस और जुनून दोनों है, जैसे कमजोरों पर अत्याचार। लेखक का कहना है, "दूसरों की ज़िंदगी पर गहरा असर डालने की क्षमता उनकी सबसे बड़ी ताक़त है, और अवसर भी ... मैं जानती हूँ कि इस दुनिया पर जो छाप वो छोड़ कर जाएंगी वो किसी भी मैडल या रिकॉर्ड से कहीं बड़ी होगी। "

मैक्सिको के मेटामोरोस में, अमेरिका में हजारों शरणार्थी गंदे शिविरों में बड़ी ही दयनीय अवस्था में रहते है। कोविड महामारी से पहले भी, भीड़भाड़ वाले तम्बुओं के शहर की स्थिति बहुत ही खतरनाक थी जहां तस्करों के गिरोह भी सक्रिय हैं। "स्वच्छता की कमी और गन्दगी के संपर्क में आने से वहां बीमारी फैल गई थी। परिवार हताश हो गए थे और तैर कर टेक्सास पहुँचने की कोशिश में डूब गए थे।" लेकिन निराशा के इस अथाह सागर में, खुद शरण लेने के इच्छुक, क्यूबा के एक डॉक्टर, 29 वर्षीय डायरोन एलिसंडो, इन लोगों के बीच आशा की एक किरण हैं। वह जीवन रक्षा स्तर की देखभाल प्रदान करते है और जब तक अमेरिकी न्यायाधीश उनके भाग्य का फैसला लिखते है, "वह माताओं को उनके बच्चे के दिल की धड़कन पहली बार सुनाने में मदद करते हैं और रोज़ाना करीब 50 मरीजों का इलाज करते हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं।" डेमोक्रेटिक कांग्रेस के नेता जोकिन कास्त्रो ने लिखा है : "पूर्व में शरणार्थियों की पीढ़ियों ने जिस प्रकार हमारे राष्ट्र की सेवा की है उसी प्रकार रोजस भी अमेरिका में चिकित्सा की प्रैक्टिस करना चाहता है लेकिन ये तभी संभव है जब हम उसे अनुमति दें।"

लाहौर में पैदा हुए एक 37 वर्षीय चित्रकार ,सलमान तूर अब न्यूयॉर्क में रह रहे हैं, और दक्षिण एशियाई मूल के लोगों पर बनाई गई उनकी समलैंगिक पेंटिंग खुले आम सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती हैं। और वहीं 36 वर्षीय टेलफेर क्लेमेंस जैसे नवोन्मेषक हैं, जिन्होंने डिजाइन के माध्यम से वास्तविकता और यथार्थ को एक नई भाषा के रूप में सृजित कर फैशन को फिर से परिभाषित किया और फैशन को नया आयाम दिया। ; या एक गैर-लाभकारी संस्था, Upsolve के संस्थापक, 25 वर्षीय रोहन पवुलुरी, जो दिवालिया घोषित करने के लिए फाइल करने में मदद के लिए उपयोगकर्ताओं को एक मुफ्त ऑनलाइन टूल प्रदान करती है, वो भी बिना किसी भारी भरकम शुल्क के, और इस महामारी में ऐसे लोग हजारों हैं। एफ्रोबीट्स सँगीत की सबसे लोकप्रिय आवाजों में से एक; डेविडो, 28, ने एक एल्बम बनाया है जिसमें युवाओं की मांग है कि नाइजीरियाई सरकार पुलिस की बर्बरता के खिलाफ कार्रवाई करे।

ऐसे विषादपूर्ण माहौल में, ये लोग हमारे दिल में आशा, उमंग और उत्साह से भर देते हैं।

रशीदा भगत

Governors Council

RI Dist 2981	DG R Balaji Babu
RI Dist 2982	DG K S Venkatesan
RI Dist 3000	DG A L Chokkalingam
RI Dist 3011	DG Sanjiv Rai Mehra
RI Dist 3012	DG Alok Gupta
RI Dist 3020	DG Muttavarapu Satish Babu
RI Dist 3030	DG Shabbir Shakir
RI Dist 3040	DG Gajendra Singh Narang
RI Dist 3053	DG Harish Kumar Gaur
RI Dist 3054	DG Rajesh Agarwal
RI Dist 3060	DG Prashant Harivallabh Jani
RI Dist 3070	DG CA Davinder Singh
RI Dist 3080	DG Ramesh Bajaj
RI Dist 3090	DG Vijay Arora
RI Dist 3100	DG Manish Sharda
RI Dist 3110	DG Dinesh Chandra Shukla
RI Dist 3120	DG Karunesh Kumar Srivastava
RI Dist 3131	DG Rashmi Vinay Kulkarni
RI Dist 3132	DG Harish Motwani
RI Dist 3141	DG Sunnil Mehra
RI Dist 3142	DG Dr Sandeep Kadam
RI Dist 3150	DG Nalla Venkata Hanmanth Reddy
RI Dist 3160	DG B Chinnapa Reddy
RI Dist 3170	DG Sangram Vishnu Patil
RI Dist 3181	DG M Ranganath Bhat
RI Dist 3182	DG B Rajarama Bhat
RI Dist 3190	DG B L Nagendra Prasad
RI Dist 3201	DG Jose Chacko Madhavassery
RI Dist 3202	DG Dr Hari Krishnan Nambiar
RI Dist 3211	DG Dr Thomas Vavanikunnel
RI Dist 3212	DG P N B Murugadoss
RI Dist 3231	DG K Pandian
RI Dist 3232	DG S Muthupalaniappan
RI Dist 3240	DG Subhasish Chatterjee
RI Dist 3250	DG Rajan Gandotra
RI Dist 3261	DG Fakir Charan Mohanty
RI Dist 3262	DG Saumya Rajan Mishra
RI Dist 3291	DG Sudip Mukherjee

Printed by PT Prabhakar at Rasi Graphics Pvt Ltd, 40, Peters Road, Royapettah, Chennai - 600 014, India, and published by PT Prabhakar on behalf of Rotary News Trust from Dugar Towers, 3rd Flr, 34, Marshalls Road, Egmore, Chennai 600 008. Editor: Rasheeda Bhagat.

The views expressed by contributors are not necessarily those of the Editor or Trustees of Rotary News Trust (RNT) or Rotary International (RI). No liability can be accepted for any loss arising from editorial or advertisement content. Contributions – original content – is welcome but the Editor reserves the right to edit for clarity or length. Content can be reproduced with permission and attributed to RNT.

रो ई निदेशकों

आमने-सामने

जैसे कि हमारे ज़ोन को कोविड महामारी की दूसरी लहर द्वारा बहाए ले जाने का खतरा है, ऐसे समय पर मुझे पॉल हैरिस के शब्द याद आते है: ''रोटरी को आगे बढ़ते रहना चाहिए वरना प्रगति के पथ पर वह पीछे छूट जाएगी।'' ये शब्द आज की तारीख में भी सत्य है। दुनिया भर के रोटेरियनों ने स्वयं की योग्यता साबित की है और नए विचारों, एक नई परिकल्पना और एक नई रोटरी को अपनाया, अनुकूलित और कार्यान्वित किया है। इन मुश्किल समय को पार करते हुए रोटेरियनों ने साबित किया है कि 'कठिन समय में रोटेरियन सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते है।' कष्टों को कम करने, राहत पहुंचाने, और जरूरतों को पूरा करने की रोटेरियनों की आशा, मदद और मानवता की अनेक कहानियों ने सभी को प्रेरित किया है। इमर्सन कहते है, 'यदि आप अपनी क्षमता को जानते हो, तो ऐसा कोई भी ग्रह, सूरज या तारा नहीं है जो आपको रोक सके।' जब आपका सामना किसी चुनौती से होता है, तो आप उन छिपी हुई शक्तियों की खोज करते है जिनके बारे में आप पहले नहीं जानते थे। और रोटेरियनों ने उन शक्तियों को खोज लिया है। फ्रेंकलिन डी रूजवेल्ट ने सबसे उचित रूप से कहा था कि, 'मैं रोटरी इंटरनेशनल को असंख्य मूल्यों वाले एक उत्पादक बल के रूप में देखता हूं।'

यह महामारी अनपेक्षित रूप से कुछ मामलों में लाभकारी साबित हुई है: बेहतर वातावरण, अधिक वैज्ञानिक सहयोग, महत्वपूर्ण खोजों में तेज़ी, और नई जैव प्रौद्योगिकियों एवं बेहतर डिजिटल संयोजकता की वजह से मानव जीवन में नाटकीय सुधार।

अप्रैल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (MCH) माह होता है। मातृ स्वास्थ्य का संबंध गर्भावस्था, प्रसव और प्रसवोत्तर अवधि के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य से होता है। प्रत्येक चरण का एक सकारात्मक अनुभव होना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं एवं उनके बच्चे बेहतर स्वास्थ्य में अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें, क्योंकि स्वस्थ बच्चों की स्वस्थ वयस्क बनने की अधिक संभावना अधिक होती है। हाल के दशकों में बाल स्वास्थ्य में जबरदस्त सुधार हुआ है। भारत की राष्ट्रीय अंडर-5 मृत्यु दर 1990 में प्रति 1,000 जन्मों पर 111 से गिरकर 2018 में प्रति 1,000 जन्मों पर 39 तक पहुँच गई थी। भारत मातृ और बाल मृत्यु से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक स्थिर गति से बढ़ रहा है। फिर भी चुनौतियों की भरमार है। कई बच्चे कुपोषण, अशुद्ध पानी, बीमारी और संक्रमण जैसी रोकी जा सकने वाली बीमारियों/स्थितियों से मर जाते है। रोकी जा सकने वाली मातृ मृत्यु को समाप्त करने पर हमारा ध्यान केंद्रित होना चाहिए।

रोटरी के माध्यम से हम महत्वपूर्ण टीके प्रदान कर सकते है जो बचपन में होने वाली बीमारियों से बचाव करते है, कुपोषण का मुकाबला करते है; माताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच सुनिश्चित करते है। विकासशील देशों में मातृ स्वास्थ्य के लिए VTT के माध्यम से, हम मातृ मृत्यु दर को कम करने में कामयाब रहे है।

MCH को एक बहु-आयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जिसमें शिक्षा, पोषण, किफायती स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच, सुरक्षित पानी, उचित सफाई एवं स्वच्छता और समय पर उपचार शामिल होते है। रोटरी हमारे MCH मिशन को पूरा करने के अवसर प्रदान करती है।

हर एक माँ महत्वपूर्ण है, हर एक बच्चा मायने रखता है।



डॉ भरत पांड्या

रो ई निदेशक, 2019-21

का संदेश

स्वस्थ समुदायों के लिए मातृ एवं शिशु देखभाल आवश्यक है

यह अत्यधिक तनाव और अनिश्चितता का समय है। यह समय की ऐसी घड़ी भी है जब हम जो काम कर रहे वह सबसे महत्वपूर्ण है। हम रोटेरियनों ने कोविड-19 के वैश्विक संकट से निपटने में एक अहम भूमिका निभाई है; संकट के दौरान और उसके बाद दोनों ही समय में।

कोविड को नियंत्रित करने का एकमात्र ज्ञात तरीका, टीकाकरण को सुनिश्चित करना और उसकी वकालत करना एवं सामाजिक दूरी बनाए रखना, के माध्यम से अपना योगदान दे। समुदाय की सेवा करने के लिए हमारा काम बेहद महत्वपूर्ण होगा जो मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से पस्त हो चुका है। मैं क्लबों और रोटेरियनों से हर संभव तरीके से मदद करने का आग्रह करूंगा।

मातृत्व एवं बाल विकास

स्वास्थ्य सेवा तक बच्चों की पहुँच स्वयं बच्चों के लिए, उनके परिवारों के लिए, साथ ही साथ समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य देखभाल बच्चों के शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य, वृद्धि एवं विकास और वयस्कों के रूप में उनके पूरे सामर्थ्य तक पहुंचने की उनकी क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

प्रत्येक वर्ष पाँच वर्ष से कम आयु के अनुमानित 5.9 मिलियन बच्चों की कुपोषण, अपर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल और खराब स्वच्छता के कारण मृत्यु हो जाती है - इन सभी मृत्यु को नवजात शिशुओं को टीकाकरण और एंटीबायोटिक्स प्रदान करके, आवश्यक चिकित्सीय सेवाओं को उन तक पहुंचाकर और माताओं एवं उनके बच्चों के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का समर्थन करके रोका जा सकता है।

इसलिए कृपया अतिसंवेदनशील माताओं और बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएं ताकि वे अधिक समय तक जीवित रह सकें और मजबूत बन सकें। एक बार फिर से यह बात दोहराई जानी चाहिए कि महिलाएं स्वस्थ परिवारों, और अंततः स्वस्थ समुदायों के लिए महत्वपूर्ण होती है... और बच्चे किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते है।

RILM की अन्नपूर्ण परियोजना

RILM ने सुविधाओं से वंचित बच्चों को पोषक आहार प्रदान करने की जरूरत को समझा और पिछले तीन वर्षों में बंगाल के सात स्कूलों के छात्रों को इंडियन फूड बैंकिंग नेटवर्क और KFC के साथ भागीदारी में अन्नपूर्ण परियोजना के अंतर्गत 10,35,700 भोजन प्रदान किए है। यह ₹60 लाख की एक परियोजना है जो दैनिक आधार पर इन बच्चों को भोजन प्रदान करती है।

बच्चे हमारा भविष्य है, मैं सभी क्लबों से वंचित बच्चों के लिए बाल स्वास्थ्य और पोषण परियोजनाएं शुरू करने का आग्रह करूंगा। यह ऐसी परियोजनाएं है जो दुनिया में अच्छा करने की रोटेरियनों की क्षमताओं में मेरे विश्वास को मजबूत बनाती है।



कमल संघवी
रो ई निदेशक, 2019-21

Board of Permanent Trustees & Executive Committee

PRIP Rajendra K Saboo	RI Dist 3080
PRIP Kalyan Banerjee	RI Dist 3060
RIPE Shekhar Mehta	RI Dist 3291
PRID Panduranga Setty	RI Dist 3190
PRID Sushil Gupta	RI Dist 3011
PRID Ashok Mahajan	RI Dist 3141
PRID P T Prabhakar	RI Dist 3232
PRID Dr Manoj D Desai	RI Dist 3060
PRID C Basker	RI Dist 3000
TRF Trustee Gulam A Vahanvaty	RI Dist 3141
RID Dr Bharat Pandya	RI Dist 3141
RID Kamal Sanghvi	RI Dist 3250
RIDE A S Venkatesh	RI Dist 3232
RIDE Dr Mahesh Kotbagi	RI Dist 3131

Executive Committee Members (2020–21)

DG Sanjiv Rai Mehra Chair – Governors Council	RI Dist 3011
DG Sudip Mukherjee Secretary – Governors Council	RI Dist 3291
DG Sangram Vishnu Patil Secretary – Executive Committee	RI Dist 3170
DG Prashant Harivallabh Jani Treasurer – Executive Committee	RI Dist 3060
DG S Muthupalaniappan Member – Advisory Committee	RI Dist 3232

ROTARY NEWS / ROTARY SAMACHAR

Editor
Rasheeda Bhagat

Senior Assistant Editor
Jaishree Padmanabhan

ROTARY NEWS / ROTARY SAMACHAR

ROTARY NEWS TRUST
3rd Floor, Dugar Towers,
34 Marshalls Road, Egmore
Chennai 600 008, India.
Phone : 044 42145666
e-mail: rotarynews@rosaonline.org
Website: www.rotarynewsonline.org

Now share articles from *rotarynewsonline.org* on WhatsApp.

साझेदारी की शक्ति

अमेरिकी वास्तुकार डैनियल बर्नहैम ने कहा, ''कोई छोटी योजना न बनाएं। उनमें हमारा खून उबालने की ताकत नहीं होती शायद इसलिए वो कुछ खास अंतर नहीं लाती।''

जब रोटरी बर्नहम की सलाह पर ध्यान देते हुए कार्यवाही करता है, तो हम चमकते है। पोलियो उन्मूलन के लिए जब हमने एक वैश्विक पहल का नेतृत्व किया तो हमने बड़ी योजनाएँ की; पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन का अफ्रीकी क्षेत्र पोलियो मुक्त प्रमाणित किया गया।

जब एक वर्ष पहले कोरोनोवायरस ने दस्तक दी, तो रोटरी संस्थान ने तुरंत सक्रिय होकर 7.9 मिलियन डॉलर के 319 विशिष्ट आपदा प्रतिक्रिया अनुदान प्रदान किए। आज तक, हम लगभग 24.1 मिलियन डॉलर के 317 वैश्विक अनुदान और प्रदान कर चुके है, और कोरोना-वायरस प्रतिक्रिया का समर्थन करने के लिए अनुदान प्रायोजकों द्वारा पुनः प्रायोजित किए गए पहले से स्वीकृत वैश्विक अनुदानों को मिलाने के बाद कुल राशी 32.7 मिलियन डॉलर से अधिक हो चुकी है।

वृहद स्तर के अपने कार्यक्रमों के माध्यम से अब हम फिर से बड़ा सोच रहे है। हम किसी भी एक ऐसी परियोजना के लिए 2 मिलियन डॉलर का वार्षिक अनुदान देंगे जो रोटरी के एक या एक से अधिक ध्यानाकर्षण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती हो। अनुदान को तीन से पांच साल की अवधि में एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र के कई लोगों के लिए गौर करने लायक और स्थायी दृष्टिकोण के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इसके लिए समान विचारधारा वाले साझेदारों की भी आवश्यकता होती है जो प्रतिबद्ध और साधन संपन्न होते है। योजना तो यह भी है कि सीखे गए सबक को लागू करते हुए दुनिया भर के विभिन्न समुदायों में इन कार्यक्रमों को दोहराया जाए।

रोटरी क्लब फेडरल वे, वाशिंगटन ने कोई छोटी योजना नहीं बनाई। विस्तृत अनुदान के पहले कार्यक्रमों के प्रायोजक के रूप में यह क्लब ज़ाम्बियन रोटरी क्लब और मलेरिया पार्टनर्स ज़ाम्बिया के साथ साझेदारी में अग्रणी है ताकि उस देश में व्यापक रूप से फैली बीमारी को समाप्त करने में मदद करने के प्रयास किए जा सकें। पार्टनर्स फॉर अ मलेरिया-फ्री ज़ाम्बिया नामक कार्यक्रम के माध्यम से रोटरी 60 ज़ाम्बियाई मंडल स्वास्थ्य अधिकारियों, 382 स्वास्थ्य सुविधा कर्मचारियों और 2,500 सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारियों के जीवन को बचाने का प्रशिक्षण प्रदान करेगा; यह उन्हें काम पूरा करने के लिए आवश्यक आपूर्ति और सामग्री भी प्रदान करेगा। उनका उद्देश्य जाम्बिया के दो प्रांतों के 10 लक्षित मंडलों में मलेरिया को 90 प्रतिशत तक कम करना है।

कई संगठनों के साथ जुड़कर रोटरी सदस्य साझेदारी की शक्ति को भी साबित कर रहे है। वे अपने राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन केंद्र के माध्यम से जाम्बिया के स्वास्थ्य मंत्रालय को शामिल करते है - जो यह सुनिश्चित करेगा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय रणनीति में योगदान दें - साथ ही बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और वर्ल्ड विजन, जो इस 6 मिलियन डॉलर के कार्यक्रम के सह-वित्त पोषण और कार्यान्वयन में पर्याप्त संसाधनों का निवेश भी कर रहे है।

विस्तृत अनुदान के प्रथम कार्यक्रम दूसरों को प्रेरित करेंगे और आने वाले वर्षों में बहुत अच्छा प्रभाव डालेंगे। यह रोटरी की कहानी में सिर्फ नवीन अध्याय है, जो यह बताता है कि कैसे आम नागरिक न केवल बड़ी योजना बनाने के लिए एकजुट होते है बल्कि दूसरों की मदद करने के लिए साहसिक कदम भी उठाते है। यह एक उत्तेजक कहानी है जिसे लिखने में रोटरी संस्थान का समर्थन करने वाले आप जैसे रोटरी के समर्पित सदस्य मदद कर रहे है।

Ravi

के आर रवींद्रन
फाउंडेशन ट्रस्टी अध्यक्ष

वार्षिक एवं पोलियो कोष को सशक्त बनाने में मदद कीजिए

मानवविज्ञानी मार्गरिट मीड ने कहा था, कभी इस बात पर संदेह न करें कि विचारशील, प्रतिबद्ध नागरिकों का एक छोटा समूह दुनिया को बदल सकता है; वास्तव में, इन्होंने ही दुनिया को बदला है।

यहीं बात रोटरी जगत में भी सिद्ध होती है। किसने कभी सोचा होगा कि 26.5 डॉलर के योगदान के साथ आर्च क्लम्फ़ द्वारा शुरू किया गया एक संस्थान दुनिया में इतना अच्छा करेगा!

1947 से, कार्यक्रमों को दी गई कुल राशि 4.9 बिलियन डॉलर (लगभग ₹36,000 करोड़) पहुँच चुकी है। जहां भी रोटेरियनों को जरूरत होती है, TRF सहायता के लिए तैयार और इच्छुक रहता है। Future Vision द्वारा लाए गए नए अनुदान ढांचे के बाद से हमारा ध्यान मुख्यतः छह ध्यानाकर्षण क्षेत्रों पर केंद्रित रहा है, जिसके तहत पर्यावरण को भी कवर किया गया था। लेकिन रोटरी एक्शन ग्रुप ऑन इन्वाइरन्मेन्टल सस्टैनबिलिटी सहित कई समूहों द्वारा वकालत किए जाने के बाद, TRF ने पर्यावरण संरक्षण को हमारा सातवाँ ध्यानाकर्षण क्षेत्र बनाया।

संगीत और कला की तरह, प्रकृति के प्रति प्यार भौगोलिक या सामाजिक बाधाओं से परे होता है। चूंकि हमारे पास कोई दूसरा ग्रह नहीं है, इसलिए हमें भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए सभी प्रयासों को करने की आवश्यकता है। लेकिन इसके लिए, दुनिया भर के रोटेरियनों को इस पहल के लिए TRF में योगदान देना होगा।

देना भारतीय लोगों के डीएनए में होता है, लेकिन पोलियो उन्मूलन में एक ऐतिहासिक बदलाव इसलिए संभव हुआ क्योंकि दुनिया के हर कोने से लोगों ने दान दिया था। आज, पोलियो केवल दो देशों में मौजूद है और हम एक पोलियो मुक्त दुनिया की राह पर है। इसलिए हमारे वार्षिक और पोलियो कोष में उदारतापूर्वक दान करें।

जैसा कि हमने महिला दिवस मनाया, मुझे मार्गरिट थैचर के शब्द याद आए: यदि आप कुछ कहलवाना चाहते है, तो एक आदमी से बोलिए। यदि आप कुछ करवाना चाहते है, तो एक महिला से बोलिए।

मैं रोटरी की विविधता, समानता और समावेश की मजबूत वकालत का समर्थन करता हूं। हालांकि यह लैंगिक समानता से कहीं आगे है, आइए नेतृत्व की भूमिका निभाने में महिलाओं को अवसर देकर शुरुआत करें।

जैसा कि जोनाथन शिलर ने कहा: महिलाओं का सम्मान कीजिये! वे हमारे सांसारिक जीवन में स्वर्गीय गुलाबों को बुनती एवं गूंथती है।

गुलाम ए वाहनवटी
ट्रस्टी, द रोटरी फौउंडेशन

मुश्किल रूपी नींबू को शिकंजी में बदलने की कला

पिछले जून, रोटरी ने अपना पहला आभासी सम्मेलन आयोजित किया, जो बड़ी सफलता के साथ निपटा था। सात दिनों तक, 60,000 से अधिक उपस्थित श्रोताओं ने विभिन्न प्रकार के मुख्य वक्ताओं की बातें सुनी, और कम से कम 75,000 दर्शकों ने एक या अधिक सामान्य सत्रों को देखा जो आठ भाषाओं में यू-ट्यूब पर सीधे प्रसारित किए गए थे। जुलाई में आयोजित घटनाओं के साथ ब्रेकआउट सत्रों का रोस्टर नाटकीय रूप से आगे बढ़ाया गया था। और जून की दूसरी छमाही में, जब अधिवेशन हुआ, तब रोटरी फाउंडेशन को लगभग दस लाख डॉलर दान किया गया था । रोटरी ने इसे अनुकूलित किया और ऐसा करके, पहले से कहीं अधिक सदस्यों को शामिल करने का एक तरीका ढूंढा।

जनवरी में, रो ई निदेशक मंडल ने 2021 के 'रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन' को एक आभासी आयोजन में बदलने के लिए मुश्किल लेकिन विवेकपूर्ण निर्णय लिया। रो ई के महासचिव जॉन ह्यूको ने कहा, "एक ऐसे संगठन के रूप में जो पोलियो और अन्य रोकथाम योग्य बीमारियों को समाप्त करने में सबसे आगे रही है, हमारे पास कोविड-19 के खतरे को कम करने के बारे में स्पष्ट जिम्मेदारियां हैं।"

यह निर्णय वर्तमान में चल रहे संकट के जवाब में लिया गया था, लेकिन रोटरी इस बदलाव को एक अवसर के रूप में इस्तेमाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। 12 से 16 जून को आयोजित होनेवाली 'वर्चुअल रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन, 2021', उन रोटरी सदस्यों के लिए एक अवसर खोलेगी जो प्रत्यक्ष रूप से इस आयोजन में भाग लेने में सक्षम नहीं हो पाते। वर्चुअल या आभासी अनुभव प्रतिभागियों के सामने एक नए तरीके की पेशकश करने के लिए दुनिया भर के रोटरी सदस्यों को संलग्न करने के मकसद से तैयार किया जा रहा है। इसके ज़रिये आप जहां भी हों, जून में आप वर्चुअल रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन का हिस्सा हो सकते हैं।

convention.rotary.org पर आभासी सम्मेलन के बारे में जानकारी पाएँ।

Rotary PEOPLE OF ACTION

100 युवा ब्यूटीशियनों को प्रशिक्षित कर रो ई मंडल 3232 उनकी ज़िंदगी में बदलाव लाता है

जयश्री

वैक्सिंग पर पाठ।

इस वर्ष जून माह के अंत में सौ युवा लडकियां प्रशिक्षित हो ब्यूटीशियन बन कर तैयार हो जाएंगी, इस के लिए रो ई मंडल 3232 की महिला सशक्तिकरण समिति, *धृति* धन्यवाद की पात्र है। इन में से 20 ने, जो मूक और बधिर हैं, हाल ही में अपना पाठ्यक्रम पूर्ण कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। समिति के *प्रोजेक्ट सुंदरी* के तहत प्रशिक्षित किए जाने वाले पाँच बैचों में से यह तीसरा बैच है। ''हम उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए उन्हें कुशल बनाना चाहते थे'', इसकी अध्यक्ष शारदा सुंदरम कहती हैं, ''हम उनके लिए स्व-रोजगार और नौकरी की व्यवस्थ ा भी करते हैं।''

इस टीम ने नेचुरल्स ट्रेनिंग अकेडमी के साथ मिल कर ये कार्यक्रम शुरू किया जिनकी ब्यूटी सैलून पार्लर की चेन पूरे तमिलनाडु में फ़ैली हुई है। उन्होंने बताया कि इसकी फाउंडर वीणा कुमारवेल ने इन के लिए यह पाठ्क्रम काफी रियायती दरों पर, ₹50,000 की अपेक्षा केवल ₹10,000 में उपलब्ध करवाया है और उन्हें नौकरी का आश्वासन भी दिया है। गरीब परिवारों से आई इन प्रशिक्षुओं की फीस की व्यवस्था मंडल के 40 क्लबों के सहयोग से की जाती है। पीडीजी बोजा शेट्टी, पीडीजी रेखा शेट्टी के पिता की स्मृति में उनके ट्रस्ट के माध्यम से पहला बैच रोटरी क्लब मद्रास वेस्ट द्वारा प्रायोजित किया गया था। बाद के बैचों में रोटरी क्लब मद्रास ने पांच और रोटरी क्लब अम्बत्तूर ने आठ लड़कियों को प्रायोजित किया था।

मेरा सपना है की *सुंदरी परियोजना* को उपमहाद्वीप में हर मंडल तक पहुँचाना है, WE टीम की मेंटर रेखा का कहना हैं। रेखा के क्लब, रोटरी क्लब मद्रास टेम्पल सिटी ने पांच साल पहले महिला कैदियों को ब्यूटिशियन प्रशिक्षण दिया था।

''जब मुझे धृति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया तो मैंने सिर्फ 20 लड़कियों को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई थी, लेकिन डीजी मुत्तुपलनियप्पन और पीडीजी रेखा

शेट्टी ने मुझे प्रेरित किया और ये संख्या बढ़ाकर 100 कर दी। अभी तक का ये सफर शानदार रहा है और इस साल के अंत तक, 100 लड़कियों को रोजगार मिल जाएगा'', वह मुस्कुराईं। बेशक, आखिरी बैच को ले कर वो बहुत उत्साहित हैं।

शारीरिक रूप से अक्षम लड़कियों को प्रशिक्षित करने का विचार उन्हें कई वर्ष पूर्व आया था, जब वह एक ब्यूटी पार्लर गई थीं, ''जिसकी मालिक यमुना ने दो ऐसी ही लड़कियों, प्रीति और थंगम को काम पर रखा था। वे बहुत सावधानी के साथ फेशियल, पेडीक्योर और सिर की मालिश करती थीं। यमुना ने उनकी शादी करवाने में भी मदद की थी। उसकी कही हुई बात मेरे ज़ेहन में काफी अरसे तक रही: उनके लिए वर खोजना आसान था क्योंकि वे नौकरी पेशा थी। उनसे शादी करने के लिए पुरुष इसलिए तैयार थे क्योंकि वे उनके ऊपर बोझ नहीं बनतीं । इसलिए आज जब मुझे युवा लड़कियों और महिलाओं को सशक्त करने का मौका मिला, तो मैंने इसे तुरंत लपक लिया।''

दूसरे बैच की लड़कियां स्नातक हैं। पाठ्यक्रम के लिए उनका चयन उनकी योग्यता और परिवार की आर्थिक स्थिति के आधार पर किया गया है। सौंदर्य प्रसाधनों की पैकिंग पर लिखे निर्देशों को पढ़ने और समझने के लिए बुनियादी अंग्रेजी का ज्ञान अनिवार्य है। पैकेज में त्वचा और बालों की देखभाल, सौंदर्य रख-रखाव और दुल्हन से सम्बंधित मूल बातें शामिल हैं, जिसमें अध्ययनकक्ष में 30 दिनों की गहन पढ़ाई, 15 दिनों का प्रशिक्षण और फिर योग्यता साबित करने के लिए एक परीक्षा इस पाठ्यक्रम में शामिल है।

वर्तमान बैच में बी कॉम अंतिम वर्ष की स्नातक, लावण्या, पूरे उत्साह से सांकेतिक भाषा में बताती है कि वह जल्द ही पार्लर

विजयलक्ष्मी भाषण और श्रवण-बाधित छात्रों के साथ बातचीत करती हुई।

में इंटर्नशिप करेगी। ''लगभग सभी लड़कियां इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर रही हैं। ट्रेनर विमला कहती हैं कि उनमें से कुछ कॉलेज खत्म करने के बाद शामिल होंगी।''

कॉलेज की शारीरिक शिक्षक विजयलक्ष्मी, अकादमी में छात्रों के इस बैच के साथ प्रशिक्षकों का सामंजस्य और तालमेल बिठाने में उनकी सहायता करती हैं। प्रशिक्षुओं को ₹7,000 की छात्रवृत्ति दी जाती है। प्रशिक्षण की अवधि दो महीने की है और छात्रवृत्ति के तीन स्तर हैं और हर स्तर को उत्तीर्ण करने के बाद इसमें वृद्धि हो जाती है, पाठ्यक्रम समन्वयक रजनी कहती हैं। ''अब से कुछ महीने बाद, वे एडवांस कोर्स करने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम हो जाएंगी फिर उन्हें मुड़ कर देखने की ज़रुरत नहीं होगी ।अन्ततः, लड़कियां आत्म निर्भर हो जाएँगी और खुद के पार्लर भी खोल सकती हैं। वो आगे कहती हैं, आजकल ब्राइडल मेकअप की मांग सबसे ज़्यादा है जिससे उन्हें मोटी आमदनी होती है।

कोविड की वजह से हुए लॉकडाउन में मिली छूट 20 लड़कियों के पहले बैच के लिए एक ईश्वर का वरदान रही है। वे सभी युवतियां घर-घर जा कर सेवा देती हैं क्योंकि लोग सैलून

छात्रों के साथ पाठ्यक्रम समन्वयक रजनी बाला (बाएं) और प्रशिक्षक विमला एस (दाएं)।

एक प्रशिक्षक सत्र।

जाने में हिचकिचा रहे हैं। एक प्रशिक्षु, मीरा कहती है कि वह हर महीने ₹20,000 कमाती है और एक घर से औसतन ₹3,000।

"रोटरी में, हमें हमेशा बड़े प्रभावशाली प्रोजेक्ट्स करने के बारे में सोचना चाहिए। भारत में कॉस्मेटिक उद्योग एक बिलियन डॉलर का उद्योग है और यह तेजी से बढ़ रहा है। यह व्यावसायिक प्रशिक्षण उन्हें उद्यमी बनने या सक्षम रोजगार प्रथ्य करने में उनकी मदद करेगा," डीजी एस मुत्तुपलनियप्पन कहते है।

व्यावहारिक व्हाट्सएप ग्रुप

शारदा ने अपने व्यवसाय को बढ़ाने या विचारों को आपस में साझा करने के लिए 300 महिला रोटेरियन, एन्स और रोटरेक्टरों के एक व्हाट्सएप समूह WE-Jiti (मतलब सफलता) का गठन किया है। ''यह ग्रुप सितंबर में बनाया गया था और तब से ज़बरदस्त कारोबार कर रहा है'', वह कहती है। अचार और स्नैक्स से लेकर ज्वैलरी, एक्सेसरीज़, परिधान और यहां तक कि बिंदी तक, हमारे पास सब कुछ है। एक रोटेरियन की पत्नी, विद्या, अपने घर के बने आर्गेनिक काजल, लिपस्टिक, लिप बाम और लिप्सक्रब का व्यापार करती हैं जो फ़टाफ़ट बिक जाते हैं। मानसिक स्वास्थ्य और पॉक्सो क़ानून (POCSO -ACT) के बारे में जागरूकता के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इस समूह ने क्राउडफंडिंग के माध्यम से दो लड़कियों को प्रायोजित किया है।

अभिनव और ऊर्जा से भरपूर इस टीम ने अब तक 80 छात्राओं के लिए धन की व्यवस्था करने में सहायता की है और 20 लड़कियों के अंतिम बैच के प्रायोजक के लिए हम निसान और कारबोरंडम यूनिवर्सल से सीएसआर फंड उपलब्ध करवाने का प्रयास कर रहे हैं। यदि ये संभव नहीं हो पाया, तो प्लान बी के तहत हम इसकी व्यवस्था डिस्टिक्ट ग्रांट के माध्यम से करेंगे, महिला सशक्तिकरण समिति की अध्यक्ष कहती हैं। ■

प्रभावशाली परियोजनाएं करने के लिए आगे बढ़ें: RIPE शेखर मेहता

वी मुत्तुकुमारन

सदस्यता में वृद्धि करके एवं 4-5 क्लबों को एक साथ जोड़कर प्रभावशाली परियोजनाएं करके रोटरी को और अधिक करने हेतु आगे बढ़ाएं, RIPE शेखर मेहता ने रोटरी क्लब बंगियो समर कैपिटल, रो ई मंडल 3790, फिलीपींस, द्वारा सिनर्जी रोटरी फ्रेंडशिप अलाइअन्स के साथ साझेदारी में आयोजित किए गए वेलेंटाइन्स डे आभासी कार्यक्रम में कहा।

एशियाई देशों के 400 रोटरी नेतृत्वकर्ताओं की एक विविध सभा को संबोधित करते हुए, मेहता ने कहा, सपने उन्मादी सोच और विचारों से बने होते है। हम 17 साल में जो हासिल नहीं कर सकें उसे हम अगले 17 महीनों में प्राप्त कर सकते है मतलब सदस्यता को बढ़ाकर 1.3 मिलियन करना। इस संदेश के साथ अपने क्लबों में वापस जाएं - 'Each on bring one?'; यह लक्ष्य वास्तव में प्राप्त करने योग्य है। रोटेरियन चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भी अवसरों की तलाश करते है और एक तरह से, ''यह महामारी सदस्यता में वृद्धि करने हेतु हमारे लिए एक उपहार है'', उन्होंने कहा। आवश्यकता सभी आविष्कारों की जननी है, और जहाँ पोलियो और इबोला के लिए टीके विकसित करने में दशकों लगे, वहीं हमने केवल नौ महीनों में कोविड का टीका विकसित कर लिया। महामारी के दौरान क्लबों को आभासी बैठकों के माध्यम से अपने सदस्यों से जुड़ना चाहिए और हमारे पास मिश्रित क्लब भी हो सकते है जो अपने सदस्यों के साथ व्यक्तिगत और आभासी दोनों तरह की ही बैठकें करते हो, उन्होंने कहा।

प्रभावशाली परियोजनाएं

25 की उम्र में रोटरी में शामिल होने के बाद, ''मैं वाकई में 2,500 बाल हृदय चिकित्सा सर्जरी में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने के लिए धन्य हूँ, वहीं पूरे भारत में, रोटरी क्लब गरीब बच्चों के लिए लगभग 20,000 सर्जरी कर चुके होंगे'', उन्होंने कहा, और अपने गृह क्लब, रोटरी क्लब कलकत्ता महानगर द्वारा हाल ही में तीन अफगानी बच्चों की दिल की सर्जरी प्रायोजित करने के प्रयासों पर रोशनी डाली, वहीं अफ्रीका में एक और बच्चा इसी प्रतीक्षा में है।

कृत्रिम अंग प्रदान करने, लिंग-पृथक शौचालयों का निर्माण, साक्षरता कार्यक्रम, दूर-दराज के गांवों में जल एवं स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने के वैश्विक अनुदानों ने समस्त भारत के हजारों लाभार्थियों को गरिमा एवं आत्म-सम्मान दिलाने के साथ-साथ उनकी आजीविका में भी सुधार किया है, उन्होंने कहा।

रोटरी भारत साक्षरता मिशन के माध्यम से, 115 मिलियन से अधिक बच्चों को अब रोटरी के दृश्य-श्रव्य कार्यक्रम तक दैनिक पहुँच मिल गई है। मेहता ने कहा कि ''नेपाल सरकार के साथ ई-लर्निंग कार्यक्रम को दोहराने के लिए बातचीत चल रही है'' और उन्होंने रोटेरियनों से बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफ्रीकी देशों में भी ऐसी ही पहल करने का आग्रह किया। ''एक अफ्रीकी देश जल्द ही एक प्रायोगिक परियोजना के साथ हमारे ई-लर्निंग कार्यक्रम को अपनाएगा जिसके लिए मैं उनके शिक्षा मंत्री के साथ बातचीत कर रहा हूं'', उन्होंने सूचना दी।

बालिकाओं को सशक्त बनाना

जहाँ भारत में प्राथमिक स्कूलों में नामांकन अनुपात 96 प्रतिशत है, वहीं जब तक बच्चे कक्षा 10 तक पहुंचते है, तब तक स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की दर 50 प्रतिशत तक पहुंच जाती है, जिसमें लड़कियों की संख्या अधिक होती है। लड़कियों को सशक्त बनाने के अन्य तरीकों पर एक प्रतिनिधि के सवाल का जवाब देते हुए, मेहता ने कहा, ''रोटरी क्लब स्कूल छोड़ चुकी लड़कियों को वापस लाने हेतु ब्रिज कोर्स, निशुल्क ट्यूशन प्रदान करने, उन्हें साइकिलें, सोलर लालटेन दान करके पढ़ाई में सुविधा प्रदान करने जैसी पहल कर सकते है, और तो और उन्हें स्कूलों में आत्मरक्षा की तकनीक भी सिखाई जा सकती है।'' उन्होंने सुझाव दिया कि लड़कियों को पर्यावरण के अनुकूल पुन: उपयोग किए जा सकने वाले सैनिटरी नैपकिन वितरित किए जा सकते है और जरूरतमंदों के लिए एक परामर्श हेल्पलाइन की व्यवस्था की जा सकती है ताकि उन्हें स्कूलों में वापस लाया जा सकें। रोटरेक्टरों के लिए आयु में छूट के साथ, हम निकट भविष्य में रोटरी और रोटरेक्ट क्लब दोनों की संयुक्त सदस्यता के बारे में विचार कर सकते है, उन्होंने कहा।

जैसा कि रो ई मंडल द्वारा निर्णय लिया गया था कि कोविड टीकाकरण के लिए कोई धन राशी एकत्रित नहीं की जाएगी वहीं, रोटरी क्लब स्थानीय सरकारों के साथ हाथ मिलाकर कोविड के लिए समर्थन कार्य कर सकते है। कोरिया से टीआरएफ न्यासी सांग कू यूं, RIDE ए एस वेंकटेश, डीजी जीसस समा, रो ई मंडल 3790, पीडीजी रोलैंडो विलान्यूवा, फिलीपींस और ASEAN मंडलों के पीडीजी बैठक में उपस्थित थे।■

कोविड के बाद 11 मिलियन लड़कियां शायद स्कूलों नहीं लौट सकें

रशीदा भगत

कोविड -19 ने हमारी दुनिया में हर तरह के डर पैदा कर दिए हैं। लेकिन सबसे भयंकर आघात की संभावना इस छोटे से वाइरस की वजह से है जहां स्कूली शिक्षा में आये अप्रत्याशित व्यवधान के कारण इस साल शायद 11 मिलियन लड़कियां कभी स्कूलों में नहीं लौट सकें, भारत की राष्ट्र प्रमुख, यास्मीन अली हख ने रोटरी जोन इंस्टीट्यूट - ओडिसी को संबोधित करते हुए ये संशय व्यक्त किया। ये आकलन यूनेस्को द्वारा किया गया था।

'बालिका शिक्षा- एकमात्र समाधान' विषय पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि ''लड़कियों की शिक्षालड़कियों को स्कूल में दाखिल करने से कहीं ज़्यादा है। यह उन्हें एक ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाने से भी सम्बंधित है जहां लड़कियां सीखती हैं और सुरक्षित भी महसूस करती हैं। एक ऐसा वातावरण जो शिक्षा तक पहुँचने और उसे पूर्ण करने का अवसर दे और साथ ही इस बदलते सामाजिक आर्थिक परिवेश के अनुसार जीवन यापन के लिए नये कौशल सिखाये।'' यह लड़कियों और युवा महिलाओं को अपनी ज़िंदगी का निर्णय खुद लेने के साथ समाज में और इससे बाहर अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में योगदान करने के लिए उन्हें सक्षम करने से भी सम्बंधित है।

यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कि हर लड़की और लड़के को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए, उन्होंने कहा ''कोविड-19 द्वारा बर्बाद इस दुनिया में ये और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। कोविड महामारी से पहले भी, भारत में 30 मिलियन बच्चे स्कूल नहीं जाते थे। संभवतः जिनमें किशोर लड़कियों का प्रतिशत 40 है।''

इसके अलावा, यास्मीन ने कहा, आंकड़ों से उजागर हुआ है कि एक लड़की स्कूल में औसतन 4.4 वर्ष ही पढ़ती है अपेक्षाकृत लड़कों के जो स्कूल में 7 साल पढ़ते हैं। यह फर्क लैंगिक समानता में, दशकों से किये जा रहे प्रयासों पर मंडरा रहे खतरे की ओर इशारा करता है और दुनिया भर की लड़कियों को किशोर अवस्था में गर्भधारण, कम उम्र में जबरन शादी और हिंसा के जोखिम की ओर धकेलता है।

और जैसा कि हम सभी जानते हैं, भारत में, बाल विवाह के मामले सबसे ज़्यादा पाए जाते हैं और इस महामारी के कारण इसमें वृद्धि होने की संभावना

यास्मीन अली हख, UNICEF, राष्ट्र प्रमुख, भारत

है। ''2019 की तुलना में जून और जुलाई 2020 में सिर्फ चाइल्ड लाइन इंडिया (फाउंडेशन) पर ही लड़कियों की कम उम्र में शादी सम्बन्धी कॉल्स 17 प्रतिशत बढ़ गई थीं। कई लड़कियों के लिए, स्कूल उज्जवल भविष्य की कुंजी से कहीं अधिक मायने रखता है। यह उनके जीवन की ड़ोर है, हालांकि बहुत महीन है, नाजुक है।''

डिजिटल लैंगिक विभाजन

एक और चिंता व्यक्त करते हुए यूनिसेफ की भारत प्रमुख ने 'डिजिटल लैंगिक विभाजन' का मुद्दा उठाया, जिसका खुलासा इस महामारी के दौरान हुआ था। ''महामारी के दौरान गावों और दूर दराज के क्षेत्रों में शिक्षा के लिए उठाये गए प्रयासों में लड़कियों को अधिक बाधाएं आईं हैं। भारत में पुरुष और महिलाओं द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल में भी 50 फीसदी का अंतर है, जहां 42 फीसदी पुरुषों की अपेक्षा केवल 21 फीसदी महिलाएं ही मोबाइल फोन का उपयोग करती हैं।''

टेक्नोलॉजी तक उन की पहुंच कम होने के कारण, डिजिटल पढ़ाई, लड़कियों को शिक्षा से और दूर कर देगी और वर्तमान में पढ़ाई में आ रही रुकावटें और शैक्षिक असमानता की खाई और बढ़ेगी जिसके फलस्वरूप शिक्षा में लैंगिक असमानता का अनुपात

भी अधिक बढ़ेगा। ''तकनीकी पहुंच में लड़कों की तुलना में लड़कियों से अधिक पक्षपात किया जाएगा, उनके कन्धों पर घर के काम का बोझ डाला जाएगा और जल्दी शादी कर दी जाएगी। उपेक्षित और वंचित समाज की लड़कियों को शिक्षा तक पहुँचने में तो और भी अधिक पक्षपात का सामना करना पड़ता है।'' इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि जो लडकियां शिक्षित हो जाती हैं कम उम्र में उनके विवाह की संभावना घट जाती है, वे अर्थव्यवस्था और समाज में योगदान देती हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर आजीविका की जिम्मेदारियां भी साझा करती हैं।

सशक्त और संपन्न समाज एक वास्तविकता तभी बन सकता है जहां पुरुष और स्त्री दोनों को अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करने के लिए समान अवसर मिलते हों। चुनौतियों भरी इस दुनिया का सामना करने के लिए सक्षम बच्चों को तैयार करने में शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि मार्च 2020 में स्कूल बंद होने के कारण, यूनिसेफ ने अध्ययन क्षमता में निरंतरता बनाये रखने और इसे सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर वित्तीय और तकनीकी सहायता

टेक्नोलॉजी तक उन की पहुंच कम होने के कारण, डिजिटल पढ़ाई, लड़कियों को शिक्षा से और दूर कर देगी और वर्तमान में पढ़ाई में आ रही रुकावटें और शैक्षिक असमानता की खाई और बढ़ेगी जिसके फलस्वरूप शिक्षा में लैंगिक असमानता का अनुपात भी अधिक बढ़ेगा।

उपलब्ध करवाई और स्कूलों को पुनः खोलने की योजना बनाई। ''जिसकी वजह से 17 राज्यों में 59 मिलियन बच्चे, जिसमें 49 प्रतिशत लडकियां हैं, दूरवर्ती इलाकों में शिक्षा के अवसरों का लाभ उठा पाए, जो तकनीक रहित, निम्न तकनीक वाले और उच्च तकनीक वाले क्षेत्र हैं।'' यूनिसेफ शिक्षकों को प्रशिक्षित करने पर भी काम कर रहा है।

पांच राज्यों में शुरु किये गए जीवन कौशल मापदंडों के प्रयोग के अलावा, कई राज्य सरकारों द्वारा एक कैरियर मार्गदर्शन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जिसकी सहायता से 17 मिलियन से अधिक लड़कियों और लड़कों को उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति, कौशल विकास कार्यक्रम, इंटर्नशिप और एप्रेन्टिसशिप के अवसर प्राप्त हुए हैं।

अंत में, यास्मीन ने कहा कि स्कूल बंद रहने के दौरान भी लड़कियों की शिक्षा जारी रह सके इसके लिए निरंतर प्रयास करने होंगे, प्रौद्योगिकी और तकनीक तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करनी होगी। हमें यह भी निश्चित करना होगा कि लड़कियों को उनकी सुविधानुसार सीखने के अवसर मिलें।

लड़कियों की स्कूल फीस कम करने की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि ''स्कूलों को फिर से खोलने की सभी योजनाएँ दोनों वर्गों के अनुकूल होनी चाहियें और लडकियां स्कूलों में पुनः लौट सकें इसके लिए एक सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना चाहिये। हमें शिक्षकों और माता-पिता दोनों को समझाना होगा ताकि वे पक्षपात ख़त्म करें और लड़कियों की कम उम्र में शादी की प्रथा समाप्त करें।'' ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

दिल्ली में ऑटोरिक्शों के लिए कोविद संरक्षण टूलकिट

टीम रोटरी न्यूज़

दिल्ली में तिपहिया वाहनों में यात्रा करते समय यात्रियों को कोरोनावायरस से बचाने के लिए ऑटोरिक्शा चालकों को कॉविड प्रोटेक्शन किट भेंट की गई। मरिक्शा में सुरक्षाफ शीर्षक के तहत रो ई मंडल 3011 के 'रोटरी क्लब दिल्ली मुस्कान पुनर्स्थापना' द्वारा मेगा अभियान का शुभारंभ दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने किया।

इस परियोजना को दिल्ली क्षेत्र की एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा सीएसआर सहायता के तहत पूरा किया गया था।

इस अवसर पर डीजी संजीव राय मेहरा ने कहा कि यह परियोजना लोगोंड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली भर के ऑटो में सुझावित कोविड स्वच्छता उपकरण स्थापित करेगी। उन्होंने

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और SBI लाइफ बीमा क्षेत्रीय निदेशक राजीव श्रीवास्तव एक ऑटोरिक्शा चालक को प्रमाण पत्र देते हुए। चित्र में डीजी संजीव रायमेहरा भी शामिल हैं।

कहा, ''हम ड्राइवरों को पेडल स्टैंड, मास्क, सैनिटाइजर्स, दस्ताने और अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण दे रहे हैं।'' इस परियोजना से रोटरी की सार्वजनिक छवि बढ़ेगी क्योंकि वाहनों पर रोटरी का लोगो लगा होगा और टूलकिट यात्रियों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करेंगी। ■



District Wise TRF Contributions as on February 2021

(in US Dollars)

District Number	Annual Fund	PolioPlus Fund	Endowment Fund	Other Funds	Total Contributions
		India			
2981	65,822	4,740	12,128	0	82,690
2982	28,217	16,283	20,770	46,513	111,783
3000	55,163	24,146	20	14,912	94,241
3011	57,555	10,571	40,653	187,479	296,258
3012	12,600	2,480	0	8,532	23,612
3020	156,098	57,171	32,000	2,726	247,994
3030	42,397	2,284	25,743	143,546	213,971
3040	4,087	240	0	35,137	39,463
3053	10,083	3,370	0	101,412	114,865
3054	73,826	3,476	0	367,580	444,882
3060	53,816	91	75,405	139,546	268,858
3070	32,884	897	0	43,938	77,719
3080	50,550	12,886	0	(20,261)	43,175
3090	32,899	500	0	(736)	32,663
3100	56,195	252	0	14,667	71,114
3110	27,685	200	0	0	27,885
3120	6,588	1,769	0	8,913	17,270
3131	116,667	41,214	109,000	585,354	852,235
3132	19,133	2,615	5,000	6,451	33,198
3141	384,611	43,158	95,568	1,037,496	1,560,832
3142	194,364	22,968	101	3,001	220,435
3150	101,346	9,820	147,720	34,357	293,243
3160	20,779	8,367	16	0	29,162
3170	33,479	23,421	1,240	168,514	226,654
3181	47,967	4,331	0	7,050	59,348
3182	65,325	4,312	0	16,207	85,844
3190	129,944	65,779	25,000	145,853	366,576
3201	95,196	29,862	0	237,336	362,394
3202	43,832	23,148	8,468	21,623	97,072
3211	13,171	3,441	0	135,841	152,453
3212	16,300	45,644	14	108,733	170,691
3231	443	437	0	20,685	21,565
3232	28,454	35,805	2,000	744,390	810,649
3240	96,810	24,375	0	49,328	170,513
3250	37,358	4,414	0	3,773	45,546
3261	85,109	1,108	0	7,360	93,577
3262	26,712	2,699	0	0	29,411
3291	42,121	7,561	14,258	57,536	121,476
India Total	**2,365,587**	**545,833**	**615,106**	**4,484,792**	**8,011,318**
3220 Sri Lanka	142,353	19,792	26,000	15,435	203,581
3271 Pakistan	8,626	97,291	0	208,347	314,264
3272 Pakistan	64,551	15,281	0	1,168	80,999
3281 Bangladesh	167,534	9,326	29,000	208,964	414,825
3282 Bangladesh	60,144	5,707	0	8,270	74,122
3292 Nepal	253,654	9,317	0	212,393	475,364
South Asia Total	**3,062,449**	**702,548**	**670,106**	**5,139,369**	**9,574,472**

Source: RI South Asia Office

Rotary PEOPLE OF ACTION

रोटरी क्लब पुणे मेट्रो नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए एक स्मार्ट क्लास स्थापित करता है

किरण ज़ेहरा

पिछले साल मार्च में दृष्टिबाधितों के लिए एक स्कूल में स्मार्ट क्लास स्थापित करने की एक बार की परियोजना के रूप में जो शुरू हुआ वो रोटरी क्लब पुणे मेट्रो, रो ई मंडल 3131, के सदस्यों के लिए एक जुनून बन गया। ''हम एनी - दृष्टिबाधित छात्रों को पढ़ने और टाइपिंग सीखने में मदद करने के लिए एक नवीन प्रौद्योगिकी आधारित समाधान - नामक उपकरण की मदद से ऐसे और अधिक स्कूलों की ओर देख रहे है जिनकी कक्षाओं को स्मार्ट क्लास में बदला जा सकता है'', क्लब के अध्यक्ष मकरंद फड़के कहते है।

पिछले साल लॉकडाउन लागू होने से ठीक पहले इस क्लब ने पुणे के पास आलंदी के जागृति नेत्रहीन कन्या शाला में 135 छात्रों को ब्रेल सिखाने के लिए यह अभिनव सुविधा स्थापित की थी। फड़के विद्यार्थियों के चेहरे पर झलकने वाले खुशी के भाव को याद करते है। ''यह अनुभव सफल और प्रतिफल देने वाला था और हमारे क्लब ने अन्य स्कूलों में समान सुविधाएं स्थापित करने के अवसरों की तलाश करने का फैसला किया।''

एनी डिवाइस के बारे में उनका कहना है कि यह दुनिया का पहला डिजिटल ब्रेल शिक्षण उपकरण है जिसका नाम हेलेन केलर की शिक्षक एन सुलिवन के नाम पर रखा गया है। ''जैसा कि हम में से बहुत लोग जानते है कि ब्रेल सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत एक लिपि है जिसमें अक्षर उभरे हुए बिंदुओं से बने होते है, जिसे नेत्रहीन लोग अपनी उंगलियों से छूकर महसूस करके पढ़ सकते है।'' ThinKerbell Labs, बेंगलुरु द्वारा विकसित, यह उपकरण सरकार, स्वैच्छिक संगठनों और प्रगतिशील स्कूलों के साथ साझेदारी में नेत्रहीनों के लिए सीखने के केंद्रों और स्कूलों में स्थापित किए गए है।

''जब हमें पुणे के पास स्थित भोसारी के एक स्कूल के बारे में पता चला जिसे पताशीबाई रतनचंद मानव कल्याण ट्रस्ट द्वारा नेत्रहीन बालकों के लिए चलाया जा रहा है तो हमने उस स्कूल का दौरा किया और पाया कि वो ट्रस्ट बालकों को केवल शिक्षा ही प्रदान नहीं करता बल्कि उनके लिए रहने, खाने यूनिफ़ॉर्म और खेल उपकरण, कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं लॉन्ड्री सुविधाओं की भी व्यवस्था करता है।'' फड़के कहते है सबसे अधिक दिल छू लेने वाला पल स्कूल के प्राचार्य पांडुरंग सालुंखे द्वारा किया गया हार्दिक स्वागत का था। ''वह खुद नहीं जानते कि वह स्मार्ट क्लास के विचार से कितने खुश थे। उन्होंने कहा कि यह स्मार्ट क्लास उनके स्कूल में नामांकित 100 विद्यार्थियों की मदद करेगा।''

इस स्कूल के कई पूर्व विद्यार्थियों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त कर ली है और सरकारी कार्यालयों, बैंकों और अन्य संगठनों में काम कर रहे है।

क्लब ने स्कूल में 10 उपकरणों के साथ एक स्मार्ट क्लास स्थापित की। ''प्रत्येक उपकरण की लागत ₹64,000 है और परियोजना संयोजक शोभना परांजपे, रोटेरियन वर्षा दाऊले और एनी स्मार्ट क्लास टीम, जिन्होंने परियोजना की योजना तैयार करने और उसे पूरा करने के लिए लॉकडाउन के दौरान लगभग छह महीने तक अथक परिश्रम किया, की मदद से हम उपकरणों के लिए धन जुटा सके'', अध्यक्ष मुस्कराते है।

जहाँ यह स्कूल दो उपकरणों के निधियन के लिए सहमत था, वहीं रोटरी क्लब शिवाजीनगर ने एक प्रायोजित किया। स्मार्ट क्लास का उद्घाटन डीजीई पंकज शाह ने स्कूल की ट्रस्ट के अध्यक्ष और रोटरी क्लब पूना के चार्टर सदस्य शांतिलाल लुंकड़ के साथ किया। उद्घाटन के समय थिंकरबेल लैब्स में एनी उपकरणों के रचनाकारों में से एक सैफ शेख ने विद्यार्थियों को इस उपकरण का उपयोग करने के अपने अनुभव के बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित किया। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

गंगा नदी के बारे में जानने का मज़ेदार तरीका

रशीदा भगत

रोटरी क्लब इलाहाबाद मिडटाउन ने (रो इ मंडल 3120) उनके शहर में, स्लम में रहने वाले बच्चों को भारत की सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखने के लिए एक विशिष्ट परियोजना की परिकल्पना की - करीब 100 बच्चों को छोटे-छोटे समूह में, राष्ट्र की पहली आधुनिक गंगा गैलरी के भ्रमण पर ले जाने का विचार किया।

2011 में प्रयागराज परिक्षेत्र स्थित नेशनल अकादमी ऑफ़ साइंस के प्रांगण में गैलरी का उदघाटन किया गया था। इस विशिष्ट संग्रहालय में वो सभी वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं जिनसे गंगा के सभी पहलुओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी मिलती है और इसकी विशिष्टताओं पर प्रकाश डालती है। क्लब की अध्यक्ष डॉ दिव्या बरतारिया ने बताया, इन्डीअ (NASI) हमारा मुख्य उद्देश्य इन बच्चों को विरासत में मिली धरोहर से अवगत कराना है, जिसे कई कारणों से सड़ने के लिए छोड़ दिया गया था, इसका मुख्य कारण ये है की अभी भी हम अपनी राष्ट्रीय धरोहर का सम्मान और उस पर गर्व नहीं करते है।''

क्लब के सदस्यों से हुई बातचीत में, NASI के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ नीरज ने कहा कि ''हालांकि सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय कारणों से गंगा का विशेष महत्व है और इस पर संकट

एक क्लब सदस्य के घर पर शानदार भोजन का आननंद लेते बच्चें।

के बादल मंडरा रहे हैं जिसकी सीधी वजह है गंगा में भारी मात्रा में प्रवाहित किये जाने वाले रासायनिक और प्रदूषक तत्व जो हर साल बढ़ते जा रहे हैं।'' इसलिए NASI की परिषद ने निर्णय किया कि गंगा के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु गंगा गैलरी की स्थापना की जाए जिसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इसके, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामजिक और आर्थिक आयामों का प्रदर्शन किया गया हो।

अब, बच्चों को उनके घर से गंगा गैलरी तक लाने ले जाने की व्यवस्था रोटरी क्लब को करनी थी। तभी क्लब के एक नेक दिल सदस्य अरुण बग्गा आगे आये और बच्चों के लिए अपनी मारुती कैब बिलकुल मुफ्त उपलब्ध करवा दी, कैब पर

बच्चें गंगा गैलरी में गंगा नदी के विभिन्न पहलुओं को सीखते हुए।

उसका बिकुल सही नाम लिखा था 'ब्लेस्सिंग्स'। इस नेक काम के लिए कैब देना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी, उन्होंने कहा। इसकी सफलता और बच्चों की रूचि और आनंद को

देख कर उन्होंने दिव्या और क्लब के अन्य सदस्यों के साथ मिल कर इस परियोजना को जारी रखने का विचार किया ताकि अधिक से अधिक बच्चे इस गैलेरी को देखें और लाभान्वित हो सकें।

बच्चों को समूह में म्यूजियम ले जा कर जब हमारी धरोहर की संभाल करने और उसकी विरासत का लाभ उठाने के बारे में बताया गया तो गौ घाट के स्लम में रहने वाली 12 वीं कक्षा की छात्रा प्रीति ने अपनी खुशी दो तरह से जाहिर की, पहली तो कोविड के दौरान इतनी बढ़िया जगह पिकनिक मनाने का मौक़ा मिला और दूसरी ये कि, जिस गंगा को वो महत्त्व नहीं देते थे और बेकार समझते थे, उस गंगा के बारे में इतनी सारी जानकारी मिली। गैलरी देखने के बाद बच्चों के प्रत्येक समूह को रोटेरियनों के घर ले जाया जाता जहां उन्हें स्वादिष्ट भोजन के साथ उपहार भी दिया जाता था।

भारती ने आगे कहा, ''इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ना वाकई मजेदार अनुभव रहा। सर्दियों में बाहर पिकनिक मनाने के साथ में रोटेरियन परिवारों के साथ मुलाक़ात का अनुभव भी ज़बरदस्त रहा।'' सभी बच्चों ने प्रकृति के बारे में जानकारी ली, नाश्ता किया और खेल का मज़ा लिया साथ ही आपस में अपने अनुभव भी साझा किये, कुल मिला कर उन्हें खूब आनंद आया, अध्यक्ष दिव्या ने जोड़ा, ''और इस दौरान हम सब ने भी बहुत कुछ सीखा।

NASI की समन्वयक और गाइड, मीरा शुक्ला ने स्पष्टतः कहा, ''हालांकि बच्चे यहां के वैज्ञानिक तथ्यों और इसके सभी पहलुओं के सम्बन्ध में ज़्यादा नहीं समझ पाए लेकिन कई विषयों के बारे में उनकी जिज्ञासा देख कर अच्छा लगा। उनके सवाल नदी से सम्बंधित थे और उन तथ्यों के बारे में समझने की कोशिश कर रहे थे जिन्हें वो पहले से नहीं जानते थे।''

खैर, इस भ्रमण के दौरान हुए व्यवहारिक अनुभव को ले कर बच्चे बहुत उत्साहित थे जहां ग्राफिकल प्रेजेंटेशन के माध्यम से गंगा से सम्बंधित सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया गया है। पवित्र गंगा के उद्गम, इस की यात्रा से जुडी किंवदंतियाँ, मिथक के बारे में प्राकृतिक दृश्यों, संकेतकों, प्रतिमाओं, जीवंत मॉडल और मल्टीमीडिया ग्राफ़िक्स और डिज़ाइन के माध्यम से विस्तार से बताया गया है, जिसने बच्चों के भीतर रूचि जाग्रत कर दी।

सोशल डिस्टेंसिंग यानी सामाजिक दूरी से सम्बंधित दिशा निर्देश का पालन करते हुए प्रत्येक ट्रिप में 8-18 वर्ष के 6-7 बच्चे जाते थे। नवंबर में शुरू की गई इस परियोजना के तहत अभी तक 100 बच्चे इस प्रदर्शनी को देख चुके हैं। ■

नए रोटरी मॉडल पर काम किया जा रहा है: बेरी रेसिन

वी मुत्तुकुमारन

आगामी दस वर्षों में रोटरी की एक मजबूत संरचना स्थापित होगी जिसमें वैश्विक मामलों को प्रबंधित करने वाले 45 क्षेत्रीय मंडलों के साथ-साथ मंडल गवर्नर सदस्यता वृद्धि एवं व्यस्तता को प्रोत्साहित करने के लिए क्लबों को प्रेरित करने में समर्थक की भूमिका निभाएंगे, शेपिंग रोटरीज़ फ्यूचर समिति के अध्यक्ष PRIP बेरी रेसिन ने कहा। ''इस पैनल ने संगठन के पुनर्गठन के लिए कुछ दूरगामी बदलावों की अनुशंसा की है, लेकिन हम विकास को बनाए रखने के लिए इन परिवर्तनों को कार्यान्वित करने हेतु सुझाव एवं सहयोग का स्वागत करते है'', उन्होंने कहा।

Synergy Rotary (Friendship Alliance) द्वारा अपने साथी क्लबों में से एक, रोटरी क्लब धुलिखेल, रो ई मंडल 3292, के साथ मासिक रूप से आयोजित की जाने वाली आभासी बैठक को संबोधित करते हुए रेसिन ने कहा कि रोटरी के मुख्य मूल्य वैसे ही रहेंगे, ''लेकिन हम एक ऐसी संरचना तैयार करेंगे जो हमें हमारे द्वारा अभी तक किए गए कार्यों से और अधिक एवं बेहतर ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाएगी। आने वाले वर्षों में, विविधता, निष्पक्षता और समावेशन रोटरी के विस्तार को प्रेरित करेंगे, उन्होंने कहा, और साथ ही 34 जोनों में क्षेत्रीयकरण की इच्छा बढ़ रही है।'' उनकी टीम एक कार्य योजना पर काम कर रही है जो महत्वाकांक्षी रोटेरियनों के नेतृत्व गुणों का पोषण करती हो; उन्होंने कहा कि प्रत्येक ज़ोन में 35,000 की औसत सदस्यता के साथ, रोटरी मूल्यों पर समझौता किए बिना संस्कृति, जनसांख्यिकी और अन्य विशिष्ट विशेषताओं के आधार पर उन्हें वर्गीकृत करने की आवश्यकता है, उन्होंने समझाया।

नवीन संरचना

पिरामिड के निचले स्तर पर मौजूद रोटरी क्लबों को एक लचीली संरचना की आवश्यकता है जो उन्हें अपने सदस्यों के साथ जुड़ने, उनकी आकांक्षाओं पर काम करने और अवरोधन प्रबंधित करने में सक्षम बनाए। नए संचालन मॉडल पर काम किया जा रहा है जिसमें ज़ोर क्लबों पर होगा। ''वर्तमान में क्लब और रो ई के बीच एक अलगाव है क्योंकि उनमें से अधिकतर हमारे रणनीतिक लक्ष्यों एवं प्राथमिकताओं को नहीं जानते हैं। मंडल गवर्नरों के लिए दीर्घकालिक परिवर्तनों का अध्ययन किया जा रहा है। अगले छह वर्षों में, कुछ मॉडलों को यह देखने के लिए आजमाया जाएगा कि वे विभिन्न क्षेत्रों में कैसे काम करते है, उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया से ब्रिटेन और अमेरिका में। उनके परिणामों को मापने के बाद, हम अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप इसे आगे बढ़ाएंगे।''

खूबी और कौशल क्षेत्रीय बोर्ड के सदस्यों का चयन करने के एकमात्र मानदंड होंगे, और ''उनके पास अपना कार्यालय हो सकता है, यहां तक कि वेतनभोगी कर्मचारियों के साथ भी, परंतु अतिरिक्त बकाया के रूप में क्लबों पर बोझ डाले बिना।'' उन्होंने कहा कि और 10 साल के भीतर, रो ई बोर्ड एवं टीआरएफ न्यासियों के सदस्यों में विविधता एवं निष्पक्षता प्रतिबिंबित होनी चाहिए।

रोटरेकटर रोटरी में एक अलग प्रकार की गतिशीलता एवं उत्साह भरते है और ''अब उन्हें रोटेरियनों के समान ही समझा जाता है।'' जबकि रोटरेक्ट एवं रोटरी क्लबों को एक साथ काम करने की आवश्यकता होती है, यह बात भी महत्वपूर्ण है कि रोटरेकटर अपनी पहचान खो न दें। ''निश्चित रूप से उम्र में छूट के साथ, उनका जब मन हो वे रोटरी क्लबों में शामिल हो सकते है।''

कनाडा के टीआरएफ ट्रस्टी डीन रोहर्स ने कहा, ''हमनें अभी एक प्राथमिक योजना तैयार की है, जिसे रोटेरियनों के सुझावों एवं सहयोग के आधार पर समायोजित करने की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा कि आभासी मंचों के दुनिया में व्यापक स्तर पर फैले होने के कारण, रोटरी को संचालन के नए लचीले प्रारूपों का निर्माण करके विकास के उभरते हुए नए अवसरों के अनुकूल होने की जरूरत है।

डीजी राजीव पोखरेल, रो ई मंडल 3292, ने कहा कि क्लबों को अपनी सार्वजनिक छवि में वृद्धि करने एवं बड़ी संख्या में पिछले रोटरेकटरों को शामिल करने के लिए प्रभावशाली परियोजनाएं करनी चाहिए। उनका मंडल 103 वैश्विक अनुदान परियोजनाएँ कर रहा है और इस वर्ष ऐसी 27 परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है।

रोटरी क्लब धुलीखेल के अध्यक्ष सुशील बायंजु श्रेष्ठ ने यूरोप और ASEAN देशों के 250 आभासी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। पीडीजी केशव कुंवर, गौरी राजन (श्रीलंका) और सुनील के जचारिया (भारत) ने बात की। RAC काठमांडू यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस की अध्यक्ष रोशनी प्रजापति ने इस कार्यक्रम का समायोजन किया।■



Lakshya
RISING TO CONQUER

मंडल नेतृत्वकर्ताओं को नेतृत्व करने के लिए तैयार करना

जयश्री

हाल ही में तीन दिनों के लिए आभासी मंच पर DGE, DGN और रोटरी कार्यक्षेत्र के आगामी मंडल प्रमुखों के लिए वार्षिक प्रशिक्षण कार्यशाला - लक्ष्य - आयोजित की गई। यह पहला चरण है और दूसरे चरण में सदस्यता, TRF और सार्वजनिक छवि पर अभिविन्यास और लक्ष्य निर्धारण सत्र शामिल होंगे, लक्ष्य के संयोजक कोटबागी ने कहा।

PRIP राजेंद्र साबू, PRIP कल्याण बेनर्जी, PRID अशोक महाजन, PRID पांडुरंगा शेट्टी, PRID सी भास्कर, PRID पीटी प्रभाकर और PRID मनोज देसाई, रो ई निदेशक भरत पांड्या, रो ई निदेशक कमल संघवी, TRF न्यासी गुलाम वाहनवटी, RIPE शेखर मेहता और RIDE महेश कोटबागी एवं RIDE ए एस वेंकटेश जैसे वरिष्ठ रोटरी नेतृत्वकर्ताओं द्वारा साझा किए गए ज्ञान के बाद आगामी मंडल नेतृत्वकर्ताओं के पास कोई सवाल नहीं थे।

PRIP राजेंद्र साबू ने प्रतिनिधियों से अपने साल को शानदार रूप से सफल बनाने और हर संभव तरीकों से लोगों के जीवन को बदलने का एकमात्र लक्ष्य रखने का आग्रह किया। उन्होंने 1978 के रोटरी सम्मेलन को याद किया जब क्लेम रेनॉफ RIPE थे और जिम बॉमर को औपचारिक रूप से रो ई अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया था। "जब मैंने बॉमर को बधाई दी, तो उन्होंने कहा, 'राजा, मेरी पहली जिम्मेदारी क्लेम के वर्ष को सफल बनाने की है।' यही मेरे वर्ष के लिए नींव का काम करेगा।" DGN को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा, "इसी तरह, आपको अपने वर्ष को प्रारंभिक मानते हुए अपने पूर्वाधिकारियों का समर्थन करना होगा।"

"मैं अपने देश के रोटरी नेतृत्व के साथ होने पर खुश हूँ। रोटरी में सेवा का एक उत्कृष्ट, अभिनव वर्ष प्रदान करना ही आपका एकमात्र लक्ष्य होगा। इसे यादगार बनाएं," जल एवं स्वच्छता कार्यक्रमों में PRID सुशील गुप्ता के अपार योगदान को याद करते हुए बेनर्जी ने कहा। उन्होंने नेतृत्वकर्ताओं से पर्यावरण समाधानों पर अतिरिक्त ध्यान देने और बिल गेट्स द्वारा लिखित किताब *How to Avoid a Disaster* पढ़ने की अनुशंसा की।

दिशा नामक प्रशिक्षण सेमीनार के माध्यम से भास्कर के कार्यकाल में प्रशिक्षण सेमीनार का बीज बोया गया था, कोटबागी ने याद किया। भास्कर ने प्रशिक्षण सेमिनार के पाठ्यक्रम की सराहना की जो आगामी नेतृत्वकर्ताओं के लिए सार्थक एवं प्रभावी होगा। 2017 में, "हमें विभिन्न रोटरी कार्यक्षेत्रों के लिए प्रशिक्षण सेमिनारों की एक शृंखला के माध्यम से मंडल प्रमुखों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता यह सोचकर महसूस हुई कि वे सर्वोत्तम परिणामों के लिए अपने क्लब के अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे। और यह एक उत्कृष्ट विचार साबित हो रहा है।"

बड़ा सोचें

RIPE मेहता ने इस बात को दोहराया, "अपने लक्ष्य को निर्धारित करते समय ध्यान रखें कि उनका प्रसार किया जा सकता हो।" वह हमेशा रोटरी नेतृत्वकर्ताओं से बड़े सपने देखने और बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह करते रहे है। "असफलता से मत डरो। अपने वर्ष में आसानी से पूरे किए जा सकने वाले छोटे लक्ष्य रखने के बजाय बड़े लक्ष्य रखिए जो भले ही आपके कार्यकाल में पूरे ना हो। जहाज बंदरगाह में सुरक्षित हो सकते है लेकिन वे वहाँ खड़े होने के लिए नहीं बनते; बल्कि वे खुले सागर में होने के लिए बनते है," उन्होंने आगे कहा। उन्होंने मंडल नेतृत्वकर्ताओं को अपने लक्ष्यों को पर्याप्त रूप से इतना बड़ा रखने के लिए प्रोत्साहित किया कि वे राष्ट्र निर्माण में योगदान कर सकें। साक्षरता परियोजनाओं की सफलता का उद्धरण देते हुए, उन्होंने कहा, "इससे पता चलता है कि अगर हम अपने दिल और दिमाग को उस काम में लगाते है जो हम करते है, तो हम कितना कुछ हासिल कर सकते है।"

राजस्थान के एक आशा किरण केंद्र में बच्चे।

अपने साल को शानदार रूप से सफल बनाने और हर संभव तरीकों से लोगों के जीवन को बदलने का एकमात्र लक्ष्य रखने का आग्रह किया।

PRIP राजेंद्र साबू

उन्होंने कहा कि सरकार जो परियोजनाएं कर सकती है रोटरी को उसका 10 प्रतिशत करना चाहिए। "इसलिए यदि भारत सरकार एक करोड़ शौचालय बना रही है, तो हमें 10 लाख शौचालयों का निर्माण करना चाहिए, और यह संभव भी है। यदि भारत सरकार का 100,000 रोधक बांध निर्मित करने का लक्ष्य है, तो आइए हम 10,000 बांध बनाए। यदि इस संख्या को सभी मंडलों में विभाजित कर दी जाएं तो यह भी पूरा किया जा सकता है। कितने संगठनों में यह कहने की हिम्मत है कि हम आपके कार्य का 10 प्रतिशत हिस्सा करेंगे?" उन्होंने आगे कहा कि सरकार के अलावा, रोटेरियनों को अन्य सहयोगियों की भी तलाश करनी चाहिए। "हमारे पास जीवन परिवर्तित करने की शक्ति और जादू है। जादू तब होता है जब पहिया घूमता है, आइए मिलकर उस पहिए को घुमाएं ताकि मानवता पनप सकें," मेहता ने कहा।

लड़कियों का सशक्तिकरण

उनकी अध्यक्षता के ओजपूर्ण कथन - लड़कियों के सशक्तिकरण

लक्ष्य संयोजक, RIDE महेश कोटबागी।

- पर ज़ोर देते हुए उन्होंने बताया कि दुनिया के हमारे हिस्से में एक बड़ी लैंगिक असमानता और भेदभाव होता है और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम बीज बोएं ताकि आने वाली पीढ़ी वैसे ही फल खा सके जैसा कि पोलियो उन्मूलन के समय हुआ था जिसकी शुरुआत 1985 में हुई थी। जिस पैमाने पर यह हासिल हुआ उसकी उम्मीद नहीं की गई थी। हम सभी बच्चों के लिए सेवा परियोजनाएँ करेंगे, लेकिन हमारा ध्यान लड़कियों पर होगा। "हमारे ऊपर लड़कियों एवं युवतियों को उत्तम शिक्षा देने और कौशल विकास प्रदान करने वाली परियोजनाओ में निवेश करने की जिम्मेदारी है। यह संवहनीय विकास को बढ़ावा देता है, विभिन्न विचारों के माध्यम से नवप्रवर्तन को प्रोत्साहित करता है और समुदायों की समझ को गहरा करता है।"

इस क्षेत्र में कोई विशिष्ट लक्ष्य निर्धारण नहीं है क्योंकि इसमें सभी ध्यानाकर्षण क्षेत्र शामिल है। "लेकिन मैं आपसे इस कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से एक अध्यक्ष नियुक्त करने का आग्रह करता हूँ, उन्होंने DGEयों से कहा। DGN को बालिका सशक्तीकरण से संबंधित परियोजनाओं में भी शामिल होना चाहिए क्योंकि RIPN जेनिफर जोन्स ने अपने वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम को जारी रखने में रुचि दिखाई है।

रो ई मंडल ने मेहता द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए एक विशेष कार्य बल गठित करने की अनुशंसा को मंजूरी दे दी है जिसके तीन सदस्यों में से एक RIDE वेंकटेश है। अन्य दो अमेरिका और स्विट्ज़रलैंड से है।

संघवी ने कहा, "यह महत्वपूर्ण है कि हम रोटेरियन वृहद स्तर पर बालिकाओं और महिलाओं के विकास का एक रास्ता तैयार करें," और यह भी कहा कि वे देश की आबादी का 48 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि उनका वैश्विक हिस्सा 49 प्रतिशत है।

केवल आर्थिक रूप से विकासशील देशों को ही लिंग भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ता; यह विभिन्न रूपों में मौजूद एक सार्वभौमिक मुद्दा है जिसमें खराब मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन भी शामिल है, वेंकटेश ने बताया। उन्होंने नेतृत्वकर्ताओं से आग्रह किया कि वे बेहतर स्वच्छता प्रबंधन और घरों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाने के विकल्पों के बारे में सोचें ताकि लड़कियों को पानी लाने के लिए दूर न जाना पड़े और इससे उनका कीमती

समय भी नष्ट न हो जो वो स्कूल में बिता सकती है। और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाएं और कौशल विकास को बढ़ावा दें। समुदाय की आवश्यकता को समझें और उस हिसाब से अपना समर्थन दे। जब आप रोटरी के ध्यानाकर्षण क्षेत्रों वाली किसी भी परियोजना को लागू करते है तो उसमें लड़कियों को सशक्त बनाने के आयाम अवश्य जोड़ें, मेहता ने कहा।

रोटरी में सेवा का एक उत्कृष्ट, अभिनव वर्ष प्रदान करना ही आपका एकमात्र लक्ष्य होगा।

PRIP कल्याण बेनर्जी

वातावरण के अनुकूल कार्य करें

रोटरी के इस नवीनतम ध्यानाकर्षण क्षेत्र को लागू करने पर मंडल नेतृत्वकर्ताओं को अभिविन्यास दिया गया। सत्र की शुरुआत करते हुए वाहनवटी ने उन चार क्षेत्रों की ओर ध्यान आकर्षित किया जिन पर रोटरी शुरूआत में ध्यान केंद्रित करेगी - ठोस कचरा प्रबंधन, वृक्षारोपण, जागरूकता अभियान और नवीकरणीय (सौर) ऊर्जा - संक्षिप्त में STAR। "हमें अब कार्यवाही करनी होगी; क्योंकि हमारे बच्चों और नाती-पोतों का भविष्य दांव पर लगा है, उन्होंने कहा और संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा: हमारे ग्रह को बचाना, लोगों को गरीबी से बाहर निकालना, आर्थिक विकास को आगे बढ़ाना... ये सब एक ही लड़ाई से जुड़े हुए है। हमें जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी, ऊर्जा की कमी, वैश्विक स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के बीच की कड़ियों को जोड़ना होगा। एक समस्या का समाधान सभी समस्याओं के समाधान के रूप में कार्य करेगा।"

TRF 1 जुलाई से पर्यावरण से संबंधित परियोजनाओं के लिए वैश्विक अनुदान खोलेगा, वाहनवटी ने कहा।

इस ध्यानाकर्षण क्षेत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष, PDG अजय गुप्ता ने मंडल नेतृत्वकर्ताओं के साथ STAR के विभिन्न तत्वों पर परियोजना के विचार साझा किए। यह एक संवादात्मक सत्र था जहाँ सर्वोत्तम अभ्यास खुलकर साझा किए गए। तटीय क्षेत्रों में मैंग्रोव विकसित करना, फसलों का जलना जो उत्तर भारत में ज्यादातर देखने में आता है को बचाने के समाधान ढूँढना, उद्योगों को सौर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करना, सौर और बायो गैस शवदागृह स्थापित करना कुछ ऐसे विषय थे जिनपर सत्र के दौरान चर्चा की गई। मेहता ने उस राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनने और विचारों को आदान-प्रदान करने हेतु विशेषज्ञता रखने वाले रोटेरियनों को आमंत्रित किया।

सभी मंडलों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए थे और कोटाबागी ने कहा कि हर तिमाही में मंडल गवर्नरों के लक्ष्यों की निगरानी की जाएगी और विचलन सही तरीके से निर्धारित किए जाएंगे।

रो ई मंडल 3131 के PDG रवि धोत्रे लक्ष्य प्रमुख थे। ■

कोविड टीकाकरण: रोटरी ने बढ़ाया मदद का हाथ

अशोक महाजन

जब जनवरी 2020 में कोरोनावायरस की पहली रिपोर्ट आना शुरू हुई थी, तो हमें ज़रा भी अंदाज नहीं था कि पूरी दुनिया में इतनी उथल-पुथल हो जाएगी।

भारत सरकार के सामने अब 1.35 बिलियन लोगों को टीका लगाने की बड़ी चुनौती है। अन्य टीकों के मुकाबले जो किसी विशेष वर्ग जैसे पांच साल से कम उम्र के बच्चों को लगाए जाते है, यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। राष्ट्रीय जनगणना और लोकसभा चुनावों को छोड़कर कोई भी सरकारी कवायद इस कोविड टीकाकरण अभियान के पैमाने की बराबरी नहीं कर सकती।

1995 में भारत में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम शुरू होने के बाद से, रोटरी ने इस क्षेत्र में अपार अनुभव प्राप्त किया है। इसलिए यह उचित था कि भारत में रोटरी के नेतृत्व ने कोविड टीकाकरण के लिए भारत सरकार को अपनी भागीदारी की पेशकश की। मुझे रोटरी इंडिया के कोविड टास्क फोर्स के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के लिए आमंत्रित किया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और नीति आयोग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई बैठकों की एक श्रृंखला के बाद, टास्क फोर्स ने RIPE शेखर मेहता के मार्गदर्शन में भारत के सभी रोटरी मंडलों में 13 जोनल समन्वयक नियुक्त किए है। हमारे पास त्रिपक्षीय कार्य है: 1) कोविड टीकों के बारे में जागरूकता पैदा करना; 2) गलत सूचना के कारण सार्वजनिक प्रतिरोध पर विजय प्राप्त करना; और 3) जहां आवश्यक हो वहाँ लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करना। मैं पाठकों से सरकार पर भरोसा करने, आधुनिक विज्ञान में विश्वास रखने और अपनी बारी आने पर खुद को टीका लगवाने का आग्रह करता हूं। कृपया अपने किसी भी मित्र को अनजान स्रोतों से फैली नकारात्मक जानकारी का शिकार न होने दें।

लेखक पूर्व रोटरी अंतर्राष्ट्रीय निदेशक और रोटरी इंडिया की कोविड टास्क फोर्स के अध्यक्ष है। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

एक गांव के स्कूल का नवीकरण

टीम रोटरी न्यूज़

क्लब अध्यक्ष एम नंदकुमार, सचिव राजेश कन्दमूर्ति और सदस्य श्रीकान्त शिवरामन, स्कूल अधिकारियों को कैरम बोर्ड देते हुए।

तमिलनाडु-पुडुचेरी सीमा पर स्थित गांव पूथुरई में एक सरकारी प्राथमिक स्कूल को अपग्रेड करने के लिए सन 2018 से, रो ई मंडल 2981 के आर सी पांडिचेरी पोर्ट के रोटेरियन्स के एकाग्र प्रयासों के परिणामस्वरूप स्कूल को नई कक्षाएं, एक पुस्तकालय, शौचालय ब्लॉक और पेयजल की सुविधा मिली है। हाल ही में, क्लब के सदस्यों ने स्कूल के लिए एक कंप्यूटर दान किया। इसके बाद, ''हम स्कूल के मैदान में खेलने के उपकरण स्थापित करने की योजना बना रहे हैं, बच्चे इसकी मांग कर रहे हैं'', क्लब के सचिव राजेश कन्दमूर्ति ने कहा।

स्कूल के लिए कंप्यूटर।

25 वर्षीय क्लब लगभग छह साल से स्कूल से जुड़ा हुआ है। तब स्कूल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था और ''हर बार हमारे सदस्य श्रीकांत शिवरमन, क्लब की बैठक में शामिल होने के लिए आते समय, जब भी इस स्कूल से होकर गुजरते, इसकी स्थिति उन्हें इतना प्रभावित करती कि वे हमेशा सुझाव देते थे कि हमें इस स्कूल के जीर्णोद्धार के लिए सहायता करनी चाहिए और इसे बच्चों के लिए आकर्षक बनाना चाहिए'', कन्दमूर्ति ने कहा। शुरू में क्लब के सदस्य स्कूल का दौरा करते थे और विशेष अवसरों पर छात्रों को स्टेशनरी किट तथा मिठाइयां वितरित की जाती थीं और ''फिर श्रीकांत के उदार समर्थन के साथ हमने स्कूल को अपग्रेड करने का कार्य किया।'' चार साल में करीब ₹20 लाख खर्च करते हुए क्लब ने धीरे-धीरे स्कूल में सुविधाएं जोड़ी।

यह गांव का इकलौता स्कूल है और इसमें कक्षा 5 तक के 135 बच्चे पढ़ते हैं। वे कहते हैं, ''हम इसकी आगे भी सहायता करने के लिए तैयार हैं, अगर यह स्कूल और अधिक कक्षाएं जोड़ना चाहे क्योंकि वहां परिसर में पर्याप्त जगह है।''

क्लब ने आरआईएलएम के आशा किरण कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर समर्थन देते हुए कुल ₹1.65 लाख के योगदान के साथ 66 बच्चों की शिक्षा को प्रायोजित किया है। सचिव कहते हैं, ''जहां हम सभी ने सामूहिक रूप से 33 बच्चों को प्रायोजित किया, वहीं क्लब के अध्यक्ष नंदकुमार ने 33 और बच्चों की सहायता करने के लिए अपनी तरफ़ से भी इतनी ही राशि को और जोड़ा।'' ■

Lakshya
RISING TO CONQUER

अफ्रीकी देश RILM की डिजिटल कक्षा को दोहराएंगे

वी मुत्तुकुमारन

लक्ष्य-निर्धारण आभासी संगोष्ठी 'लक्ष्य' में RIPE शेखर मेहता ने आगामी मंडल गवर्नरों से आग्रह किया कि वे कक्षा 1-12 के 10 करोड़ छात्रों के लिए RILM के ई-शिक्षण पाठ्यक्रम को हिंदी और अंग्रेजी में PM ई-विद्या टीवी एवं दीक्षा एप के माध्यम से प्रसारित करने के लिए राज्य सरकारों से सिफारिश करें ताकि उनका भारत में 25 करोड़ स्कूली बच्चों को लाभान्वित करने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया जा सके। उन्होंने कहा, ''दीक्षा पोर्टल - जिसमें 10 प्रतिशत सामग्री रोटरी द्वारा प्रदान की गई है - को पिछले छह महीनों में 50 करोड़ से अधिक हिट प्राप्त हुई है'', और राजस्थान, मध्य प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा की सरकारों ने NCERT के सहयोग से तैयार किए गए ई-पाठ्यक्रम को उनके स्थानीय स्कूलों में लागू करने के लिए RILM से बात की है। भारत सरकार के चैनल के अलावा, टाटा स्काई, एयरटेल और जियो टीवी जैसे छह डिजिटल सेवा प्रदाता श्रव्य-दृश्य सामग्री प्रसारित कर रहे है।

जल्द ही, ई-लर्निंग का प्रायोगिक उपयोग अफ्रीका के टोगो में किया जाएगा, जिसने विश्व बैंक से निधीयन की मांग की है। इसके परिणाम के आधार पर, हम इसे 10 और अफ्रीकी देशों के साथ शुरू करेंगे, मेहता ने कहा। RILM आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों के साथ बातचीत करेगा ताकि हैप्पी स्कूलों के लिए रियायती मूल्य पर सामग्री की खरीद एवं रियायती दरों पर काम करवाया जा सके, उन्होंने कहा।

RID कमल संघवी, जो RILM के अध्यक्ष भी हैं, ने DGEयों और DLCCयों से आग्रह किया कि वे ''2025 तक भारत को पूर्ण साक्षर बनाने के लिए शक्ति, धैर्य एवं जुनून के साथ उग्र रूप से सपने देखें।''

यहां तक कि कोविड लॉकडाउन के दौरान भी, RILM ने शायद दुनिया के सबसे बड़े ई-शिक्षण कार्यक्रमों में से एक को तैयार किया जिसे 10 करोड़ बच्चों तक पहुंचाया गया और 1,00,000 से अधिक शिक्षक ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से डिजिटल जानकार बने। उन्होंने कहा कि 2017 में जलवायु वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, बालिकाओं की शिक्षा को जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने वाले शीर्ष निर्धारकों में से छटवाँ स्थान दिया है। अपनी प्रस्तुति में, RILM के मुख्य रणनीति अधिकारी बिस्वजीत घोष ने कहा कि 16,000 से अधिक स्कूल, 20 लाख छात्र और 45,000 शिक्षक रोटरी क्लबों द्वारा दान किए गए ई-शिक्षण उपकरणों और हार्डवेयर से लाभान्वित हुए है।

वयस्क साक्षरता

2015-18 के बीच चलाए गए एक प्रायोगिक कार्यक्रम में, रोटरी ने 87,870 निरक्षर वयस्कों को दीक्षा कार्यक्रम के माध्यम से साक्षर बनाया, जिसमें एक स्वयंसेवक छात्र ने एक वयस्क को पढ़ना, लिखना और सरल अंकगणित करना सिखाया। घोष ने कहा, ''हमने ब्रह्माकुमारियों, भारत स्काउट्स और निजी स्कूलों जैसे समूहों के साथ साझेदारी की और अगले पांच वर्षों में पांच करोड़ लाभार्थियों को कवर करने के लिए वयस्क साक्षरता में विद्या, शिक्षा और स्वाभिमान जैसे नए कार्यक्रमों की शुरुआत की।''

बंसपाल, ओडिशा में एक आशा किरण केंद्र में बच्चें।

पश्चिम बंगाल के सीतारामपुर गांव में एक वयस्क साक्षरता केंद्र में शिक्षार्थी।

28.7 करोड़ वयस्क निरक्षरों के साथ, जो कुल वैश्विक निरक्षरों का 37 प्रतिशत है, भारत वयस्क निरक्षरता में दुनिया का नेतृत्व करता है, उन्होंने कहा।

RILM ने एक कार्यात्मक साक्षरता पाठ्यक्रम के लिए एक प्रवेशिका विकसित की है, जिसका क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है, RILM वयस्क साक्षरता प्रमुख आपगा सिंह ने कहा। ''लक्ष्य हासिल करने के लिए हम क्षेत्रीय-स्तर पर साझेदारी निर्मित कर रहे हैं।''

RILM के कार्यक्रम निदेशक झिलम रॉयचौधरी ने बताया कि प्रोजेक्ट डिग्निटी पांच वैश्विक अनुदानों (वयस्क साक्षरता के तहत) के माध्यम से 1,000 से अधिक विधवाओं और अकेली महिलाओं को व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण दे रहा है। उन्होंने कहा, ''सक्षम भारत के अंतर्गत, अपोलो मेडस्किल्स के साथ 10 शहरों में किए जा रहा एक प्रयोग 140 से अधिक युवा वयस्कों को मूल्य वर्धित चिकित्सीय सेवाओं का प्रशिक्षण दे रहा है।''

आशा किरण

प्रथम चरण में, रोटरी ने 12 राज्यों में 33 एनजीओ के साथ काम करके ऐसे 37,436 बच्चों की पहचान की जिन्होंने या तो स्कूल छोड़ दिया था या कभी वे कभी स्कूल गए ही नहीं थे और ''हमने सरकारी स्कूलों में उनमें से 35,078 को मुख्यधारा में शामिल किया, झिलम ने कहा। रोटरी ने राज्य-स्तरीय भागीदारी के माध्यम से अगले पांच वर्षों में 100,000 बच्चों को स्कूल भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया है। RILM की उप-निदेशक अंशु बेरी ने कहा कि 2,964 सरकारी स्कूलों को हैप्पी स्कूलों में परिवर्तित किया गया है और 3,000 से अधिक पुस्तकालय स्थापित किए गए है। *पढ़ो भारत* के तहत, प्रत्येक क्लब को एक पुस्तकालय के साथ कम से कम एक हैप्पी स्कूल परियोजना करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। RIDE महेश कोटबागी और RIDE ए एस वेंकटेश ने भी बात की। ■

TRF की मदद से अच्छे कार्य

तिरुपुर में रोटरी ब्लड बैंक

टीम रोटरी न्यूज़

'द लाइफ ऑन व्हील्स' नामक वैश्विक अनुदान परियोजना के माध्यम से आरसी तिरुपुर स्मार्ट, रो ई मंडल 3202 द्वारा एक मोबाइल रोटरी आईएमए ब्लड बैंक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

₹41.59 लाख की लागत से तैयार की गई इस सर्व-सुविधा से लैस वैन में एक साथ तीन व्यक्तियों से रक्तदान प्राप्त करने की सुविधा है और यह 150 युनिट तक रक्त स्टोर कर सकती है। इसमें एक दिन में 100 युनिट रक्त एकत्रित किया जा सकता है।

बाएं से: पीडीजी बी ए मुरुगनातन; रोटरी आईएमए ब्लड बैंक के अध्यक्ष डॉ सेंदिलकुमारन; रोटरी क्लब तिरुपुर स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष एम प्रेमानंद; पीडीजी ए कार्तिकेयन; रोटरी क्लब तिरुपुर मेटल टाउन के अध्यक्ष शिवचंद्रन; परियोजना अध्यक्ष के गणेशमूर्ति; डीजीएन बी एल कुमारन और डीजीई के शनमुगासुंदरम।

परियोजना के अध्यक्ष के गणेशमूर्थी ने कहा, ''यह वैन हमें अपने सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के माध्यम से रक्तदान के बारे में जागरूकता पैदा करने, दूरदराज, ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित करने और रोटरी की सार्वजनिक छवि को बढ़ाने में मदद करेगा।''

हालांकि क्लब ने नाइजीरिया के रो ई मंडल 9125 के रोटरी क्लब वूज़ सेंट्रल अबुजा, को अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदार के रूप में उतारा, लेकिन आरसी तिरुपुर दक्षिण और तिरुपुर मेटल टाउन इस परियोजना के एसोसिएट पार्टनर थे। ■

स्वस्थ जीवन के पक्ष-समर्थकों का निर्माण करता प्रोजेक्ट पाज़िटिव हेल्थ

किरण ज़ेहरा

प्रोजेक्ट पॉजिटिव हेल्थ (PPH) को एक महान परियोजना कहते हुए, RIPE शेखर मेहता ने RID भारत पांड्या को इसकी सफलता पर बधाई दी। स्वास्थ्य परियोजनाओं के लिए सबसे अधिक वैश्विक अनुदान दिए जाते है। अगले पांच वर्षों में, इन परियोजनाओं के विकास और दोहरीकरण पर ध्यान केंद्रित करें और साथ ही ब्रांड रोटरी पर जागरूकता बढ़ाएं। लक्ष्य नामक लक्ष्य-निर्धारण आभासी सत्र के स्वास्थ्य सत्र में बोलते हुए, उन्होंने कहा, आइए उन ज़िंदगियों के बारे में बात करें जिन्हें हम बदल चुके है और दुनिया को रोटरी के ब्रांड को दिखाने के साथ समापन करें।

क्लबों द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविरों से एकत्रित की गई जानकारी का उपयोग स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों एवं सरकारी एजेंसियों के साथ साझेदारी बनाने के लिए किया जाना चाहिए, उन्होंने कहा। RID भरत पांड्या ने अपनी प्रस्तुति में कहा, चिकित्सा एकमात्र ऐसा पेशा है जो अपने ग्राहकों को कम करने के लिए दिन-रात काम करता है। अंतिम उद्देश्य चिकित्सक की आवश्यकता को दूर करना होता है। एक सर्जन होने के नाते, उनका विश्वास हमेशा से उपचारात्मक स्वास्थ्य में रहा है। लेकिन झझक ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्वास्थ्य सेवा का भविष्य निवारक स्वास्थ्य देखभाल में निहित है। उन्होंने चेतावनी दी कि सबसे बड़ा हत्यारा SOS - Salt (नमक), Oil (तेल) और Sugar (चीनी) है, जो मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह होने के सबसे बड़े कारण है, और समग्र रूप से ये बड़े गैर संचारी रोगों के लिए जिम्मेदार होते है, जिससे भारत में 60 प्रतिशत मौतें होती है। पांड्या ने कहा कि अनुपयुक्त जीवनशैली, तनाव और शारीरिक व्यायाम की कमी इन सब बीमारियों के लिए दोषी है।

युवा पक्ष-समर्थक

योजना झझक के हिस्से के रूप में स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने की है। स्वस्थ जीवन के युवा पक्ष-समर्थकों का निर्माण करने के लिए इस साल हम लगभग 4,000 स्कूलों को लक्षित कर रहे है, और अगले साल 8,000 को लक्षित करेंगे। स्वास्थ्य शिविर, रोटरी फैमिली हेल्थ डेज़, और सर्वाइकल कैंसर, रूबेला और हेपेटाइटिस बी के लिए टीकाकरण अभियान भी इस विशाल कार्यक्रम का हिस्सा है। जहां हम 2030 तक टीबी की रोकथाम और उन्मूलन की दिशा में काम

RIPE शेखर मेहता (दाएं बैठे) और PDG रवि वडलामणि (बाएं) गुंटूर में आपदा पीड़ितों के लिए आश्रय किट ले जा रहे हैं। (फाइल फोटो)

कर रहे है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है 2025 तक भारत से टीबी को खत्म करना। झझक के माध्यम से हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है, उन्होंने कहा। नशे की लत पर, उन्होंने कहा पंजाब में 50-60 प्रतिशत युवा और कुछ अन्य राज्य ड्रग्स से प्रभावित है और हर 10 सेकंड में एक व्यक्ति की निकोटीन या तंबाकू के कारण भारत में मृत्यु हो जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि ड्रग डी-एडिक्शन रोटरी एक्शन ग्रुप के साथ काम करने से बहुत मदद मिल सकती है।

PDG बाल इनामदार ने बताया कि सभी रोटरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को अगले पांच वर्षों के लिए ध्यान से चुना गया है जिसमें दो चीजें समान है - वे या तो जीवन देते है या जीवन बदलते है। इनमें से कुछ परियोजनाओं में परिहार्य अंधापन, डायलिसिस केंद्र, बाल चिकित्सा सर्जरी, मोबाइल क्लीनिक, त्वचा बैंक और अंग दान पर कार्यक्रम शामिल है।

रो ई निदेशक भरत पांड्या।

कोविड और भारत

कोविड टीकाकरण टास्क फोर्स के अध्यक्ष PRID अशोक महाजन ने कहा, ''हमें ऐसे स्वयंसेवकों की आवश्यकता है जो बड़े संगठनों के संसाधनों को हासिल कर सकें, उनके बुनियादी ढांचे का उपयोग कर सकें और इसके लिए धन जुटा सकें। अनुरोध पर, आदित्य बिड़ला समूह ने टीकाकरण अभियान के लिए पहले ही ₹15 लाख दान किए है। जहां भी टीकाकरण के लिए स्थानीय प्रतिरोध है, उन्होंने DGEयों को इसकी प्रभावकारिता पर प्रकाश डालने के लिए कहा। पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान प्रतिरोध को तोड़ने में हमारे पक्ष समर्थन कौशल साबित हुए थे। पोलियो टीकाकरण को संभलने में हमारी विशेषज्ञता और नेटवर्क सरकार के लिए अत्यधिक मूल्यवान साबित होगी, उन्होंने कहा।

महाजन ने कहा कि ''जिन लोगों को हमनें कोविड के कारण खो दिया है उन्हें हम वापस तो नहीं ला सकते। लेकिन जो लोग हमारे साथ है उन लोगों की सुरक्षा हम व्यक्तिगत स्वच्छता, सामाजिक दूरी का पालन करके, मास्क पहनकर और थक्ज के दिशानिर्देशों का पालन करके सुनिश्चित कर सकते है।'' कोरोनावायरस के प्रसार को रोकना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। PRID मनोज देसाई ने सत्र का संचालन किया।

> **चिकित्सा एकमात्र ऐसा पेशा है जो अपने ग्राहकों को कम करने के लिए दिन-रात काम करता है। अंतिम उद्देश्य चिकित्सक की आवश्यकता को दूर करना होता है।**
>
> **भरत पांड्या**
> रो ई निदेशक

आपदा प्रबंधन

PDG किशोर कुमार चेरुकुमल्ली ने आपदा प्रबंधन के लिए RRR (Rescue (बचाव), Relief (राहत) और Rehab (पुनर्वासन)) कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला जिसे क्लब प्राकृतिक आपदा की स्थिति में अपना सकते है।

शेल्टर किट कार्यक्रम पर DGE को जानकारी देते हुए, उन्होंने कहा आपदा राहत के लिए यह साझेदारी रोटेरियनों को दुनिया भर के आपदा प्रभावित समुदायों के साथ सीधे अपने समुदाय को जोड़कर कार्रवाई करने हेतु सक्षम बनाती है। इस सुझाव में अपनी बात जोड़ते हुए, RIPE मेहता ने कहा, आश्रय किटों की मदद से हम प्राकृतिक आपदाओं में अपना घर खो चुके परिवारों को आपातकालीन आश्रय प्रदान करने में सक्षम हुए है, जिससे उन लोगों को अपने जीवन को फिर से शुरू करने में मदद मिलती है। कुछ ऊग्र्ए ने अपने औद्योगिक गोदामों में आश्रय किटों को संग्रहित करने की पेशकश की और अन्य ने इसी प्रकार की आपदा-राहत किट बनाने के विचार सामने रखे। लेकिन मेहता ने बताया कि गुणवत्ता बरकरार रखने और एक रोटरी ब्रांड बनाने के लिए एक केंद्रीकृत पहुँच उचित होगी।

DGE जे श्रीधर, रो ई मंडल 3232, ने उनके मंडल की रोटरी रेडी फॉर रेस्क्यू पहल पर प्रकाश डाला जिसका उद्देश्य आपदा से बचे लोगों को भोजन, आश्रय, चिकित्सा और अन्य आवश्यकताएं प्रदान करना है। आपातकालीन स्थिति के लिए हमारे पास एक 45-सदस्यीय टीम और एक रोटरी आपदा योजना और आपदा प्रबंधन कोष है जो हमें इस परियोजना को बनाए रखने में सक्षम बनाएगा। ■

Lakshya

WASH परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करें: RIPE शेखर मेहता

वी मुत्तुकुमारन

गोवा में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोटरी इंडिया स्वच्छता मिशन अध्यक्ष रमेश अग्रवाल (बीच में) और WinS ग्लोबल चेयर पी टी प्रभाकर (दाएं)। (फाइल फोटो)

चार ज़ोनों में से प्रत्येक को रोटरी इंडिया ह्यूमैनिटी फ़ाउंडेशन (RIHF) और रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन (RILM) में कार्यकारी समिति गठित करने के लिए एक DGE नियुक्त करना चाहिए जो साक्षरता, जल एवं स्वच्छता परियोजनाओं की एक परेशानी रहित कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ CSR साझेदारियाँ हासिल करने में भी मदद करेगा, RIPE शेखर मेहता ने कहा।

WASH सत्र की लक्ष्य-निर्धारण करने के लिए आयोजित हुई आभासी संगोष्ठी 'लक्ष्य' में बोलते हुए, उन्होंने भावी गवर्नरों से वैश्विक अनुदान परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नए तकनीकी संवर्गों एवं रोटरी विशेषज्ञ निकायों के लिए सदस्यों को खोजने का आग्रह किया। सरकारी अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद पिछले साल विकसित की गई राष्ट्रीय विचार प्रक्रिया के अनुरूप पंच-वर्षीय WASH लक्ष्यों को निर्धारित किया गया। रोटरी वाटरशेड विकास, जल-स्रोतों की पुनर्स्थापना, वर्षा जल संचयन, घरेलू नल कनेक्शन, शौचालय खंड, और स्कूलों में WASH (WinS) एवं स्वास्थ्य सुविधाओं (WinHCF) से संबंधित कार्यक्रमों को लागू करने के प्रयास करेगी।

2021-26 में एक लाख रोधक बांधों के भारत सरकार के लक्ष्य के प्रति, रोटरी इस अवधि के दौरान ऐसी 10,000 सुविधाओं को पूरा करने का प्रयास करेगी, जिसमें प्रत्येक रोधक बांध की लागत ₹3 लाख आएगी। 2021-22 में ऐसे 1,000 बांधों के लक्ष्य के साथ, प्रत्येक मंडल के पास 25 रोधक बांधों का लक्ष्य है। इसी तरह, रोटरी अगले पांच वर्षों में इन परियोजनाओं को लागू करने का लक्ष्य लेकर चल रही है - 55,000 में से 7,500 WinS और WinHCF परियोजनाएं; 160 गाँवों (1,000 गाँवों) को घरेलू नल कनेक्शन; 20,000 घरेलू शौचालय (1.2 लाख इकाई), 5,000 RWH परियोजनाएं (50,000); और पांच साल की अवधि में 10,000 जल निकायों (झीलों, तालाबों एवं बावड़ियों) के पुनर्वास कार्यों में से 750 का रूपांतरण।

पानी के नल कनेक्शन

भारत सरकार के जल जीवन मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे *हर घर*

नल से जल (HGNSJ) कार्यक्रम के माध्यम से भारत के हर घर में 2024 तक नल से पानी पहुंचेगा। 2019 में 17.87 करोड़ घरों में से केवल 3.27 करोड़ घरों में ही नल कनेक्शन थे, जो कि 18.5 प्रतिशत था, जिसे पिछले एक साल में 37 प्रतिशत (सात करोड़) किया गया है, रोटरी इंडिया सेनिटेशन मिशन के अध्यक्ष पीडीजी रमेश अग्रवाल ने कहा। JJM पहलों के अंतर्गत रोटरी पाइप जलापूर्ति का पुनःसंयोजन, दूषित जल प्रबंधन (पुनर्चक्रण) और क्षमता निर्माण भी करेगी।

14.7 लाख स्कूलों, जिनमें से 70 प्रतिशत सरकारी स्कूल है, में लागू की जा रही WinS परियोजनाएं के सात घटक है - लिंग पृथक शौचालय, पेयजल, हाथों की धुलाई के स्टेशन, MHM, रखरखाव, व्यवहार परिवर्तन और क्षमता निर्माण।

अग्रवाल ने कहा कि स्कूल नामांकन अनुपात में सुधार के अलावा, थळपड परियोजनाओं ने बच्चों को उम्र का एजेंट बना दिया है जो गांवों में जीवन स्तर में ठोस सुधार ला रहे है। पिछले छह वर्षों में, भारत में रोटरी क्लबों द्वारा एक लाख शौचालयों का निर्माण किया गया, उन्होंने कहा, क्योंकि यह स्वच्छता सुविधा भारत सरकार द्वारा शुरू की गई ODF-प्लस रणनीति के हिस्से के रूप में सभी घरों में विस्तारित की जा रही है।

वर्षा जल को अवशोषित करने की क्षमता बढ़ाने के लिए वाटरशेड (रोधक बांधों) की पुनर्स्थापना; भंडारण स्तर को बढ़ाने के लिए झीलों, तालाबों और टैंकों का नवीनीकरण; और पीने के पानी का स्रोत बनाने के अलावा समुदाय की सिंचाई की जरूरतों को पूरा करना ही रोटरी इंडिया वाटर मिशन का समग्र उद्देश्य है, रोटरी इंडिया वाटर कंजर्वेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष पीडीजी रंजन ढींगरा ने कहा। पूरे भारत में 7,000 जल निकाय ऐसे है जिन्हें एक क्रमिक प्रक्रिया के माध्यम से बहाल किया जा सकता है। 2005-19 के दौरान, हमनें 500 से अधिक गांवों में 10 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित करने वाले 300 जल निकायों का कायाकल्प किया है, उन्होंने कहा। RIDE डॉ महेश कोटबागी ने सत्र का संचालन किया और PRID पी टी प्रभाकर ने अंतिम अभिवचन प्रस्तुत किए। ■

TRF की मदद से अच्छे कार्य

गुवाहाटी में मानव दुग्ध बैंक

टीम रोटरी न्यूज़

रो ई मंडल 3262 के गुवाहाटी रोटरी क्लब ने अमरीका के रो ई मंडल 5240 और टीआरएफ द्वारा वैश्विक अनुदान सहायता के जरिए गुवाहाटी के मसतरीबाड़ी क्रिश्चियन हॉस्पिटलफ में ममानव दुग्ध बैंकफकी स्थापना की है। इस सुविधा से एक डीप फ्रीजर में, ऐसी दाता माताओं से, जिनके पास पर्याप्त दूध है और जो दान करने के इच्छुक हैं, एकत्र किये हुए दूध को पाश्चुरीकरण और स्टोर करने में मदद मिलेगी, क्लब के पिछले अध्यक्ष बिभूति दत्ता ने कहा और साथ ही यह भी जोड़ा कि यह शायद पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस तरह की पहली सुविधा है।

राज्य भर में NICUओं के बेतहाशा बढ़ने के बावजूद, समय से पहले पैदा होनेवाले या कम वजन वाले नवजात शिशुओं को पर्याप्त पोषण सहायता प्रदान करने के लिए पर्याप्त स्तन दूध की आवश्यकता हमेशा महसूस की गई थी। अस्पताल में पीडियाट्रिक और नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ देवजीत कुमार शर्मा ने कहा कि दुग्ध बैंक की सुविधा से क्षेत्र में नवजात मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलेगी।

जबकि अस्पताल में अपने बच्चों को पैदा करनेवाली माताएं जहां मुख्य दूध-दाता बनने जा रही हैं, वहीं स्तनपान कराने वाली माताओं को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अस्पताल ग्रामीण बेल्ट में शिविरों का आयोजन करेगा। ■

आइए शांति की शुरुआत हम अपने साथ करें

जयश्री

हमारे तरफ की दुनिया में रोटरी के शांति कार्यक्रम लोकप्रिय नहीं है। यह अफ़सोस की बात है कि हम इस पर ज्यादा ज़ोर नहीं देते है; मुझे लगता है कि हमें ऐसा करना चाहिए'', टीआरएफ न्यासी अध्यक्ष के आर रवींद्रन ने हाल ही में ज़ोन 4,5,6,7 के लिए आयोजित आभासी टीआरएफ संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा।

''हमारे शांति कार्यक्रम यूएस के कई रोटेरियनों के लिए मुख्य आधार है। वे इस संभावना से आकर्षित है कि हमारा संस्थान सुनिश्चित रूप से विश्व शांति में योगदान देता है। संस्थान के लिए धन संग्रहित करने हेतु एक उत्तेजक की भूमिका से परे इन शांति कार्यक्रमों ने कुछ उत्कृष्ट भूतपूर्व छात्र भी दिए है जिन्होंने शांति स्थापित करने के लिए अपने तरीकों से योगदान दिया है,'' उन्होंने कहा।

न्यासी अध्यक्ष ने ड्यूक यूनिवर्सिटी, यूएस, के एक शांति विद्वान, मेनुएला मोट, की सफलता की कहानी सुनाई जिसके अनुसार उन्होंने 1960 के बाद से लगभग 60 वर्षों से संघर्ष से जूझ रहे फिलीपींस के मिंडानोआ द्वीपों पर युद्ध विराम करवाने में सफलता हासिल की। ''2019 में उन्होंने उस द्वीप के लिए विश्व बैंक के निवेश प्रस्ताव का मूल्यांकन और संसाधन में एक महीना बिता दिया। इससे एक दूसरे के परस्पर विरोधी ईसाई और मुसलमान एक साथ आए क्योंकि वे सभी एक ही चीज चाहते थे - द्वीप पर विशाल बुनियादी ढांचा विकास।''

सेवा के माध्यम से शांति के लिए काम करने का एक और बढ़िया उदाहरण पोलियो मुक्त अफ्रीका की घोषणा थी। ''हमने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मुख्य रूप से महिलाओं की सराहना की, जिन्होंने प्रत्येक बच्चे तक पोलियो का टीका पहुँचाने के लिए सम्पूर्ण देश की यात्रा की। इनमें से कई जगहों पर संघर्ष की स्थिति है। इसलिए इस वर्ष हमने यूगांडा की मेकरीर यूनिवर्सिटी में रोटरी का आठवां और अफ्रीका का पहला शांति केंद्र खोलकर उनका जश्न मनाया।''

रवींद्रन ने रोटरी शांति केंद्रों की उत्पत्ति का वर्णन किया। ''एक समय हमें इस बात पर संदेह था कि रोटरी शांति अध्ययन हेतु समर्पित एक विश्वविद्यालय की स्थापना कर पाएगी या नहीं। जब इस बात पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया तो तत्कालीन टीआरएफ न्यासी पीआरआईपी राजेन्द्र साबू, केलॉग्स स्कूल ऑफ बिज़नस के संपर्क में आए तो उनके दिमाग में एक विचार आया कि एक नया केंद्र निर्मित करने के बजाए क्यों न एक मौजूदा संस्थान में एक शांति केंद्र स्थापित किया जाए। उन्होंने तत्कालीन टीआरएफ अध्यक्ष पाउलो कोस्टा और पीआरआईपी लुइस गिए के साथ अपना विचार साझा किया, और उन्हें एक समिति के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया जो वर्तमान रोटरी शांति केंद्रों की अग्रदूत थी। आज सात विश्वविद्यालयों में आठ शांति केंद्र मौजूद है जिसमें यूएस की ड्यूक यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना एक केंद्र साझा करते है और अन्य केंद्र जापान, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, स्वीडन और अफ्रीका में मौजूद है। इन केंद्रों से प्रत्येक वर्ष पचास छात्र शांति और विकासात्मक अध्ययन में मास्टर डिग्री के साथ स्नातक होते है। हम शायद युद्धों को ना रोक पाए। लेकिन हम पर्याप्त व्यक्तियों को प्रशिक्षित कर रहे है जिन्हें उन पदों पर रखा जा सकता है जहाँ वे शांति के लिए बातचीत कर सकते है।''

उन्होंने कोलंबो में अपने घर पर एक युद्ध के अप्रत्यक्ष प्रभाव का करीब से अनुभव किया। यह तब हुआ जब दो आत्मघाती हमलावरों द्वारा चलाई जा रही प्लास्टिक विस्फोटकों से भरी एक वैन को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में रक्षा मंत्रालय के फॉरवर्ड कमांड मुख्यालय के द्वार पर छह सुरक्षा कर्मियों ने रोक दिया। उन आत्मघाती हमलावरों ने चार्जरों को विस्फोटित कर दिया जिससे वे आठों लोग मारे गए। इमारत की छत उड़ गई थी और



टीआरएफ ट्रस्टी अध्यक्ष के आर रविंद्रन और ट्रस्टी गुलाम वहानवटी।

आसपास के लगभग 15 घरों, जिसमें रविंद्रन का घर भी शामिल था, को नुकसान पहुँचा।

पास के एक स्कूल की नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाले छोटे बच्चों सहित लगभग 21 लोग मारे गए और 175 घायल हुए। ''यह सब मेरे द्वारा डीजी का पदभार संभालने के ठीक पहले जून 1991 में हुआ था। जब बम फटा तो उससे एक किमी से भी अधिक दूरी पर स्थित मेरे घर की खिड़कियां टूटकर बिखर गई। मेरी पत्नी को सहज ही महसूस हुआ कि यह हमारी बेटी प्रशांति के स्कूल की दिशा से आया है। उस सुबह एक पल में वह एक नई पेंसिल पकड़े हुए थी जिसे उसने स्कूल की दुकान से खरीदा था और अगले ही पल वह एक तरफ फिंका गई, हवा रेत से भर गई और उसके कान बजने लगे। उसने अपने आसपास हर जगह बच्चों को दौड़ते, चीखते और उनका खून बहते देखा। उसने छत को ढहते हुए देखा और सभी लोग अपने अभिभावकों के आने की प्रतीक्षा करते हुए शिक्षकों के साथ स्कूल के मैदान पर जमा हो गए। हम गए और उसे घर लेकर आए जो टूटे हुए कांच से भरा था और उसके पसंदीदा कुत्ते की पीठ पर चोट आई थी।''

श्रीलंका में वह युद्ध 25 वर्षों तक चला। इसने 100,000 लोगों को मार डाला और अनगिनत लोगों को बेघर किया।

''हम में से कई लोग सोचते है कि युद्ध का न होना शांति है। फिर भी कई ऐसे लोग है जो नहीं जानते कि शांति का न होना क्या होता है।''

उन्होंने कहा कि पिछले साल 76,000 लोग सीरिया में, लगभग 14,000 लोग अफगानिस्तान में और 15,000 लोग अफ्रीका में बोको हरेम विद्रोह प्रभावित देशों में मारे गए। युद्ध कभी भी एक युद्ध विराम के संकेत के साथ समाप्त नहीं होता। जो लोग इससे गुजरते है उनपर इसके प्रभाव रह जाते है - वित्तीय प्रभाव, जिन परिवारों ने अपने घर के कमाने वाले लोग खो दिए है, वे बुनियादी ढांचे जो कभी नहीं बन सकें, संसाधन जो सालों से लड़ाई जारी रखने में खर्च किए गए। इसके अलावा, आघात और ऐसी कई यादें जो हम में से कोई भी कभी नहीं भूल सकता हैं।

1955 में जिल जैक्सन द्वारा लिखे गए गीत - Let there be Peace on earth - का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''जब भी यह गीत गाया जाता है इसकी दूसरी पंक्ति मुझे हमेशा आकर्षित करती है - Let there be Peace on earth; and let begin with me'', और उन्होंने आगे कहा कि शांति हम में से हर एक में निहित होनी चाहिए और हमारे आचरण में दिखाई देनी चाहिए। इसका मतलब यह है कि ''हमें एक स्वीकार्य

रशीदा भगत



> हम में से कई लोग सोचते है कि युद्ध का न होना शांति है। फिर भी कई ऐसे लोग है जो नहीं जानते कि शांति का न होना क्या होता है।
>
> ट्रस्टी चेयर **के आर रविंद्रन**

तरीके से असहमति प्रकट करनी चाहिए और उस मुद्दे पर अपनी असहमति को सीमित करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।''

रो ई निदेशक कमल संघवी ने नवनिर्वाचित मंडल गवर्नरों से रोटेरियनों को संस्थान को उदारतापूर्वक देने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया। ''यह कहावत कि पैसे से खुशियाँ नहीं खरीदी जा सकती झूठी है। आपका पैसा गरीबों और जरूरतमंदों को खुशी प्रदान कर सकता है। यह सेमीनार आपको संस्थान की भव्यता और देने की खुशी को समझने में मदद करेगा'', उन्होंने कहा।

रो ई निदेशक भरत पांड्या ने प्रतिनिधियों को सचेत करते हुए कहा कि दुनिया भर में वार्षिक निधि पिछड़ रही है। ''यह संस्थान को संचालित करने वाला इंजन है और अगर अगले पांच वर्षों तक ऐसा ही चलता रहा, तो यह पटरी से उतर जाएगा। हमारी सेवा परियोजनाओं को नुकसान पहुँचेगा। इसे एक विशाल दान की आवश्यकता नहीं है लेकिन नियमित रूप से 25 डॉलर से 1,000 डॉलर तक दान की गई कोई भी राशि पर्याप्त होगी'', उन्होंने कहा।

TRF तकनीकी कैडर के अध्यक्ष PRID मनोज देसाई ने DGEयों से अपने कैडर सदस्यों को मंडल टीआरएफ सेमीनारों को संबोधित करने हेतु आमंत्रित करने का आग्रह किया। उनका मार्गदर्शन आपको संस्थान द्वारा अनुमोदित वैश्विक अनुदानों को प्राप्त करने में मदद करेगा।

RIDE महेश कोटबागी ने बताया कि क्यों न्यासी के कुछ निर्णय कुछ देशों या मंडलों के लिए उपयुक्त नहीं हो सकते। ''न्यासियों को विश्व स्तर पर सोचना होगा और वे अपनी योजनाओं को किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं कर सकते'', उन्होंने कहा, और DGEयों से उनके DDF का इस्तेमाल

उसी उद्देश्य हेतु करने का आग्रह किया जिसके लिए उन्हें निर्दिष्ट किया गया है।

सेमिनार की अध्यक्षता करने वाले न्यासी गुलाम वाहनवटी ने इस तथ्य की सराहना की कि भारत ने लगातार पांचवें साल टीआरएफ को दिए जाने वाले कुल दान में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है। दिसंबर 2020 तक चार ज़ोन के दानदाताओं ने टीआरएफ को 5.7 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान किए गए योगदान की तुलना में अधिक है। 2019-20 के दौरान सभी चार ज़ोन के लिए मंडल और वैश्विक अनुदान का कुल मूल्य 41.7 मिलियन डॉलर था। दिसंबर 2020 के अंत तक छह महीने के दौरान इसका मूल्य तुलनात्मक रूप से 25 मिलियन डॉलर से अधिक हो गया, उन्होंने कहा।

AKS सदस्य रविशंकर दकोजू, डॉ कृष्णेंदु गुप्ता और विक्रम रेड्डी ने प्रतिनिधियों को संस्थान में उदारतापूर्वक योगदान करने हेतु प्रेरित किया और पीडीजी सैम पाटीबंडला ने एक बीक्वेस्ट सोसाइटी सदस्य बनने के बारे में बात की।

RIDE ए एस वेंकटेश ने *Joy of Giving* एक पैनल चर्चा आयोजित की जिसका शीर्षक था देने का सुख जिसमें रोटरी क्लब दिल्ली सिटी के पूर्व अध्यक्ष और AKS सदस्य अमिता आनंद मोहिंद्रू; रो ई मंडल 3131 की डीजी रश्मि कुलकर्णी और रोटरी क्लब बॉम्बे पियर के पूर्व अध्यक्ष सैफ कुरेशी शामिल थे।

रविशंकर और पाओला दकोजू के साथ इवेंसटन में कॉफी पर हुई एक बातचीत ने मुझे एक AKS सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। मुझे एक किताब याद आ गई, The Monk Who Sold His Ferrari,'' अमिता ने कहा। यदि आपको एक दिन के लिए न्यासी अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तो आप टीआरएफ में क्या बदलाव लाना चाहेंगे? वेंकटेश ने पूछा। अमिता का जवाब: ''मैं अनुदानों की मंजूरी के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (SoP) रखना चाहूंगी। जब मैं अध्यक्ष थी, मैंने देखा कि एक अनुदान को स्वीकृत होने में तीन महीने लग जाते है, लेकिन इसी तरह के एक और अनुदान को स्वीकृत होने में छह महीने लगे। हम कॉरपोरेटों के प्रति जवाबदेह थे क्योंकि इसमें सीएसआर निधि शामिल थी और हमारे पास देरी के लिए स्पष्टीकरण नहीं था। हमारी प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी।''

रो ई निदेशक भरत पांड्या

रश्मि ने कहा कि वह इस तथ्य को पसंद करती है कि ''अक्षय निधि के माध्यम से हम टीआरएफ को जो पैसा देते है, वह डीडीएफ के रूप में हमारे पास वापस आ जाएगा और वैश्विक अनुदान परियोजनाओं को निष्पादित करने में मेरे क्लब की मदद करेगा, न केवल अभी, बल्कि हमारे जाने के बाद भी। उनके अनुसार संस्थान के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने चाहिए। अभी भी कई लोग सोचते है कि यह एक धन संचित करने वाला निकाय है। वास्तव में, हमारा संस्थान इससे कई अधिक करता है। लोगों को इसकी शक्ति के बारे में बताने से लोग उदारतापूर्वक योगदान करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।''

इस सवाल पर कि वह अपने गैर-रोटरी मित्रों को रोटरी के बारे में कैसे बताएंगे, कुरैशी ने कहा कि आमतौर पर जब दोस्त मिलते है तो वे राजनीति, अर्थव्यवस्था या बजट पर चर्चा करते है। ''लेकिन जब रोटेरियन मिलते है तो हम सेवा परियोजनाओं और समुदायों में उनसे उत्पन्न हुए प्रभावों पर चर्चा करते है। हम समुदायों में अच्छा करने के लिए एक सामान्य बंधन और जुनून साझा करते है। रोटेरियनों के बीच की दोस्ती कुछ ड्रिंक और भोजन से कहीं अधिक गहरी होती है। हम पंछियों की तरह एक दूसरे के साथ घूमते है।'' ■

रो ई निदेशक कमल संघवी

रोटरी को अब हमारे ग्रह को बचाने हेतु कार्य करना चाहिए: होल्गर नेक

टीम रोटरी न्यूज़

पृथ्वी को बचाने के लिए एक मजबूत स्वर में बात करते हुए, रो ई अध्यक्ष होल्गर नेक ने रोटरी क्लबों से मअब कार्यफ करने का आग्रह किया। मानवता की सेवा करने का एक अनिवार्य हिस्सा ''अपने ग्रह की देखभाल करना और जलवायु परिवर्तन के सबसे बेकार संभावित प्रभावों से इसकी रक्षा करना है।''

उन्होंने आभासी प्रतिनिधियों को लगातार हमारे आस-पास होने वाली आपदाओं से अवगत कराया - ऑस्ट्रेलिया और कैलिफोर्निया में जंगलों की आग, मध्य अमेरिकी और प्रशांत देशों में तूफान। ''हमारा पर्यावरण खतरे में है। और अब रोटरी के ध्यानाकर्षण क्षेत्र में पर्यावरण शामिल है। रोटरी के कार्य करने का यह उचित समय है। और यह इतना महत्वपूर्ण है कि हम अपने कार्यक्रमों और सेवा परियोजनाओं में पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर ज़ोर देते है'', नेक ने कहा। रोटरेक्टरों सहित युवा चाहते है कि रोटरी पारिस्थितिकीय मुद्दों पर स्पष्ट कदम उठाए और वे स्पष्ट दृष्टिकोण और समाधानों के साथ हमें नेतृत्व करते देखना चाहते है। 2020 के महामारी माह को याद करते हुए उन्होंने कहा, ''यह काफी लंबे समय से चला आ रहा है। वर्षों से भयानक महामारियों की भविष्यवाणी की जा रही है। और जब तक कि कोविड ने एक डिजिटल, ऑनलाइन दुनिया को जरूरी नहीं बना दिया, तब तक यह कार्यान्वयन प्रक्रिया में ही था।''



नया वैश्विक गाँव

लेकिन दुनिया भर के रोटरी क्लबों ने एक-दूसरे के प्रति अधिक चिंता व्यक्त करते हुए इन चुनौतियों का सामना किया। ''हमारे क्लबों ने उन सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण परामर्शदाता की भूमिका निभाई जिनके व्यवसायों ने महामारी की मार झेली। और हमने सीखा कि एक-दूसरे पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना अक्सर एक महत्वपूर्ण सेवा कार्य होता है जिसे हम कर सकते है।''

क्लबों ने एक कठिन समय का सामना किया है, और ''हम इस संकट से बचे रहने के लिए मजबूत बन रहे है।'' कई लोगों ने अपनी नौकरी और व्यवसाय खो दिया। लोगों के लिए जीवन हर जगह बहुत कठिन हो गया है, और अब लोगों को मदद की आवश्यकता पहले से बहुत ज्यादा है। ''हमें बहुत कुछ त्यागने हेतु मजबूर किया गया है - न केवल हाथ मिलाने जैसी साधारण चीज़ बल्कि हमारे जीने का पूरा तरीका।'' लेकिन यह केवल नुकसान भरा एक वर्ष नहीं रहा। बल्कि यह नए अवसरों का भी एक वर्ष था। ''सामाजिक मीडिया और ऑनलाइन संपर्क अधिक महत्वपूर्ण हो गए है। अब, हम सभी को आभासी रूप से मिलने की आदत हो गई है'', उन्होंने बताया। नए सामाजिक नियमों के साथ एक नया वैश्विक गाँव उभरा है। आमतौर पर जो लोग बात करते हुए एक दूसरे की आंखों में नहीं झांकते थे अब वे ज़ूम पर ऐसा करने के आदी हो गए है, उन्होंने कहा। ''आज, शारीरिक दूरी बनाए रखने की आवश्यकता है। लेकिन अब हम एक पूर्ण रूप से नई नज़दीकियों को समझ रहे है।''

उन्हें उम्मीद है कि 2021 में नए टीकों और उपचारों के साथ दुनिया सामान्य स्थिति के कुछ करीब लौटना शुरू कर देगी। ''लेकिन यह एक अलग सामान्य स्थिति होगी और हमारे पास इस (डिजिटल) युग को अपनाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। आगे चलकर हमें अप्रत्याशित घटनाओं के लिए सावधानीपूर्वक तैयारी करने की आवश्यकता होगी। भविष्य को अपनाने का अर्थ स्वयं से सच्चाई से जुड़ना भी है'', उन्होंने समझाया।

रोटरी में सेवा, साहचर्य, विविधता, अखंडता और नेतृत्व जैसे पांच मुख्य मूल्य मिलकर संगठन का आधार बनते है। ''अगर हम हर समय सभी मूल्यों को नहीं अपनाते तो यह सब सिर्फ बातें ही रह जाती'', नेक ने कहा। रो ई ने एक विविधता, समानता और समावेशन कार्य बल तैयार किया है और यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए है कि ''रोटरी हमारे द्वारा स्थापित विविध लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए आगे बढ़ती रहे।''

रोटरी सिर्फ एक क्लब नहीं है जिससे आप जुड़ते है। ''यह सेवा हेतु अंतहीन अवसरों के लिए एक निमंत्रण है'', विशेष रूप से पोलियो को समाप्त करने हेतु की गई हमारी ऐतिहासिक परियोजना के लिए और ''हमारे मुख्य मूल्यों के आधार पर दुनिया भर के दोस्तों के साथ एक समृद्ध और अधिक सार्थक जीवन जीने के लिए'', उन्होंने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा। ■

रोटरी में नेतृत्व का अर्थ है अपने समकक्ष व्यक्तियों का नेतृत्व करना: कल्याण बेनर्जी

टीम रोटरी न्यूज़

आपका कार्यालय केवल एक वर्ष के लिए है और आप अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। लेकिन अगर आप एक वर्ष में कुछ बड़ा करने के लिए एकदम शुरुआत से शुरू करेंगे, तो आप असफल हो जाएंगे। आपको अपने आप, या अपने कार्यकाल से परे जाकर क्लबों, समुदायों और हमारे संगठन की दीर्घकालिक भलाई को देखने की जरूरत है। इस प्रकार हम हमारी परिकल्पना को साकार करने के करीब पहुँच पाएंगे, पूर्व रो ई अध्यक्ष कल्याण बेनर्जी ने इस साल फरवरी में आभासी रूप से सम्पन्न हुई अंतर्राष्ट्रीय सभा के एक सत्र में DGEओं और DGNओं को प्रेरित करते हुए कहा।

दुनिया भर के मंडल नेतृत्वकर्ताओं का अभिवादन करते हुए, उन्होंने कहा, ''हम सभी आज विशिष्ट रूप से जुड़े हुए है, केवल अपने कंप्यूटर, आईपैड और सेल फोन के माध्यम से और ऐसी परिस्थितियों में जो न केवल असामान्य है बल्कि अभूतपूर्व भी है। आइए इस भयानक महामारी के अंत को देखने एवं एक साथ साहसी और सुरक्षित नई दुनिया का आनंद लेने की उम्मीद करें।''

रोटरी के मूल मूल्यों के महत्व को दोहराते हुए और नाइजीरिया में भारतीय रोटेरियनों द्वारा किए गए चिकित्सीय मिशनों का, एवं कैरेबियाई देशों में अमेरिकी रोटेरियनों द्वारा विनाशकारी तूफान के बाद घरों को ठीक करने एवं उनका पुनर्निर्माण करने में की गई मदद का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि मित्रता, विविधता, अखंडता और इन सबसे ऊपर, ''हमारे नेतृत्व ने हमें उस सेवा में संलग्न होने के लिए प्रेरित किया है जो हम प्रदान करते है।''

रोटेरियन हमेशा से नेतृत्वकर्ता रहे है, उन्होंने कहा, और पिछले रो ई अध्यक्षों राजेंद्र साबू के नेतृत्व पर प्रकाश डाला ''जिन्होंने हमारे अद्वितीय शांति छात्रवृत्ति कार्यक्रम की परिकल्पना की, जो दुनिया भर में स्थायी शांति के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध राजदूतों का निर्माण करता है;'' सर क्लेम रेनॉफ ''जिन्होंने रोटरी को पहली बार बहुत बड़ी अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाएं करने के लिए प्रेरित किया;'' लुइस ''जियाए जिन्होंने हमारे रोटरी फाउंडेशन कार्यक्रम को अधिक केंद्रित, अधिक प्रभावशाली बनाने में मदद की;'' और क्लिफ डॉक्टरमैन और कार्लोस कोंसेको ''जिन्होंने दुनिया से पोलियो को खत्म करने की हमारी खोज में रोटरी को शामिल करने में मदद की।''

रोटरी में, नेतृत्व का एक हिस्सा एक आदर्श व्यक्ति बनने के बारे में भी होता है। ''रोटरी में नेतृत्व करना अलग होता है क्योंकि यहाँ पर आप अपने समकक्ष व्यक्तियों का नेतृत्व करते है। आपका काम आदेश देने का नहीं होता है; बल्कि आप सहयोग करते है,'' बेनर्जी ने कहा।

महान नेतृत्वकर्ताओं की यात्रा कभी भी नेता बनने से शुरू नहीं होती है। उनकी यात्रा की शुरुआत एक बदलाव लाने के लिए होती है। ''इसमें भूमिका मायने नहीं रखती। बल्कि लक्ष्य मायने रखता है,'' उन्होंने कहा, आगे यह कहते हुए कि अच्छे नेतृत्व का मकसद जो बुरा कर रहे है उनकी अच्छा करने में, और जो अच्छा कर रहे है उनकी और भी अच्छा करने में मदद करना होता है। ''यदि आप एक अच्छे नेता के सभी गुणों को लेकर उसका एक शब्द में सार निकालेंगे, तो वह शब्द 'विश्वास' होगा। चाहे जो भी हो, महान नेतृत्वकर्ता कभी भी अपने हिस्से से अधिक श्रेय लेने या अपने हिस्से से कम दोष स्वीकारने का काम नहीं करते है। हो सकता है कि उनके पास सभी सवालों के जवाब न हो, लेकिन वे आपका जवाब खोजने में मार्गदर्शन करेंगे। वे आपको सुनते है, प्रोत्साहित करते है और प्रेरित करते है।''

उन्होंने मंडल के नेतृत्वकर्ताओं को इस बात पर विचार करने और इस पर कार्य करने के लिए कहा: ''ऐसा नेतृत्वकर्ता बने जिसके बारे में मंडल के रोटेरियन कहे कि, मयदि मैं कभी मंडल गवर्नर बनूँ, तो उनके जैसा बनूँ। यह नेतृत्व का स्वर्ण-मान है।''

''जब आप 2021-22 वर्ष की शुरुआत करेंगे और उम्मीद है कि नए टीके तब तक जीवन को स्थिर कर देंगे - तो सबसे अच्छी चीज़ जो आप कर सकते है वह है अपने मंडल को मजबूत बनाना। अंत में, हमें यह याद रखने की जरूरत है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि श्रेय किसे मिलता है'', उन्होंने कहा।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शब्दों का हवाला देते हुए: 'हमारी दुनिया में दो तरह के लोग होते है - पहले वे जो काम करते है और दूसरे वे जो श्रेय लेते है'', बेनर्जी ने मंडल नेतृत्वकर्ताओं को यह कहते हुए सलाह दी, ''हमेशा पहले व्यक्ति जैसा बनने का प्रयास करें। क्योंकि वहां प्रतिस्पर्धा बहुत कम है।''■



DGयों को सदस्यता बनाए रखना चाहिए

जॉन ह्यूको

टीम रोटरी न्यूज़

स्वास्थ्य, भूख, और मानवता के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सेवा परियोजनाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए 3-H ग्रांट कार्यक्रमों का निर्माण और दूसरा, पोलियोप्लस का सृजन, रोटरी के इतिहास में दो परिवर्तनकारी मोड़ है, रो ई महासचिव जॉन ह्यूको ने आभासी अंतर्राष्ट्रीय सभा में अपने सम्बोधन में कहा।

वास्तव में, बड़े पैमाने पर दूसरों के स्वास्थ्य और तंदरुस्ती को परिवर्तित करने की अवधारणा अब रोटरी के DNA का हिस्सा है। फिर भी जिस समय इन विचारों की कल्पना की गई थी, उन्हें लगभग क्रांतिकारी और गम्भीर चर्चा का विषय समझा जाता था, उन्होंने याद किया। PRIP जिम बॉमर ने 1979 अंतर्राष्ट्रीय सभा में इस बहस के बारे में बात की थी। उन्हें एक रोटरी सदस्य से एक पत्र मिला था जिसमें कहा गया था, आप जानते है, हमें किसी भी बदलाव की आवश्यकता नहीं है। सब कुछ ठीक है। अभी जैसा है वैसा ही रहने दीजिए। और जवाब में, बॉमर ने पूछा कि क्या चीजें जैसी है वैसा ही रखने देने से 21वीं सदी के परीक्षण एवं मांगों को पूरा किया जा सकेगा।

बदलती हुई दुनिया में रोटरी की नीतियों और दृष्टिकोण को अनुकूलित करने की स्पष्ट आवश्यकता है। और, रो ई मंडल, फाउंडेशन न्यासियों, और विधान परिषद के फैसलों के कारण, 3-H कार्यक्रम की शुरुआत की गई और रोटरी में कॉर्पोरेट कार्यक्रमों के खिलाफ 55 साल से लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया।

पोलियोप्लस की वजह से, 19 मिलियन लोग जो अन्यथा विकलांग हो चुके होते, आज चल-फिर रहे है और वैश्विक स्तर पर रोटरी का कद एक ऐसे स्तर तक बढ़ा दिया गया है जिसके बारे में हम कभी सपने में भी नहीं सोच सकते थे। ''यदि 3-H और पोलियोप्लस कार्यक्रम रोटरी के 20वीं सदी के इतिहास में निर्णायक मोड़ थे, तो कोरोनवायरस का वर्ष 21वीं में अनुकूलित होने की रोटरी की क्षमता का एक परीक्षण है। हालांकि, नए और दिलेर विचारों को प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है, फिर भी यदि वे रोटरी को लगातार बढ़ने और समृद्ध बनाने की आवश्यकता के लिए उत्तरदायी होते है, तो वे टिके रहेंगे'', ह्यूको ने समझाया।

सेवा के अवसर

जब हम 3-H और पोलियोप्लस के बारे में सोचते है, तो उन्हें एक कारण से रोटरी सदस्यों के विशाल बहुमत द्वारा समर्थित किया गया था: उन्होंने सदस्यों को सेवा परियोजनाओं के माध्यम से एक प्रभाव बनाने के लिए अवसर प्रदान किए थे। ''याद रखें, संलग्न सदस्य रोटरी के साथ बने रहते है, और रोटरी के माध्यम से वे महान चीजों को पूरा कर सकते है, उन्होंने कहा। और सदस्यों को संलग्न करने के लिए सेवा अवसरों की विविधता आज पहले से कई अधिक है। चाहे आप स्थानीय हाई स्कूल के छात्रों को परामर्श देना चाहते हो या हमारे नवीनतम ध्यानाकर्षण क्षेत्र, पर्यावरण, में या हमारे नवीनतम अनुदान प्रकार, प्रोग्राम्स ऑफ स्केल, में भाग लेना चाहते है, रोटरी में सभी के लिए करने हेतु वास्तव में कुछ है।''

नए सदस्यों को शुरुआत से ही स्पष्ट भूमिकाएं दी जानी चाहिए, उन्होंने कहा और एक उदाहरण का हवाला दिया। अमेरिका के न्यू जर्सी स्थित रोटरी क्लब ऑफ सेंट्रल ओशन ने Bring your own project पहल लागू की है ताकि नए सदस्यों को तत्काल ही कुछ महत्वपूर्ण चीज़ का स्वामित्व प्रदान किया जा सके। क्लब एक रोटरी वर्ष की पहली छमाही में ही नौ सेवा परियोजनाओं को पूरा कर पाया और इस तरह अपने नवीनतम सदस्यों को संलग्न और रोके रख पाया।

अब, क्लब स्तर पर व्यस्त होने के अलावा, साहचर्य और रोटरी एक्शन ग्रुप दुनिया भर के ऐसे सदस्यों को एक साथ जोड़ते है जो एक जैसा जुनून साझा करते है। ''और सदस्यों को व्यस्त रखने के लिए, हमें उन्हें रोटरी लर्निंग सेंटर पर उपलब्ध एक दर्जन से अधिक भाषाओं में 600 से अधिक पाठ्यक्रमों का पूरा उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहिए। और वे टोस्टमास्टर्स के साथ रोटरी के गठबंधन की वजह से उपलब्ध नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम को भी कर सकते है'', ह्यूको ने कहा।

अधिकांश कंपनियों के लिए, ''कोविड ने डिजिटल तकनीकों को अपनाने में कई वर्षों आगे तक का काम अभी कर दिया है, और आगे बढ़ने के साथ कुछ चीजें हमें स्थायी रूप से बदलनी होगी। मंडल गवर्नरों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अब आपके नेतृत्व करने का समय है, इस संकट से उभरते समय एक बेहतर दुनिया को आकार दें। और यदि आप हमारी सबसे बड़ी संपत्ति - हमारे सदस्यों को संलग्न और बनाए रख सके - तो हम इस पल का भरपूर लाभ ले सकते है और बेहतर भविष्य की तैयारी कर सकते है।''

मंडल गवर्नर प्रशासकों के मुकाबले कहीं अधिक है। आप परिवर्तन और नवाचार के एजेंट है। रोटरी के महानतम नवप्रवर्तकों में से एक, दिवंगत PRIP लुइस विसेंट गिए के शब्दों में, आप 'भविष्य के वास्तुकार है।', उन्होंने कहा। ■

भारत में रोटरी ने सदस्यता वृद्धि में नया रिकार्ड बनाया

वी मुत्तुकुमारन

23 जनवरी से एक महीने तक चलने वाले पॉल हैरिस चैलेंज में 4,000 नए सदस्यों के लक्ष्य के मुकाबले, ज़ोन 4,5,6 और 7 के 40 रो ई मंडलों में 6,087 नए रोटेरियन शामिल करते हुए और 79 नए क्लब बनाए गए। निर्वाचित रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता ने कहा, "हमारे मंडल गवर्नरों, मंडल सदस्यता चेयरमैन, रोटरी समन्वयकों, एआरसी और क्लब अध्यक्षों जैसे सच्चे नायकों द्वारा हमारे ज़ोन की सदस्यता में इस उल्लेखनीय वृद्धि के बाद रोटरी के 116 वें जन्मदिन पर हमारे पास इससे बेहतर क्या उपहार हो सकता था। यह सिर्फ हमारे अग्रणी गवर्नरों की खातिर जुलाई 2021 से और अधिक मील के पत्थर निर्धारित करने हेतु मात्र एक ट्रेलर था।" मेहता चारों जोनों में मंडलों द्वारा हासिल की गई रिकार्ड सदस्यता वृद्धि के उपलक्ष्य में पूरे भारत ज़ोन के रोटरी नेताओं के समूह को संबोधित कर रहे थे।

''एआरसी और डीजी के साथ सभी चार आरसी ने पिछले एक महीने में अपने प्रदर्शन से हमें आश्चर्यचकित कर दिया है। उनका शो काफी आश्वस्त है कि 'Each one bring one' का नारा निश्चित रूप से 70 प्रतिशत नए सदस्यों के लिए सफल होगा जो कि आंतरिक विकास के माध्यम से है, जबकि बाकी 30 प्रतिशत 'ग्रो-रोटरी-पहल' (नए क्लब बनाने) के माध्यम से सफल होगा'', उन्होंने कहा। 40 में से 28 मंडलों ने कम से कम 100 नए सदस्यों को जोड़ने का बेंचमार्क पार कर लिया है। उन्होंने आगे कहा, इसके साथ ही डीजी को हाइब्रिड क्लब शुरू करके सदस्यों को बनाए रखने के प्रयास, जिनमें आभासी और शारीरिक बैठकों का मिश्रण है, करने चाहिए। "आने वाले गवर्नरों को इस सदस्यता वृद्धि की गति को आधार बनाते हुए काम

RIPE शेखर मेहता

Paul Harris Challenge winners
Winner
RID 3054 DG Rajesh Agarwal, DMC Ashish Desai (zone-4) - 479 new members
Runners-up
RID 3212 DG PNB Murugadoss, DMC K Selvamani (zone-5) - 437 new members
RID 2981 DG Balaji Babu Rajagopal, DMC Dr C V Padmanabhan (zone-5)
RID 3060 DG Prashant Jani, DMC Amardeep S Bunnet (zone-4)
Highlights
* 28 out of 40 districts added over 100 new members, thus passing the eligibility target
* 1,940 new members were added from 49 new clubs, while 4,147 came from existing clubs
* 6,087 new members were inducted and 79 new clubs formed in one month (Jan 23-Feb 23)
* 70 per cent of new members were from internal growth, 30 per cent from new clubs
Zone highlights
* Zone-4 with 11 districts added 1,880 new members and 28 new clubs
* Zone-5 with 10 districts added 2,028 new members and 23 new clubs
* Zone-6 with 10 districts added 1,228 new members and 18 new clubs
* Zone-7 with 9 districts added 951 new members and 10 new clubs

करना है ताकि रोटरी को 13 लाख सदस्य प्राप्त हो सकें।''

प्रेरणादायक नेतृत्व

''रोटरी दुनिया के इस हिस्से के उत्कृष्ट नेतृत्व'' का विशेष उल्लेख करते हुए मेहता ने कहा कि रो ई निदेशक भरत पांड्या और कमल संघवी उनकी कार्यशैली के दो अलग-अलग व्यक्तित्व

यह सिर्फ हमारे अग्रणी गवर्नरों की खातिर जुलाई 2021 से और अधिक मील के पत्थर निर्धारित करने हेतु मात्र एक ट्रेलर था।

शेखर मेहता
निर्वाचित रो ई अध्यक्ष

हैं, ''जो एक दूसरे के पूरक हैं।'' इसी तरह उन्हें रो ई निदेशक, ए एस वेंकटेश और महेश कोटबागी जैसी जोड़ी के साथ काम करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा, रो ई बोर्ड के सदस्यों के रूप में पांड्या और सांघवी ने संगठन में काफी योगदान दिया है। जहां सांघवी अगले रोटरी वर्ष से सदस्यता वृद्धि के लिए रो ई चेयर बनेंगे, वहीं पांड्या को रो ई बोर्ड की रणनीतिक योजना समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है।

पीडीजी रवि वडलमानी एक रोटरेक्ट कमेटी के प्रमुख होंगे, जिनका काम आने वाले वर्षों के लिए पहले से निर्धारित है। रो ई मंडल 5300, अमरीका के रोटरी क्लब लास वेगास के पीडीजी शब इलावर के एक प्रश्न पर, आने वाले वर्षों में आभासी दुनिया की परिकल्पना पर, विशेष रूप से रोटेरियनों और रोटरेक्टरो को जोड़ते हुए, मेहता ने कहा, ''अगर मैं एक बाज़ीगर होता, तो मैं मिश्रित और आभासी क्लबों पर बाज़ी लगाता। हमें भौतिक और आभासी दोनों बैठकों का सहारा लेना चाहिए। हमें आभासी सत्रों के माध्यम से व्यस्त रहना होगा जो हमें सदस्यों को बनाए रखने में मदद करेगा।''

पांड्या ने कहा, ''हमारे ज़ोन में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है, जो हमारी फैलोशिप और सर्विस को संचालित करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संघवी ने रोटरी का भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नए विचारों और सेवा क्षमता के साथ और अधिक क्लबों की आवश्यकता बताई।'' रो ई निदेशक, कोटबागी और वेंटकेश ने डीजी को उनके इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। रोटरी क्लब गुरजीत सेखों (ज़ोन-4), आरसी आर थीनाचंद्रन (ज़ोन-5), आरसी प्रदीप मुखर्जी (ज़ोन-6) और आरसी विनयकुमार रायकर (ज़ोन-7) ने अपने ज़ोन के विजेताओं की घोषणा की। इस मौके पर पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी, राजेंद्र साबू और ट्रस्टी भोला वाहनवटी सहित करीब 650 प्रतिनिधि मौजूद थे। ■

यह हमारी कार्य योजना हैं।

हमारी प्राथमिकता

हम अपना प्रभाव बढ़ा रहे हैं

Rotary

डेटा-आधारित जगत में बढ़ना

हम सभी रोटरी में एक स्थायी परिवर्तन की विरासत चाहते है। लेकिन हम एक साथ जो कुछ भी हासिल कर रहे है अगर उसका ठोस सबूत नहीं दे सकें तो हमारे लिए अभिनव, प्रेरक परिवर्तकों को जोड़ना या उनसे साझेदारी करना मुश्किल होगा। और हमारे कार्यक्रमों और परियोजनाओं को उन तरीकों से सुधारना और भी कठिन है जो वास्तव में महत्वपूर्ण है।

डेटा संग्रहीत करके उसका विश्लेषण करने की अपनी क्षमता में सुधार करके हम अपने पूर्ण सामर्थ्य तक पहुंच सकते है। हम यह पता लगा सकते है कि कौन से कार्यक्रमों का प्रभाव पड़ रहा है और किन्हें समायोजन की आवश्यकता है। और हमने अपने पोलियो उन्मूलन प्रयासों से जो सीखा है उसका उपयोग करके हम स्थायी परिवर्तन लाने हेतु सबसे अधिक क्षमता वाले कार्यक्रमों को दोहराकर उन्हें विस्तारित करने के तरीकों की तलाश कर सकते है।

हम क्या करेंगे

- पोलियो के खिलाफ लड़ाई में हमने जो कुछ भी सीखा है उसे अपने सभी ध्यानाकर्षण क्षेत्रों पर लागू करेंगे
- सबसे अधिक प्रभावी कार्यक्रमों हेतु अपने प्रयास और संसाधन निर्देशित करेंगे
- एक ऐसी माप पद्धति और बुनियादी ढांचे का निर्माण करेंगे जो रोटरी के लिए सही हो

आपका क्लब क्या कर सकता है

ध्यान दें
उन मुद्दों और परियोजनाओं पर जो आपके समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है

संग्रहीत करें
अपनी परियोजनाओं के पहले और बाद के डेटा को

साझा करें
आपके द्वारा लाए जा रहे गौर करने लायक परिवर्तनों की कहानियों को

प्रतिबद्ध रहें
उन परियोजनाओं में समय के साथ सुधार लाने के लिए

और अधिक जानना चाहते है?

पूरा एक्शन प्लान rotary.org/actionplan पर पढ़ें

© Rotary

Rotary PEOPLE OF ACTION

सजावटी मछलीपालन से महिलाओं का सशक्तिकरण

किरण ज़ेहरा

ऐसा कहा जाता है कि किसी व्यक्ति को मछली देने से बेहतर है उससे मछली पकड़ना सिखा दिया जाएँ। यहाँ पर एक क्लब है जो ग्रामीण महिलाओं को उनकी आजीविका के लिए असाधारण किस्म की मछलियों को पालना सिखाता है।

पश्चिम बंगाल के सुंदरबन इलाके में एक नदी के किनारे बसे गांव चनाकोली की रहने वाली मंजुलता हेम्ब्रम कहती है, ''हम सिर्फ मछलीपालन नहीं कर रहे है, हम स्वाभिमान भी अर्जित कर रहे है।'' 2014 में रोटरी क्लब भुवनेश्वर एकाम्र क्षेत्र, रो ई मंडल 3262, द्वारा अपनाए जाने के बाद से इस गांव ने केवल अच्छे दिनों को ही देखा है। ''गाँव की लगभग हर महिला पढ़-लिख सकती है, अपने नाम का हस्ताक्षर कर सकती है, यह सब क्लब द्वारा स्थापित वयस्क साक्षरता केंद्र की बदौलत संभव हुआ। हम में से कुछ ने क्लब द्वारा आयोजित अनेक कौशल विकास कार्यक्रमों में दाखिला लिया है जो हमें जीविकोपार्जन करने एवं घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने में मदद करते है'', वह आगे कहती है।

क्लब के वयस्क साक्षरता केंद्र - स्वाभिमान केंद्र से लेकर कौशल विकास कार्यक्रमों, जो आजीविका के एक विकल्प के रूप में कपड़े के थैले बनाना, अगरबत्ती बनाना, मशरूम उगाना और सजावटी मछलीपालन करना सिखाते है, के माध्यम से क्लब का ध्यान गाँव की महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने पर केंद्रित है। क्लब की अध्यक्ष डॉ बानी सेनगुप्ता कहती है, ''क्योंकि जब वह उस छोटे से व्यवसाय और अपने घर का प्रबंधन करने में सक्षम होती है, तो परिवार के एक कमाऊ सदस्य के रूप में, उसे धीरे-धीरे अपने परिवार के ही नहीं बल्कि अपने समुदाय के समग्र विकास में योगदान करने की अपनी क्षमता का भी एहसास होता है।''

इस गांव की पंद्रह महिलाओं को हाल ही में केंद्रीय अन्तर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (CIFRI) के सहयोग से क्लब द्वारा शुरू की गई सजावटी मछली पालन पहल के लाभार्थियों के रूप में चुना गया था। फरवरी में लाभार्थियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए CIFRI, बैरकपुर, ले जाया गया। यात्रा, भोजन, आवास, प्रशिक्षण, और अध्ययन सामग्री का खर्च, जो प्रति लाभार्थी ₹ 30,000 आया, का ध्यान CIFRI द्वारा रखा गया। बानी कहती है, ''यह केवल रोटरी क्लब भुवनेश्वर रॉयल के अध्यक्ष

जब वह उस छोटे से व्यवसाय और अपने घर का प्रबंधन करने में सक्षम होती है, तो परिवार के एक कमाऊ सदस्य के रूप में, अपने परिवार के ही नहीं बल्कि अपने समुदाय के समग्र विकास में योगदान करने की अपनी क्षमता का भी एहसास होता है।

महिलाएँ मछलियों को पालना सिखाते हुए।

प्राकृतिक रूप से एक पोषणकर्ता होने के नाते महिलाएं मछली प्रजनन प्रक्रिया को भली-भांति समझती है, और जल्दी से चारा तैयार करने, बीमार मच्छलियों का इलाज करने एवं नवजात मच्छलियों की देखभाल करने के कौशल विकसित कर सकती है।

भुबनेश्वर के पास दमाना बस्ती में मशरूम खेती कार्यक्रम।

बसंत कुमार दास के कारण संभव हुआ जो CIFRI, बैरकपुर, के निदेशक है।''

लॉकडाउन के दौरान बिक्री में ठहराव आने के कारण जब महिलाओं को कपड़े के थैले और अगरबत्ती बनाने का काम रोकना पड़ा, ''दास ने सुझाव दिया कि सजावटी मछलियों का पालन उन्हें तब तक व्यस्त रखेगा, जब तक कि मच्छलियाँ बढ़ी ना हो जाए और लॉकडाउन हटने के बाद एक स्थिर आय उत्पन्न होना शुरू ना हो जाए'', वह आगे कहती है। प्रशिक्षण के बाद उनमें से प्रत्येक ने PDG सिबाबरता दास की उपस्थिति में फाइबरग्लास से बने पोर्टेबल फिश टैंक, उपकरण, मच्छलियों का चारा और मछलियों के बच्चे प्राप्त किए।

दास समझाते है कि दुनिया भर में एक शौक के रूप में शुरू हुआ सजावटी मछलीपालन अब एक वाणिज्यिक व्यापार गतिविधि बन गई है। भारतीय सजावटी मछली के प्रमुख आयातक देश सिंगापुर, जापान, अमेरिका, मलेशिया और जर्मनी है। ''इस क्षेत्र को रोजगार के अवसर पैदा करने, गरीबी को कम करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में योगदान करने की अपनी क्षमता के कारण पहचान मिली है'', वह कहते है।

सजावटी मछलीपालन के स्थानीय प्रशिक्षक और उद्यमी रामेश्वर दास, जो इस पहल के प्रशिक्षण को संभालते है, कहते है कि प्राकृतिक रूप से एक पोषणकर्ता होने के नाते महिलाएं मछली प्रजनन प्रक्रिया को भली-भांति समझती है, और जल्दी से चारा तैयार करने, बीमार मच्छलियों का इलाज करने एवं नवजात मच्छलियों की देखभाल करने के कौशल विकसित कर सकती है। ''वे दिल लगाकर इस गतिविधि को करती है क्योंकि उनके परिवार आजीविका के लिए इस पर निर्भर होते है। वे अपने बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए दृढ़-संकल्पित होती है, और इसके लिए वे मछली बाजार में मछली साफ करने, छीलने, और झींगों को काटने जैसा काम भी करती है। सजावटी मछलीपालन उन्हें अपने घरों के बाहर रोजगार की तलाश के डर के बिना थोड़ा अतिरिक्त कमाने में मदद करता है।''

ग्रामीण महिलाओं के लिए चीजों को आसान बनाने के लिए दास ने भुवनेश्वर स्थित उनकी दुकान पर अपनी सजावटी मछलियों का व्यापार करने या इस विषय पर अपने संदेह को दूर करने के लिए आने वाली महिलाओं को ऑटो का किराया देने की पेशकश की है। चुनाकोली की महिलाएं वर्तमान में गोल्डफिश, ज़ेबरा डैनियो और ब्लैक विडो टेट्रा जैसी सजावटी मछली की छह प्रजातियों का पालन कर रही है।

मशरूम की खेती

इसके अलावा क्लब ने लॉकडाउन के दौरान भुवनेश्वर के पास दमाना बस्ती की महिलाओं के लिए मशरूम की खेती का कार्यक्रम शुरू किया। हॉर्टिकल्चर ऑफिसर और रोटरी क्लब भुवनेश्वर कॉनफ्लुएंस के सदस्य रोटेरियन गोपीनाथ कर के माध्यम से मलकानगिरि के बागवानी विभाग के साथ हुई एक साझेदारी द्वारा 15 वंचित महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। महिलाओं द्वारा उनके अपने घरों में मशरूम की खेती शुरू करने के लिए बानी ने ₹4,500 की कुल लागत पर कच्चे माल का वित्त पोषण किया। इस पहल ने उन्हें मशरूम के लिए सही तरह की खाद का निर्माण, फसल काटना और खेती करना सिखाया है। फसल को उगाना और उत्पादन में वृद्धि करने पर भी सबक दिए गए। ''यह एक आसान तरीका है जिसे घर के अंदर ही किया जा सकता है और इसे ज़्यादा जगह की ज़रूरत भी नहीं होती है। लाभार्थियों ने सीप मशरूम की दूसरी फसल पूरी कर ली है और गर्मियों के लिए वे बटन मशरूम उगाना शुरू कर रहे है'', एक उत्साहित बानी प्रसन्नतापूर्वक बताती है।

क्लब के सदस्य नियमित रूप से विकास की जांच करने के लिए दोनों परियोजनाओं पर जाते है। क्लब ने चूनाकोली गांव के स्कूल को लिंग-पृथक शौचालय खंड, एक पुस्तकालय और एक सुव्यवस्थित परिसर के साथ एक हैप्पी स्कूल में बदल दिया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, क्लब ने महिलाओं के अधिकारों पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। बानी कहती है, ''हम कम उम्र में ही उन्हें सिखना चाहते है और लड़कियों को व्यवस्था और कानून के बारे में जागरूक करना चाहते है। ताकि वे यह जान सकें कि यदि कभी आवश्यक हो तो वे हमारे या स्थानीय अधिकारियों तक पहुँच सकती है। हम भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियान चलाएंगे।'' ■

फिनिश महिलाओं के उत्थान पर एक नज़र

जयश्री

36 वर्ष की उम्र में, फिनलैंड की प्रधान मंत्री सन्ना मारिन संभवत: दुनिया की सबसे युवा प्रधानमंत्री हैं और उनकी कैबिनेट में अधिकांश सदस्य महिलाऐं हैं। फिनलैंड में समानता के सन्दर्भ में पुरुषों की अपेक्षाकृत महिलाओं का अनुपात बेहतर है समाज और व्यापार में उन्हें आदर और सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

फिनलैंड से रो ई निदेशक डॉ विरपि हंकाला ने रोटरी इंटरनेशनल वूमन्स (RIW) समूह द्वारा हाल ही में 'फिनिश समाज और रोटरी में महिलाएं विषय पर आयोजित जूम मीट को संबोधित करते हुए इस तथ्य को साझा किया। 'मासिक स्वास्थ्य और स्वच्छता' के लिए पिछले साल अप्रैल में गठित इस रोटरी एक्शन ग्रुप में 30 देशों की महिला रोटेरियन सदस्य हैं और रो ई द्वारा इसके आधिकारिक मान्यता की प्रतीक्षा कर रही है।

महिला अधिकारों के सन्दर्भ में ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स में इस देश को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था और महिला समानता के लिए ये शीर्ष देशों में शुमार है। 1906 में फिनलैंड महिलाओं को मतदान और चुनाव में खड़े होने का अधिकार देने वाले शुरुआती राष्ट्रों में से एक था। ''ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाद इस सुविधा का आनंद लेने वाले दुनिया में हम तीसरे देश थे। उसके अगले साल 19 महिलाओं को सांसद के रूप में चुना गया - विश्व इतिहास में पहली बार!'' विरपि ने बताया।

रो ई निदेशक डॉ विरपि डंकाला

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाद महिलाओं को मतदान और चुनाव में खड़े होने का अधिकार देने में दुनिया में हम तीसरे देश थे।

2003 में लैंगिक समानता के लिए प्रस्तावित देश के गवर्नमेंट एक्शन प्लान फॉर जेंडर इक्वेलिटी में 100 से अधिक मुद्दों को शामिल किया गया था जिसमें समान कार्य के लिए समान वेतन को बढ़ावा देने, राजनैतिक और आर्थिक भूमिकाओं में महिलाओं की बढ़ोतरी, पुरुष के दृष्टिकोण से लैंगिक समानता का आकलन, घरेलू हिंसा और अंतरंग साथी से हिंसा की रोकथाम और मानव तस्करी के पीड़ितों की रक्षा इन मुद्दों में शामिल था।

फिनलैंड के राहे हॉस्पिटल्स में सर्जरी विभाग की प्रमुख विरपि यहां की चिकित्सा निदेशक भी हैं। जब वह 1986 में एक सामान्य सर्जन बनीं, ''बस उस वक़्त से परिवर्तन शुरू हो गया था। 1970 और 1980 के दशक की शुरुआत में पायलट, चिमनी स्वीपर, बस ड्राइवर, पादरी और सर्जन जैसे कुछ व्यवसाय केवल पुरुषों के लिए खुले थे। लेकिन जब तक मैं स्नातक हुई आगामी मेडिकल छात्रों में 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं थीं।''

1919 में, महिलाओं को पति की सहमति के बिना कार्यालयों में काम करने का अधिकार दिया गया था। ''आज ये अजीब लग सकता है। लेकिन उस समय यह एक क्रांतिकारी निर्णय था'', वह मुस्कुराई। 1860 की शुरुआत में पत्नी पर होने वाले अत्याचार को गैरकानूनी करार किया गयाथा और 1878 में, पुरुषों और महिलाओं दोनों को विरासत में मिली संपत्ति पर समान अधिकार दिए गए थे। 1901 में महिलाओं को विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए समान अधिकार दिया गया।

विरपीस ने याद किया कि 1897 में उनकी दादी ने प्राथमिक कक्षा में प्रवेश लिया था, जिसे 'रोटेटिंग स्कूल' कहा जाता था क्योंकि स्कूल बारी-बारी से विभिन्न घरों में आयोजित किया जाता था। वहां उन्होंने बुनियादी गणित और पढ़ना लिखना सीखा। 1941 में विरपि की माँ ने युद्ध के मोर्चे पर एक स्वयंसेवक के रूप में सेवाएं दी थीं। 1937 से देश में मातृत्व भत्ता और 1944 में मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य जांच के लिए कानून बनाया गया।

अभी हाल ही में, 1994 से वैवाहिक बलात्कार को अवैध करार दिया है; 1999 में सरकार ने समलैंगिक कृत्यों और व्यभिचार पर लगाए गए प्रतिबंधों को समाप्त कर दिया गया था और 2011 से अब विलिंगवेश को एक कमी नहीं माना जाता है। 2019 से देश में नाबालिगों का विवाह वर्जित है।

मासिक धर्म कप अगर पर्यावरण के लिए उचित है और अगली पीढ़ी इसके साथ सहज है, तो आइये इसको बढ़ावा दें।

फिनिश रोटरी में महिलाएं

हालांकि हेलसिंकी में रोटरी का पदार्पण पहली बार 1926 में हुआ था, 1987 के बाद जब रोटरी ने महिला सदस्यों को स्वीकार करना शुरू किया, तब से क्लब में तीन महिला अध्यक्ष रह चुकी हैं, उनमें से एक ने दो दफा कार्यालय संभाला है। विरपि 2008-09 में पहली महिला डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बनी थीं और देश की पहली महिला रो ई निदेशक। वह जनवरी 2019 में रो ई बोर्ड द्वारा आत्मसात किये गए विविधता, समानता, समावेश वक्तव्य के लिए समर्पित है।

फिनलैंड में किशोर लड़कियों में मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन ((MHM) की चर्चा करते हुए, उन्होंने कहा कि यहां स्कूल पहले से ही लड़कियों को भली भाँती शिक्षित करते हैं। ''यहाँ स्थिति बेहतर है'', एक RIW सदस्य द्वारा विशेष रूप से स्कूलों में किशोर लड़कियों के लिए उचित व्यवस्था के बारे में उठाये गए एक सवाल पर उन्होंने जवाब दिया।

एक महिला रो ई निदेशक के रूप में अपने अनुभव का ज़िक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि यह अनुभव सबसे दिलचस्प रहा। ''निर्णय सलाह मशवरों पर आधारित होता है और विभिन्न मुद्दों को समझने के लिए बहुत सारा अध्ययन और उनकी पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी लेना होता है।'' उन्होंने ब्रिटेन से RIW की संस्थापक सदस्य शर्मिला नागराजन के सुझाव का समर्थन किया, कि मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए एक पृथक रोटरी एक्शन ग्रुप की आवश्यकता है ना कि WASH रोटरी एक्शन ग्रुप के एक भाग के रूप में। ''शुरुआती कानूनों को पुरुषों द्वारा मंजूरी दे दी गई थी, लेकिन इन सभी कानूनों में परिवर्तन और सुधार के पीछे शक्तिशाली महिलाओं का एक समूह इसकी पैरवी कर रहा है कि आखिर चक्र क्यों अनिवार्य है।''

पुरुषों को मालूम होना चाहिए कि मासिक धर्म का क्या मतलब है। लड़कियों को सशक्त करना और इस दुनिया में उनकी सफलता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

सम्पूर्ण दुनिया में महिलाओं को मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ''पहले उन्हें अपवित्र भी माना जाता था, लेकिन आज वो सब हम पीछे छोड़ आये हैं। पुरुषों को मालूम होना चाहिए कि मासिक धर्म का क्या मतलब है। लड़कियों को सशक्त करना और इस दुनिया में उनकी सफलता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। मैं आपको वोट दूंगी, रो ई निदेशक ने कहा।

पीडीजी श्यामाश्री सेन ने उनसे रोटरी एक्शन ग्रुप को रो ई में आगे बढ़ाने का अनुरोध किया। ''कल जब मैंने अपने आगामी रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता को उस बालिकाओं को सशक्त करने के बारे में सुना, जो उन्होंने केवल धोने योग्य कपड़े के नैपकिन के बारे में बात की थी क्योंकि शायद वह उतना ही जानते हैं।'' उन्होंने कप के बारे में नहीं सुना होगा। ''हमारे देश में हम पुरुषों से मासिक धर्म के बारे में बात नहीं करते हैं क्योंकि आज भी हमें शर्मिंदगी महसूस होती है। लेकिन उनसे अगली मुलाक़ात में इस बारे में चर्चा ज़रूर करूंगी।''

मासिक धर्म कप को और अधिक प्रचार की आवश्यकता है। महिलाओं को यह समझने की जरूरत है कि सेनेटरी नैपकिन की तुलना में मेंस्ट्रूअल कप कैसे बेहतर है, शर्मिला ने बताया, ब्रिटेन में भी कई सुपर मार्केट मेंस्ट्रूअल कप नहीं रखते जबकि बायो-डिग्रेडेबल नैपकिन वहां मिल जाएंगे।

''अगर यह पर्यावरण के लिए उचित है और अगली पीढ़ी इसके साथ सहज है, तो आइये इसको बढ़ावा दें'', विरपि ने कहा। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

सिलाई कौशल थंजावुर में ग्रामीण महिलाओं की आजीविका बेहतर बनाता है

वी मुत्तुकुमारन

सविता प्रभाकरन (48) के लिए वह एक निर्णायक क्षण था जब उन्हें पास-आउट समारोह में प्रमाणपत्र के साथ एक सिलाई मशीन प्राप्त हुई। कम उम्र में अपने पति को खो देने के बाद, रोटरी क्लब थंजावुर साउथ, रो ई मंडल 2981, द्वारा उनके व्यावसायिक केंद्र में सिलाई में तीन महीने के प्रशिक्षण कार्यक्रम की पेशकश किए जाने से पूर्व उन्हें वर्षों तक जीवन यापन के लिए एक नौकरानी के रूप में काम करना पड़ा।

सिलाई मशीन प्राप्त करने के बाद वह ज़ोर-ज़ोर से रोने लगी और अवाक रह गई, लेकिन उन्होंने इतना कहा कि, "अब मैं इस सुविधा के साथ अपनी आजीविका बढ़ाने के बारे में सोच सकती हूँ।" उनकी सहपाठी कन्नगी पी (51) जो अपने अत्यधिक बीमार पति की देखभाल करती है, ने विश्वास के साथ कहा कि उनकी मासिक कमाई इस नए व्यवसाय के साथ कई गुना तक बढ़ जाएगी। क्लब के अध्यक्ष एस प्रभु ने कहा कि ये दो महिलाएं उन 68 महिलाओं में शामिल थी जिन्होंने पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद प्रमाणपत्र प्राप्त किए, "लेकिन उनमें से केवल दो को ही सिलाई मशीन दी गई।"

पिछले साल (2019-2020) क्लब ने मंडल अनुदानों की सहायता से 11 इलेक्ट्रॉनिक मशीनें प्रदान की थी। विधवाओं और निराश्रितों को प्राथमिकता दिए जाने के साथ, शिक्षार्थियों को समयनिष्ठा, 100 प्रतिशत उपस्थिति, कौशल विकास और मूल्यवर्धन जैसे मानदंडों के एक सेट के माध्यम से सिलाई मशीन दान करने के लिए चुना गया था। 2012 के बाद से, व्यावसायिक केंद्र ने चार बैचों के माध्यम से प्रतिवर्ष 1,056 महिलाओं को प्रशिक्षित किया है। "हमनें कोरोना लॉकडाउन के दौरान 10 महीने के लिए केंद्र को बंद कर दिया था और पिछले नवंबर में इसे फिर से शुरू किया गया," वह कहते है। "एक वर्ष में 96 महिलाओं के लिए मुफ्त सिलाई कक्षाएं आयोजित की जाती है। इस साल महामारी के कारण हमारे पास केवल 68 उम्मीदवार थे।"

क्लब अध्यक्ष एस प्रभु (बाएं से दूसरे) और रोटेरियन मोहम्मद अहिया (बाएं से तीसरा) एक लाभार्थी को सिलाई मशीन सौंपते हुए।

पास-आउट समारोह में बोलते हुए, मुख्य अतिथि और एक क्लब के सदस्य मोहम्मद इहिया ने ग्रामीण महिलाओं से समूह बनाने और अपने तैयार उत्पादों को सुशोभित करने के लिए सिलाई में मूल्यवर्धन करने का आग्रह किया, जिससे उन्हें उच्च आय प्राप्त होगी। केन्या, दुबई, यूरोप, अमेरिका, सिंगापुर और मलेशिया में 14 व्यावसायिक उद्यम चलाने वाले एक जेट-सेटिंग उद्योगपति एहिया थिरुजयुर जिले के थिरुवयारु में नादुक्कादई स्थित अपने निवास के पास एक प्रशिक्षण केंद्र (कंप्यूटर, सिलाई) चलाते है। प्रभु कहते है, "एहिया बेंगलुरु में अपने परिधान कारखाने के लिए कुशल श्रमशक्ति प्राप्त करने के लिए हमारे क्लब के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने के इच्छुक है।"

एक आत्मनिर्भर क्लब

94 सदस्यों के साथ, 43 वर्ष पुराने क्लब ने रो ई मंडल 2981 के 13 अक्षय निधि दानकर्ताओं में से सात दानकर्ता और 10 प्रमुख दानदाता दिए है। "हमारे पास अपना हॉल है - रोटरी अरुलानंद स्वामी नादर

इंडोर ऑडिटोरियम - जिसे 1983 में ₹50 लाख की लागत से बनाया गया था।" इस परिसर में भूतल पर एक विशाल हॉल है, पहली मंजिल पर व्यावसायिक केंद्र संचालित किया जाता है, एक टैरेस गार्डन और एक फूड कोर्ट है जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 5,300 वर्ग फीट है। हाल ही में, इमारत का नए इन्टीरीअर के साथ नवीनीकरण किया गया। "हमारे पास अधिशेष नकद भंडार है और समय पर सभी वार्षिक बकाया शुल्क चुकाये जाने के साथ सभी रो ई मानदंडों का पालन किया जा रहा है। हमें बाहरी लोगों से नकद सहायता की आवश्यकता नहीं है," प्रभु कहते है।

क्लब ने 1,500 से अधिक रोटरेकटरों (ग्रामीण लड़कियों) और इनरैक्ट क्लब ऑफ लिटिल स्कॉलर्स के लगभग 1,400 इंटरेक्टरों के साथ के साथ RAC बॉन सेकर्स को प्रायोजित किया। अब तक, क्लब TRF में ₹2.43 करोड़ दे चुका है। एक मिलान अनुदान परियोजना के माध्यम से इसके RCC ने अंबालापट्टू में सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक स्मार्ट कक्षा दान की। क्लब ने सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल, पनायाकोट्टई, को पुस्तकालय के लिए 15 बेंच-डेस्क और अलमारी एवं रैक दान किए। ■

RCC अंबालापट्टू द्वारा प्रायोजित एक स्मार्ट कक्षा में छात्र।

रोटरी क्लब कांगड़ा द्वारा पौध-परियोजना

टीम रोटरी न्यूज़

यदि आप हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में नरियाल पानी (कोमल नारियल पानी) पीते हैं, तो आपको खोल नहीं फेंकना होगा। रो ई मंडल 3070 के रोटरी क्लब कांगड़ा, अपने पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत शहर में कोमल नारियल विक्रेताओं को रसीले और उथले जड़ के पौधे दे रहे हैं जो खाली नारियल के खोल को मिट्टी, कोको पीट या भूसी से भरते हैं और उसमें एक पौधा लगाते हैं, ताकि आप इसे अपने घर ले जा सकें और इसे उगा सकें।

डीजी सी ए दविंदर सिंह (बाएं), उनकी पत्नी डॉली सचदेवा और क्लब के अध्यक्ष सुनील डोगरा (दाएं)।

क्लब के अध्यक्ष सुनील डोगरा कहते हैं, "हमें इस परियोजना पर बहुत ही उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली है और सबसे अच्छी बात यह है कि नारियल के खोलवाला पौधा मुफ्त दिया जाता है। आपको बस इतना करना है कि इसे अपने घर ले जाएं और अपने खोलवाले पौधे को पानी दें, जिसे एक अनोखे बगीचे में उगाया जा सकता है।"

चूंकि नारियल के खोल बायोडिग्रेडेबल होते हैं, "इसलिए वे पौधे के पोषण के लिए एक अच्छा माध्यम बनते हैं, जिसे कुछ समय बाद खोल के साथ ही मिट्टी में आसानी से प्रत्यारोपित किया जा सकता है।" डोगरा कहते हैं, नारियल की भूसी एक बेहतरीन माध्यम है क्योंकि इसमें चीनी, मिनरल्स, अमीनो एसिड और विटामिन होते हैं।

इस पर्यावरण-अनुकूल परियोजना का उद्घाटन करते हुए डीजी सीए दविंदर सिंह ने क्लब को स्वच्छ, हरित वातावरण में प्रवेश करनेवाले उसके नए विचार के लिए उसकी सराहना की। प्रोजेक्ट के पहले दिन क्लब ने 5 हजार से ज्यादा पौधे दिए थे। डोगरा आगे कहते हैं, "क्लब स्थानीय विक्रेताओं के साथ फ़ॉलो-अप रखेगा और जब भी वे पौधों के अपने पुराने स्टॉक को निकासित करेंगे, उन्हें नए पौधे दिए जाएँगे।" ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

दिव्यांगों को सशक्त बनाना

जयश्री

चेन्नई के बिल्डर्स एसोसिएशन परिसर में रविवार की सुबह उनका अभिवादन करते ही गुणशेखरन मुस्कुराने लगे। उनके चेहरे की चमक ने उनकी शारीरिक अक्षमता को मात देदी है। ''आज, इन बड़े दिलवाले रोटेरियन्स को ढेर सारा धन्यवाद कि मैं आर्थिक रूप से कहीं बेहतर स्थिति में हूं। छह महीने पहले, मैं सचमुच बहुत ही बुरी हालत में था और कोविड महामारी ने स्थिति को और खराब कर दिया था'', उन्होंने कहा। अपनी विकलांगता के कारण उन्हें एक स्थिर रोजगार नहीं मिल रहा था और वे अजीब नौकरियों पर आश्रित थे। रो ई मंडल 3232 के चेन्नई ग्रीनसिटी रोटरी क्लब ने उन्हें ठेलागाड़ी और व्यापार-पूंजी मुहैया कराया और अब वह स्नैक्स बेचकर खुश हैं और एक दिन में औसतन ₹500 कमा रहे हैं।

गुनसेकरन क्लब के पायलट कार्यक्रम (दिव्यांग लोगों की आजीविका बढ़ाने में मदद करने के लिए ठेलागाड़ी वितरित करना) के शुरुआती लाभार्थियों में से एक हैं। जुलाई 2020 में जब तमिलनाडु दिव्यांग फेडरेशन चैरिटेबल (TNDFC) ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ पी सिमचंद्रन ने क्लब के सदस्य हरिचरण से कंप्यूटर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, तबसे इस परियोजना ने मूर्त रूप लिया। आगे की चर्चाओं ने विशेष रूप से महामारी के दौरान दिव्यांगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को प्रकाश में लाया। ''उनमें से कुछ जो पहले घरेलू मदद के रूप में लगे हुए थे तथा बस स्टैंड या रेलवे स्टेशनों पर सामान बेचते थे, उनको लॉकडाउन के दौरान बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ा था। क्लब के सदस्य एस एन बालासुब्रमण्यम जो समुदाय और आर्थिक विकास के जिला अध्यक्ष भी हैं'', ने कहा, ''उन्होंने TNDFC के माध्यम से हमसे अनुरोध किया कि हम आजीविका कमाने के साधनों से उनकी मदद करें और इस तरह हमने इस परियोजना को चुना जिसे हम *माटरुनतिरान* (वैकल्पिक कौशल संवर्धन कार्यक्रम) कहते हैं।

पायलट परियोजना की सफलता के साथ उन्होंने सामुदायिक विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के जिला निदेशक डॉ. आर श्रीराम के साथ मिलकर इसे जिला स्तर तक पहुंचाया और रो ई मंडल 3232 के सभी रोटरी क्लबों को पिच इन करने का आह्वान किया। डीजी एस मुत्तुपलनियप्पन ने टीम से आग्रह किया कि वह वर्ष के अंत तक 100 ठेला गाड़ियाँ उपलब्ध कराएं। क्लबों ने प्रस्ताव को तैयार किया और जनवरी 2021 तक 40 गाड़ियाँ आर सी चेन्नई मम्बलम के साथ वितरित की गईं, जिन्होंने अधिकतम - 10 गाड़ियां प्रायोजित की हैं। लाभार्थियों ने भोजन से लेकर सब्जियों/फलों, किताबों, प्लास्टिक के बर्तनों और अन्य छोटे-मोटे सामानों के स्टॉल लगाए हैं। हाल ही में रो ई निदेशक ए एस वेंकटेश और डीजी मुत्तुपलनियप्पन की मौजूदगी में एक इवेंट में पंद्रह और गाड़ियां बांटी गईं।

एक प्राइमरी स्कूल में बच्चों की देखभाल कर रही, पोलियो पीड़ित कल्पना को महामारी के कारण नौकरी

गुणशेखरन को रोटरी क्लब चेन्नई ग्रीन सिटी द्वारा एक ठेलागाड़ी दी गई।

दाएं से : RIDE ए एस वेंकटेश; DG एस मुत्तुपलनियप्पन; मंडल समुदाय और आर्थिक विकास अध्यक्ष एस एन बालासुब्रमण्यम; मंडल समुदाय और स्वास्थ्य निदेशक डॉ आर श्रीराम; और DRFC एम अंबालावानन एक लाभार्थी के साथ।

से हाथ धोना पड़ा था। ''यह ठेलागाड़ी भगवान द्वारा भेजी गई है। मैं अब महिलाओं के कपड़े बेचने की योजना बना रहा हूं'', उन्होंने कहा। उनकी पड़ोसन राजेश्वरी अपनी बहू द्वारा तैयार किए गए सूप, पकौड़े और नमकीन को इस ठेलागाड़ी पर बेचने की योजना बना रही हैं। लाभार्थियों में उत्साह और आशा की किरण देखने योग्य थी, कुछ ज़मीन पर घिसटते हुए, कुछ लंगड़ाते हुए, और कुछ छोटे बच्चों द्वारा रस्सी से खींचकर लाए और वितरण हॉल में इकट्ठा हुए, जहाँ गाड़ियाँ खड़ी थीं।

RIDE वेंकटेश ने इस कार्यक्रम में बोलते हुए एक घटना को याद किया, जब उन्होंने केन्या, अफ्रीका में एक चिकित्सा शिविर का दौरा किया था। ''अमेरिकी रोटेरियन जो आयोजक थे, उन्होंने अफ्रीकी रोगियों को सेवा का अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया था। इसी तरह, आपकी मदद करने का हमें मौका देने के लिए हम आप में से हर एक को धन्यवाद देते हैं। रोटरी, सेवा के बारे में है और हमें सेवा करने के लिए एक मंच की आवश्यकता होती है, जो आपने हमें दिया है'', उन्होंने इकट्ठा हुए लाभार्थियों से कहा और व्यवसाय को चलाने के लिए ठेला गाड़ी और कार्यशील पूंजी सहित एक पूर्ण पैकेज प्रदान करने के लिए सामुदायिक सेवा दल की सराहना करते हुए कहा, ''उन्हें बिना साधन दिए या व्यापार करने की जानकारी दिए बिना सिर्फ ठेला गाड़ी उपलब्ध कराई जाती तो यह एक सरासर बर्बादी साबित होती।''

> हम आप में से हर एक को धन्यवाद देते हैं। रोटरी, सेवा के बारे में है और हमें सेवा करने के लिए एक मंच की आवश्यकता होती है, जो आपने हमें दिया है।
>
> **ए एस वेंकटेश**
> निर्वाचित रो ई निदेशक

डीजी मुत्तुपलनियप्पन ने कहा, ''यह रोटरी की सार्वजनिक छवि को बढ़ावा देने का एक सही तरीका है, क्योंकि शहर भर में सौ स्थानों पर 'रोटरी-लोगो' को देखा जा सकता है।'' मंडल के हस्ताक्षर परियोजना - परियोजना ऑरेंज - जो बड़े पैमाने पर परिहार्य अंधापन को संबोधित करेगा के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''हम ₹30 करोड़ की लागत से रो ई मंडल 3232 में 200 आईकेयर केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। यह एक बहुत बड़ा मील का पत्थर है, क्योंकि पिछले 15 वर्षों में भी तमिलनाडु में केवल 70 केन्द्र ही आए हैं।'' उन्होंने दिव्यांगों के लिए परियोजना शुरू करने के लिए रोटरी क्लब चेन्नई ग्रीनसिटी के अध्यक्ष कुमारन को बधाई दी।

TNDFC द्वारा दो वर्षों के लिए लाभार्थियों की पहचान और निगरानी की जाती है और ठेला गाड़ी को ₹30,000 प्रति नग की लागत से रोटरी क्लब मद्रास वेस्ट के सदस्य पंजनाथन की यूनिट में बनाया जाता है। रोटरी क्लब/गाड़ी को प्रायोजित करने वाले व्यक्ति TNDFC को पैसे का भुगतान करेंगे और धारा 80G के तहत आईटी में छूट प्रायोजक द्वारा प्राप्त की जा सकती है। गाड़ियां नीले रंग में रंगी हुई हैं तथा उनपर रोटरी व्हील और प्रायोजक क्लब का नाम लिखा हुआ है।

लाभार्थियों को बैंक ऋण लेने और उनके लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में सिखाने के लिए एक दिशानिर्देश कार्यशाला का आयोजन किया गया। बालासुब्रमण्यम ने कहा, ''हम जरूरतमंदों को घूमनेवाली पूंजी की सहायता भी देते हैं और व्यापार से जुड़े मुद्दों को सुलझाने में उनकी मदद करते हैं।'' इस कार्यक्रम में पांच प्रारंभिक लाभार्थियों को उनके प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र के साथ मान्यता दी गई। ■

RAGs - रोटरी का एक अभिन्न अंग: जॉन ह्यूको

किरण ज़ेहरा

रोई महिला समूह को रोटरी एक्शन ग्रुप फॉर मेन्स्ट्रुल हेल्थ एंड हाइजीन (RAG-MHH) के लिए रो ई बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त करने की बधाई देते हुए, रो ई महासचिव जॉन ह्यूको ने कहा, 2013 में हमारा द्वारा शुरू किया गया ''यह अनुदान मॉडल 1980 के दशक में रोटरी द्वारा शुरू की गई पोलिओ पहल के बाद अब तक की सबसे महत्वपूर्ण पहल है। लाभार्थियों को होने वाले अत्यधिक लाभ के अलावा, कई मायनों में यह हमारे संगठन के भविष्य के एक महत्वपूर्ण घटक का प्रतिनिधित्व करता है।'' RAG को बड़ा और अधिक मपनीय कहते हुए उन्होंने कहा कि वे स्थानीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़िया सार्वजनिक छवि निर्माता के रूप में काम करते है, जो बदले में अधिक सदस्यों और संभावित दानकर्ताओं को रोटरी संस्थान की ओर आकर्षित करेंगे।

RAG-MHH उनके क्षेत्रों में ऐसी परियोजनाओं को लागू करने के इच्छुक रोटेरियन को उचित संसाधन प्रदान करके एक प्रभाव उत्पन्न करने के एक उपकरण के रूप में कार्य करेगा। पैसा वसूल कार्य सम्पन्न करवाने के प्रयास में हमनें इन समूहों को एक साथ रखा है। RAG विशिष्ट विषयों और मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते है। ''इसलिए 100 समस्याओं का एक प्रतिशत हल करने के बजाय, आइए किसी एक समस्या को 100 प्रतिशत हल करें और इस मामले में, यह मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता होगा'', ह्यूको ने कहा।

जॉर्ज डब्ल्यू बुश प्रशासन में काम करने के अपने समय को याद करते हुए, जहां उन्होंने एक विदेशी सहायता एजेंसी की स्थापना की जो सुशासन, आर्थिक स्वतंत्रता और अपने नागरिकों में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध विकासशील देशों के साथ साझेदारी बनाती थी, उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्यक्रमों में से अनेक कार्यक्रम लड़कियों की प्राथमिक स्कूली शिक्षा से संबंधित होते थे। ''लेकिन यह सिर्फ कहने जितना आसान नहीं है, उन्हें एक इमारत की आवश्यकता है। उन्हें और कई चीजों की जरूरत है - पृथक शौचालय की सुविधा, भोजन, शिक्षक, पाठ्यक्रम, अध्ययन के लिए सुरक्षित स्थान... मैं आपको अन्य RAGs, आपके मामले में WASH, के साथ साझेदारी करके अपने काम को बढ़ाने और एक सच्चा प्रभाव डालने का आग्रह करता हूं। लड़कियों को शिक्षित करके वैश्विक विकास में आप सबसे बड़ा हस्तक्षेप कर सकते है। उन्होंने महिलाओं के समूह को ऐसी दीर्घकालिक संवहनीय परियोजनाओं के बारे में सोचने के लिए कहा जो व्यापक हो और किसी विशेष मुद्दे पर काम करने के बजाय उन सभी मुद्दों से पूरी तरह से निपटने के लिए कहा जिन्हें संबोधित करने की आवश्यकता है।

सदस्यता और कोविड

पिछले 25 वर्षों से 1.2 मिलियन सदस्यों की स्थिर सदस्यता संख्या का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''यह एक उत्पाद के समान है जिसे हम बाज़ार में बेचते है। यहां, हम साबुन या ब्रेड नहीं बेच रहे है। हम अनुभव बेच रहे है... उस अनुभव को जो रोटरी क्लब में शामिल होने पर मिलता है, और उस अनुभव के लिए आप अपने समय और धन के साथ भुगतान करते है।'' उन्होंने कहा कि यह ''हमारे उत्पाद पर पुनर्विचार करने का समय है, उन क्षेत्रों पर विचार करने का जहां हमें मजबूत बनने और खुद से यह पूछने की जरूरत है कि क्या हम बाजार में कुछ ऐसा पेश कर सकते है जो संभावित सदस्यों को अधिक आकर्षक लग सकता हो?'' RAGs इस अनुभव को परिष्कृत और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है, उन्होंने कहा।

इस बात से इंकार ना करते हुए कि रोटरी ने सदस्यता में मामूली गिरावट देखी है, ह्यूको ने याद दिलाया कि ''हमारे इतिहास में केवल एक ही समय ऐसा था जब हमने सदस्यता में महत्वपूर्ण गिरावट देखी थी - 1930 के दशक में आई मंदी के बाद दो वर्षों तक।'' सदस्यता पांच फीसदी तक कम हो गई थी। ''वैश्विक स्तर पर सदस्यता में प्रत्येक एक प्रतिशत की गिरावट से रोटरी को 800,000 डॉलर राजस्व का नुकसान होता है। इसलिए जब सदस्यता में पांच प्रतिशत की गिरावट होती है, तो इससे राजस्व को 4 मिलियन डॉलर का नुकसान होता है।

सौभाग्य से, रोटरी ने, इतने वर्षों के दौरान, आपके पैसे का विवेकपूर्ण इस्तेमाल किया है, रो ई और रोटरी संस्थान दोनों के पास बहुत ठोस भंडार है, इन संकटों से उबरने हेतु आवश्यक जरूरतों से अधिक। प्रचालन एवं वित्त दोनों ही स्तर पर रोटरी की स्थिति सशक्त है।''

एक सवाल का जवाब देते हुए कि रोटरी ने कोविड संकट पर कैसी प्रतिक्रिया दी, ह्यूको ने कहा कि कोविड संकट शुरू होने के तुरंत बाद, संस्थान के न्यासी मंडल ने एक कोविड आपदा प्रतिक्रिया निधि का सृजन किया, जो अंततः बढ़कर 7 मिलियन डॉलर तक पहुँच गई जिससे प्रत्येक रोटरी मंडल कोविड संबंधी गतिविधियों के लिए एक मुश्त 25,000 डॉलर के अनुदान के लिए आवेदन सका। 300 से अधिक मंडलों को ये एकमुश्त अनुदान प्राप्त हुए।'' वह निधि अब समाप्त हो चुकी है और कोविड राहत कार्यों के लिए अतिरिक्त 20 मिलियन डॉलर के वैश्विक अनुदान स्वीकृत किए गए है। इस संकट के पहले

कुछ महीनों के भीतर, हमनें 30 मिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की कोविड संबंधित गतिविधियों का निधीयन किया। और निश्चित रूप से, यह राशि रोटेरियनों द्वारा क्लब, मंडल या क्षेत्रीय स्तर पर किए गए सभी असाधारण प्रयासों के मुकाबले कुछ भी नहीं है।'' ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

पटियाला में जरूरतमंद महिलाओं को दान की गईं सिलाई मशीनें

टीम रोटरी न्यूज़

रोई मंडल 3090 के रोटरी क्लब पटियाला मिडटाउन, द्वारा चलाए जा रहे मुफ़्त सिलाई सेंटर के पहले बैच को कोर्स कंप्लीशन सर्टिफिकेट के साथ पंद्रह सिलाई मशीनें भेंट की गईं।

स्वर्गीय रोटेरियन विद्यासागर की स्मृति में वोकेशनल ट्रेनिंग की शुरूआत हुई। उनकी पत्नी सुमन सागर ने सिलाई मशीनों को प्रायोजित किया। यह वोकेशनल सेंटर रोटरी भवन में कार्य करता है और इस परियोजना का नेतृत्व राजीव बंसल, एन के जैन और यशविंदर

सिंह की तीन सदस्यीय टीम कर रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर निगम पटियाला के संयुक्त आयुक्त लाल विश्वास ने वोकेशनल सेंटर चलाने के लिए क्लब की सराहना करते हुए कहा कि यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें सशक्तिकरण की तरफ़ एक और कदम ले जाता है। क्लब अध्यक्ष माणिक राज सिंगला व सचिव विशाल शर्मा अन्य रोटेरियनों के साथ मौजूद रहे। ■

हमारी प्रकृति

डायना शोबर्ग



26 जून 2020 को तत्कालीन रोटरी अध्यक्ष मार्क डैनियल मलोनी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की: पर्यावरण रोटरी का एक नया ध्यानाकर्षण क्षेत्र होगा। यह कोविड-19 महामारी द्वारा बाधित और रोटरी के पहले आभासी सम्मेलन से सुशोभित एक कार्यकाल की अंतिम उपलब्धियों में से एक था। आखिरकार न्यासियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया और मंडल ने भी सर्वसम्मति से इसे मंजूरी दे दी और मुझे इस अपार संतुष्टि का अनुभव अपने बैठक कक्ष में बैठे-बैठे हो गया, हाल ही में जूम पर एक साक्षात्कार के दौरान मलोनी ने कहा।

रोटेरियनों की दशकों से दिखाई गई दिलचस्पी से ही यह पल संभव हो पाया है। 1990-91 में, रोटरी अध्यक्ष पाउलो वी.सी. कोस्टा ने अपने कार्यकाल के दौरान पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक प्रीज़र्व प्लानेट अर्थ कमिटी गठित की ताकि वह पर्यावरण संबंधित परियोजनाएं करने में क्लब और उसके सदस्यों की मदद कर सकें। सर्वेक्षण में पाया गया कि रोटरी परिवार के सदस्यों के लिए पर्यावरण शीर्ष दर्जे के अभियानों में से एक है।

इतने दशकों में रोटरी सदस्यों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए हजारों परियोजनाएं की है। केवल पांच वर्षों में रोटरी के अन्य ध्यानाकर्षण क्षेत्रों, जैसे स्वच्छ जल और स्वच्छता प्रदान करना, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ाना और शिक्षा का समर्थन करना, पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही वैश्विक अनुदान से कुल 18 मिलियन डॉलर पर्यावरण से संबंधित परियोजनाओं को वित्त पोषित करने हेतु खर्च किए गए है। चूंकि अब पर्यावरण रोटरी के प्रमुख मुद्दों में से एक है, इसलिए सदस्यों के पास अब उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के और भी अधिक अवसर मौजूद है जो उनके लिए महत्वपूर्ण है।

हर जगह के रोटेरियनों की असीम रचनात्मकता, उत्साह और दृढ़ संकल्प ने महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करने की उनकी इच्छा के साथ मिलकर उन्हें पर्यावरण पर प्रभाव डालने के लिए विशेष रूप से अनुकूल बनाया है, 2017-18 के रो ई अध्यक्ष इयान एच एस राइसली कहते है जिन्होंने पर्यावरण संबंधी मुद्दों के कार्य बल की अध्यक्षता की जिसने इस नए ध्यानाकर्षण क्षेत्र का समर्थन किया।

यह जानने के लिए पढ़ें कि कैसे रोटरी सदस्य पहले से ही पर्यावरण का समर्थन कर रहे है और नए प्रकार

की परियोजनाओं के बारे में जाने जो 1 जुलाई तक वैश्विक अनुदान निधि के लिए पात्र होंगी।

पुनर्चक्रण

कैंपो मोरो, ब्राजील, में केवल 5 प्रतिशत कचरा पुन: चक्रित किया जाता है, और स्थानीय पुनर्चक्रण सुविधा के श्रमिकों के पास उत्पादकता बढ़ाने वाले आवश्यक उपकरणों की कमी है। एक कन्वेयर बेल्ट के बिना उन्हें मेज पर पुनरावर्तनीय सामग्रियों को छांटना और हाथ से अलग करना पड़ता है जिसमें अतिरिक्त समय और मेहनत लगती है। और उनकी पुराने जमाने की प्रेस की गति कम होने के कारण जिस आकार का पुनरावर्तित चीजों का गट्ठा वह बनाती है वह क्षेत्रीय बाजार के मानक गट्ठों से बहुत छोटा होता है।

पुनर्चक्रण सहकारी समिति के साथ समायोजन करने वाले एक स्थानीय पर्यावरणीय कार्यक्रम के साथ काम करके कैम्पो मोरो और लिटिल रॉक, अर्कांसस, के रोटरी क्लबों के सदस्यों ने पुनरावर्तन सामग्री को छाँटने और संसाधित करने में श्रमिकों की क्षमता बढ़ाने के लिए एक परियोजना शुरू की जो आर्थिक और पर्यावरणीय दोनों लाभ प्रदान करती है। सामुदायिक आर्थिक विकास क्षेत्र में 33,066 डॉलर के वैश्विक अनुदान द्वारा समर्थित इस परियोजना ने श्रमिक सुरक्षा और दक्षता में सुधार लाने के लिए उपकरणों की खरीद को वित्त पोषित किया और पर्यावरणीय एवं वित्तीय प्रशिक्षण प्रदान किया। अनुदान परियोजना के लागू होने के बाद श्रमिकों ने प्रति माह अतिरिक्त 2.63 टन पुनः चक्रित की जाने योग्य चीजों की छँटाई की और उनकी आय में लगभग 25 प्रतिशत प्रति माह की वृद्धि हुई।

सौर रोशनी

पूर्वी केन्या के दंदिनी और क्यायथानी के दूरस्थ गांवों के परिवार प्रति दिन 1 डॉलर से भी कम आय पर अपना गुजारा करते है, और उनके घर किसी भी विद्युत ग्रिड से जुड़े नहीं है। अधिकांश लोग अपने घरों को रोशन करने के लिए मिट्टी का तेल या पैराफिन नहीं खरीद सकते जिसका अर्थ यह है कि विद्यार्थी शाम को अपना गृहकार्य नहीं कर सकते।

रोटरी क्लब सनशाइन कोस्ट-सेशेल्ट, ब्रिटिश कोलंबिया, और माचाकोस, केन्या, के सदस्यों ने इस क्षेत्र में अन्य परियोजनाओं पर काम करते हुए समस्या को समझा। 2014 में, रोटेरियनों ने एक परियोजना की शुरूआत की जिसे मूल शिक्षा और साक्षरता के क्षेत्र में 101,564 डॉलर के वैश्विक अनुदान का समर्थन प्राप्त हुआ ताकि पर्यावरण के अनुकूल सौर ऊर्जा को घरों और स्कूलों में लाया जा सके।

स्थानीय स्कूलों में जाने वाले लगभग 1,500 विद्यार्थियों में से प्रत्येक को किराए पर एक सौर लाइट प्रदान की गई; छात्र आठ महीनों तक प्रति माह 1 डॉलर का भुगतान करते है जो पैराफिन की लागत से कम है, उसके बाद वह लाइट उनकी स्वयं की हो जाती है। अगले वर्ष अन्य छात्रों को सौर लाइट प्रदान करने में इस आय का उपयोग किया जाता है। यह देखते हुए कि छात्रों के पढ़ने का समय तिगुना हो गया है, परियोजना साझेदार केन्या कनेक्ट ने इस कार्यक्रम को ग्रामीण स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने में एक निर्णायक कार्यक्रम के रूप में वर्णित किया।

रोटरी संस्थान (कनाडा) और कनाडा सरकार के वित्त पोषण के साथ संयुक्त रूप से सम्पन्न इस अनुदान ने दो स्कूलों में कंप्यूटर लैब स्थापित की और पूरे सेटअप के लिए पर्याप्त बिजली प्रदान करने हेतु एक सौर प्रणाली प्रदान की। 200 से अधिक शिक्षकों ने डिजिटल शिक्षण और अपने शिक्षण में कंप्यूटर का बेहतर उपयोग करने के तरीकों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जल परिवर्तन

भारत के औरंगाबाद के निकट रहने वाले दो समुदायों के निवासी प्रतिवर्ष मानसून की बारिश से भराने वाले कुओं से पानी प्राप्त करते है। लेकिन बारिश समाप्त होने के कुछ महीनों के भीतर ही ये कुएँ सूख जाते है और समुदाय के सदस्यों को पानी लाने के लिए दूर जाना पड़ता है या पानी खरीदना पड़ता है जो बहुत लोग नहीं खरीद पाते।

रोटरी क्लब औरंगाबाद ईस्ट और चैट्सवुड रोजविले, ऑस्ट्रेलिया, के सदस्यों ने एक सरल, पारंपरिक तकनीक - रोधक बांधों - का उपयोग करके पर्यावरण के अनुकूल समाधान पर मिलकर

अल्फ रिबेरो

काम किया। इन छोटे बांधों को बरसाती नदियों के प्रवाह की दर को नियंत्रित करने के लिए जलमार्गों के समीप निर्मित किया जाता है। वे कटाव को कम करते है और धरती में बैठने वाले पानी की मात्रा को बढ़ाते है। इसी उद्देश्य से पूरे भारत में 200,000 से अधिक रोधक बांध बनाए गए है; दूसरी सदी में भारत में निर्मित एक रोधक बांध दुनिया की सबसे पुरानी जल-संरचना प्रणालियों में से एक है जो अभी भी उपयोग में है।

औरंगाबाद में, मानसूनी बारिश एक वाहिका के माध्यम से एक सरकारी स्वामित्व वाले खेल प्रशिक्षण केंद्र के समीप से सीवेज-दूषित खाम नदी की ओर बहती है। जल, स्वच्छता और सफाई के क्षेत्र में 36,500 डॉलर के वैश्विक अनुदान के समर्थन द्वारा रोटरी सदस्यों ने परिसर में कान्क्रीट के दो रोधक बांधों के निर्माण को वित्त पोषित किया। हर साल इस अवधि में बारिश के जल का धरती में बैठने की क्षमता में बढ़ोत्तरी होने से इस क्षेत्र के 20,000 निवासियों को उम्मीदतन अपने कुओं से अधिक समय तक पानी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। बांधों का अनुमानित जीवन काल 75 वर्ष का है और इन्हें बहुत ही कम रखरखाव की आवश्यकता है।

जल संरक्षण

रोटरी क्लब हाइफा, इजरायल, और कोरल स्प्रिंग्स-पार्कलैंड, फ्लोरिडा, की वैश्विक अनुदान परियोजनाओं की एक श्रृंखला रेगिस्तानी क्षेत्र में आपसी महत्व के विषय - जल संरक्षण - पर विभिन्न संस्कृतियों और आस्थाओं से संबंधित विद्यार्थियों को एकजुट करने के लिए एक पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम का उपयोग कर रही है। इस परियोजना के दूसरे चरण में 60 स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया जिसे शांति और संघर्ष समाधान ध्यानाकर्षण क्षेत्र में 152,723 डॉलर के वैश्विक अनुदान का समर्थन प्राप्त हुआ।

स्कूलों ने जल संरक्षण या प्रौद्योगिकी से संबंधित अनुसंधान के रुचिपूर्ण विषयों का चयन किया जैसे कि विलवणीकरण, वर्षा जल संचयन या जल रिसाव। शिक्षकों और छात्रों को इंजीनियरों, जीवविज्ञानियों, या भौतिकविदों जैसे विशेषज्ञों से संपर्कों एवं उपकरण के माध्यम से समर्थन प्राप्त हुआ। 26 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 150 से अधिक शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इजरायल में ज्यादातर स्कूल संस्कृति या धर्म से विभाजित है, चाहे वो यहूदी हो, मुस्लिम हो, ईसाई हो या ड्रूज हो। वैश्विक अनुदान परियोजना के पार सांस्कृतिक घटक के माध्यम से, छात्रों ने अनुसंधान परियोजनाओं को देखने के लिए एक-दूसरे के स्कूलों का दौरा किया और वे औद्योगिक सुविधाओं को देखने या संबंधित वक्ताओं को सुनने के लिए एक साथ आए, जिससे उन्हें बातचीत करने का मौका मिला जो शायद उन्हें ऐसे नहीं मिलता।

संवहनीय खेती

ताराहुमारा के मूल निवासी मेक्सिको के सिएरा माद्रे पहाड़ों की दूरस्थ ढलानों और घाटियों में रहते है और अपनी आजीविका चलाने के लिए मकई और फलियों की प्राचीन किस्मों की खेती करते है। लेकिन पीढ़ी दर पीढ़ी सौंपें गए इन पौधों के बीज लंबे समय तक पड़ने वाले सूखे की वजह से नष्ट हो



गए। व्यापक रूप से फैली भुखमरी के परिणामस्वरूप, कई युवाओं और बच्चे वाली महिलाओं ने शहरी सड़कों पर भीख मांगने के लिए अपने घरों को छोड़ दिया।

चिहुआहुआ कैंपस्ट्रे, मेक्सिको, और सेंट ऑगस्टीन सनराइज, फ्लोरिडा, के रोटरी क्लबों के सदस्यों ने ताराहुमारा के नेताओं के साथ सामुदायिक चर्चा को सुगम बनाने के लिए बेर्फुट सीड्स नामक एक गैर सरकारी संगठन के साथ काम किया ताकि कोई समाधान ढूंढा जा सके। सामुदायिक नेतृत्वकर्ताओं ने कहा कि वे सतत रूप से खेती करने के लिए बीज बैंक और बेहतर जल भंडारण सुविधा चाहते है।

सामुदायिक आर्थिक विकास ध्यानाकर्षण क्षेत्र में 49,900 डॉलर के वैश्विक अनुदान द्वारा समर्थित एक परियोजना के माध्यम से बीज बैंक, प्रदर्शन खेत, और संवहनीय खेती के तरीकों का उपयोग करके अतिरिक्त बीज उत्पादन के लिए भूखंड स्थापित किए गए; मिट्टी की उर्वरता को बेहतर करने के लिए बकरियों को फिर से छोड़ा गया; वर्षा जल संचयन उपकरण स्थापित किए गए; और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस परियोजना ने संग्रहित बीजों की निधानी आयु को और अधिक बढ़ाने के लिए सौर-संचालित चेस्ट फ्रीज़र प्रदान किए। प्रथम वर्ष में कम से कम 500 ताराहुमारा किसानों को बीज, बकरियाँ, या बेहतर जल पहुँच प्राप्त हुई।

एको स्टोव

खाना पकाने के लिए पारंपरिक लकड़ी की आग से एक घंटे में 400 सिगरेट के धुएं के बराबर धुआँ निकलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 3 बिलियन लोग अभी भी इस तरह की आग पर ही निर्भर है - उनमें से कई घर के अंदर ही जलती है - जिसके कारण अंदरूनी वायु प्रदूषण से मरने वालों की संख्या संयुक्त रूप से मलेरिया, तपेदिक और एचआईवी/एड्स से होने वाली मौतों से अधिक होती है। इसके अतिरिक्त इस तरह की आग से उत्सर्जित काला कार्बन, जो सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करता है, जलवायु परिवर्तन में योगदान देता है वहीं लकड़ी प्राप्त करने के लिए वनों की कटाई करने की आवश्यकता होती है।

ग्वाटेमाला डेल एस्टे और लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया, के रोटरी क्लबों के सदस्यों ने एटिट्लान झील के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित सैन लुकास टॉलिमैन, ग्वाटेमाला, में रहने वाले परिवारों की मदद करने के लिए एक साथ मिलकर काम किया। यह झील सैन लुकास टॉलिमैन सहित विभिन्न समुदायों के पीने के पानी का प्राथमिक स्रोत है जो उन क्षेत्रों से तूफान के बहाव में आई चीजों के कारण गंभीर रूप से दूषित हो गई जहाँ खाना पकाने की आग के ईंधन के लिए पेड़ों को काट दिया गया। रोग की रोकथाम और उपचार ध्यानाकर्षण क्षेत्र में 160,000 डॉलर के वैश्विक अनुदान द्वारा समर्थित एक परियोजना ने 1,000 परिवारों को इको-स्टोव प्रदान किए जिसमें धुएं की निकासी बाहर की ओर होती है और यह जलाऊ लकड़ी की जरूरत को 70 प्रतिशत तक कम करते है। प्रत्येक स्टोव से प्रति वर्ष 3 से 4 टन कार्बन उत्सर्जन कम होने का अनुमान है।

स्वच्छ ऊर्जा

1993 में ग्यूमरी, आर्मेनिया, में आए एक विनाशकारी भूकंप के बाद खुला बर्लिन पॉलीक्लिनिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का मुख्य प्रदाता रहा है। लेकिन वहाँ पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सीमित है। चिकित्सा केंद्र के

प्रतिनिधियों के साथ हुई बातचीत के माध्यम से रोटरी क्लब ग्यूमरी के सदस्यों ने जाना कि मरीजों की सेवा करने की क्लिनिक की क्षमता में ऊर्जा की बढ़ती लागत एक बड़ी बाधा है: पिछले एक दशक में, बिजली की लागत 200 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस की लागत 70 प्रतिशत और पानी की लागत 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इन बढ़ी हुई लागत के अलावा, अकुशल ताप एवं जल तापन प्रणालियों ने इस क्षेत्र की लंबी सर्दियों में क्लिनिक को अपने संचालन के घंटों में कटौती करने के लिए मजबूर किया। परिणामस्वरूप, तापन प्रणालियों के इस्तेमाल वाले मौसम में - जो अक्टूबर से अप्रैल तक चलता है - इस क्लिनिक में औसतन 25 से 30 प्रतिशत कम मरीज देखे जाते है।

2017 में, ग्यूमरी रोटेरियनों ने रोटरी क्लब नॉर्थ फ्रेस्नो, कैलिफ़ोर्निया, के साथ एक परियोजना पर काम किया - जिसे मातृ और बाल स्वास्थ्य ध्यानाकर्षण क्षेत्र के अंतर्गत रोटरी संस्थान के वैश्विक अनुदान के माध्यम से 101,000 डॉलर का समर्थन प्राप्त हुआ - जिससे रोगियों की पहुंच बढ़ी और पर्यावरण को लाभ भी मिला। फोटोवोल्टिक पैनलों, एक सौर गर्म पानी प्रणाली, सौर ताप पंप, और एल ई डी प्रकाश व्यवस्था की स्थापना से वार्षिक ऊर्जा लागत में अनुमानित 80 प्रतिशत तक की कमी आ गई, जिससे क्लिनिक पूरे वर्ष अपनी सम्पूर्ण क्षमता पर काम कर सकता है - और इस प्रक्रिया में कार्बन उत्सर्जन 50 प्रतिशत तक कम हो गया। नई प्रणाली के साथ सर्दियों के प्रथम मौसम के दौरान 32 प्रतिशत अधिक रोगियों की सेवा की गई।

उचित स्थिति कैसे बनी

हमने 2019-20 रोटरी अध्यक्ष मार्क डैनियल मैलोनी से बात की कि रोटरी ने पर्यावरण को ध्यानाकर्षण क्षेत्र में शामिल करने का फैसला क्यों किया, और रोटरी सदस्यों ने इस पर क्या प्रतिक्रिया दी।

आपको क्यों लगा कि रोटरी के लिए पर्यावरण का ध्यानाकर्षण क्षेत्र बनाना महत्वपूर्ण है?

मैं एक पर्यावरण आंदोलनकारी तो नहीं हूँ, लेकिन मुझे जलवायु परिवर्तन को लेकर गंभीर चिंताएं है जो मेरे पोते-पोतियों और भावी पीढ़ियों को प्रभावित करेगा। और मेरा एक स्वार्थपूर्ण कारण भी था: मुझे चिंता थी हम एक अवसर गंवा रहे है। रोटेरियनों, रोटरेकटरों, और संभावित रोटेरियन के सर्वेक्षण में, पर्यावरण हर समूह के शीर्ष पांच मुद्दों में से एक था। आम जनता - भावी रोटेरियनों - के लिए पर्यावरण नंबर 1 मुद्दा था। संभावित रोटेरियन रोटरी की वेबसाइट पर जाकर हमारे मुद्दों की सूची देखते और सूची में पर्यावरण को न देखकर आगे बढ़ जाते। मैंने इसे रोटरी की प्रासंगिकता से जुड़े एक मुद्दे के रूप में देखा जिसके लिए हमें वास्तव में कुछ करने की आवश्यकता थी। एक अध्यक्ष के रूप में रोटरी का विकास मेरे लिए महत्वपूर्ण है और मैंने पर्यावरण को हमारे मुद्दे के रूप में शामिल न करने को रोटरी के विकास में एक बाधा के रूप में देखा।

मंडल और न्यासियों के मतदान से पहले, आप पर्यावरण के बारे में रोटेरियनों से क्या सुन रहे थे?

जून 2019 में, जब मैं अध्यक्ष-निर्वाचित था, मैंने एशिया के पहले रोटरी क्लब, रोटरी क्लब मनीला के शताब्दी समारोह का जश्न मनाने के लिए फिलीपींस की यात्रा की। यह सिर्फ एक उत्सव भोज नहीं था। वहाँ वक्ताओं का एक दिन था, और मुझे तत्कालीन रोटरी अंतर्राष्ट्रीय निदेशक राफेल गर्शिया और अनेक रो ई अध्यक्षों और निदेशकों के साथ-साथ पूर्व और वर्तमान मंडल गवर्नरों के साथ गोल मेज चर्चा करने हेतु मंच पर आमंत्रित किया गया। पैनल के अन्य सदस्यों ने मुझसे सवाल पूछे। यहाँ हम उच्च स्तर के व्यवसायियों के साथ मंच पर मौजूद थे और आधे से अधिक प्रश्न पर्यावरण से जुड़े थे। इसने वास्तव में मुझ पर एक छाप छोड़ी। लेकिन यह सिर्फ फिलीपींस में ही नहीं था। मैंने दुनिया भर में पर्यावरण से जुड़े सवालों का सामना किया: दक्षिण अमेरिका में, ब्राजील रोटरी इंस्टिट्यूट में, हैम्बर्ग में 2019 रोटरी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में, भारत के सूरत में एक रोटरेक्ट कार्यक्रम में।

अक्टूबर 2019 में एक पर्यावरण कार्य बल गठित किया गया, और अगले वर्ष जून में एक नया ध्यानाकर्षण क्षेत्र शामिल किया गया। यह इतनी जल्दी कैसे संभव हुआ?

महामारी के कारण ऑनलाइन स्थानांतरित किए जाने से पूर्व, हम 2020 में होनोलूलू में होने वाले रोटरी सम्मेलन को एक हरित सम्मेलन के रूप में प्रमाणित करवाए जाने में अच्छी तरक्की कर रहे थे। हम 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए इन्वाइरन्मेंटल सस्टैनबिलिटी रोटरी एक्शन ग्रुप और वाटर, सेनिटेशन, एंड हाइजीन रोटरी एक्शन ग्रुप के साथ साझेदारी कर रहे थे। यह सब पर्यावरण को रोटरी में सबसे आगे लाने हेतु किया जा रहा था। मुझे लगता है कि इसके लिए बस किसी को थोड़ा जोर देने की आवश्यकता थी। सच कहूं, तो मुझे ज्यादा कुछ नहीं करना पड़ा। सब अपने आप हो रहा था। आपके पास रोटरी अध्यक्ष और न्यासी मंडल में सेवा देने वाले अनेक पूर्व अध्यक्ष मौजूद थे जो चाहते थे कि ऐसा हो।

आप उन रोटेरियन को कैसे जवाब देंगे जो यह कहते हैं कि यह रोटरी का काम नहीं है?

मेरे सामने कभी ऐसी बातें नहीं हुई। मुझे पता है कि जब आप संयुक्त राज्य अमेरिका में जलवायु परिवर्तन के बारे में बात करना शुरू करते है, तो वहाँ शब्दावली से जुड़े कुछ मुद्दे सामने आते है। लेकिन स्पष्ट रूप से, संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर, मुझे लगता है कि यहां इतना विरोध क्यों होता है इसे समझने का अभाव है।

हम किसी को कुछ भी करने के लिए मजबूर नहीं कर रहे है। हम कोई राजनीतिक रुख नहीं अपना रहे है। यदि आप पर्यावरणीय प्रभाव से जुड़ी कोई परियोजना करने में रुचि रखते है, तो यह एक मार्ग है जिससे आपको वैश्विक अनुदान के माध्यम से धन का उपयोग करने का अवसर मिलता है। हम इस बात पर प्रतिक्रिया दे रहे है कि रोटेरियन क्या करना चाहते है: रोटेरियन पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को संबोधित करना चाहते है।

पर्यावरण

रोटरी सदस्य पहले से ही परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए वैश्विक अनुदान का उपयोग कर रहे थे जो मौजूदा ध्यानाकर्षण क्षेत्रों के माध्यम से पर्यावरण को लाभान्वित करते है। तो इसमें नया क्या है?

पर्यावरण ध्यानाकर्षण क्षेत्र के अंतर्गत, रोटरी सदस्य विशेष रूप से निम्न वर्णित पहलों के लिए वैश्विक अनुदान निधि का उपयोग कर सकते है:

- प्राकृतिक वास को बहाल करना, देशी वनस्पति लगाना और आक्रामक पौधे एवं पशु प्रजातियों को हटाना
- विलुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा और अवैध वन्यजीव व्यापार को रोकना
- अत्यधिक मछली पकड़ने, प्रदूषण और तटीय क्षरण को संबोधित करना
- संरक्षण और संसाधन प्रबंधन में समुदायों को शिक्षित करना
- पर्यावरण के अनुकूल कृषि और संवहनीय मत्स्य पालन का समर्थन करना
- संसाधन प्रबंधन में पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान के उपयोग को बढ़ावा देना
- ऊर्जा-कुशल परिवहन में पारगमन का समर्थन करना
- पर्यावरण में विषाक्त पदार्थों की मिलावट को खत्म करना
- भोजन की बर्बादी को कम करना

सभी वैश्विक अनुदान परियोजनाओं की तरह, पर्यावरण ध्यानाकर्षण क्षेत्र के तहत आने वाली परियोजनाओं को सामुदायिक मूल्यांकन की आवश्यकता होगी जिसे संवहनीय होना चाहिए। जो परियोजनाएं पात्र नहीं होंगी उनमें सामुदायिक सौंदर्यीकरण परियोजनाएं, एकल-कार्यक्रम परिशोधन, एक व्यापक रणनीति के बिना किया जाने वाला पौधारोपण और बाहरी मनोरंजन पहलें शामिल है।

1 जुलाई से पर्यावरण ध्यानाकर्षण क्षेत्र के तहत आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए rotary.org/environment पर जाएं।

© Rotary

अपशिष्ट प्रबंधन के 5R

प्रीति मेहरा

यह असंभव लगता है, लेकिन मेरा यकीन मानिए, छोटे परिवर्तन एक बड़ा बदलाव ला सकते है। यदि आप अपने घर के कचरे को पर्यावरण के अनुकूल तरीकों से प्रबंध करने को लेकर गंभीर है, तो यह बात यहाँ भी सिद्ध होती है। आपको बस 4R सिद्धांत को अपनी दिनचर्या में शामिल करना है। और उन लोगों के लिए जो अगले स्तर का संवहनीय रास्ता अपनाना के इच्छुक है, उन्हें बस पांचवां R और जोड़ना है।

4R का सार इस मंत्र में प्रस्तुत किया जा सकता है: Refuse (इनकार), Reduce (घटाना), Reuse (पुनर्प्रयोग), Recycle (पुनर्चक्रण), और पंचवा है Recover (पुनर्प्राप्ति)। मैंने मेरी 4R घरेलू परियोजना की शुरुआत रेफ्रिजरेटर पर रीसाइकलिंग के एक बड़े से स्टिकर को चिपकाकर की, जो प्रमुख रूप से एक दूसरे का पीछा करते हुए तीन हरे तीरों के परिचित संकेत को प्रदर्शित कर रहा था। यह आम तौर पर आपको याद दिलाएगा कि घर में हर उस वस्तु के साथ क्या किया जाना चाहिए जिसके बारे में आपको लगता है कि इसका कोई काम नहीं बचा है - तकनीकी भाषा में वे इसे एक उत्पाद की मजीवन समाप्ति कहते है।

वह भोजन हो सकता है जिसकी एक्सपायरी डेट निकल गई हो, फ्यूज हो चुके बल्ब, पुरानी बैटरी, रद्दी कागज, बेकार कार्डबोर्ड, प्लास्टिक पैकेजिंग, कांच या प्लास्टिक के डिब्बे, पुराने और टूटे बरतन, या खराब हो चुका फर्नीचर... सूची अंतहीन है।

किसी चीज़ का क्या करना है का निर्णय लेने का सबसे अच्छा तरीका है 5R नियम को लागू करना। पदानुक्रम में इसे अपनाने से मदद मिलती है। वे कहते है कि पहला R - Refuse (इनकार) सही स्वर सेट करता है। आप हमेशा उस चीज़ को बदलने से मना कर सकते है जो अभी चल रही है। कभी-कभी पुरानी चीज़ बहुत अच्छी होती है और यदि उसकी मरम्मत कर दी जाए तो वह आसानी से एक और साल चल सकती है। मरम्मत की दुकानें एक बार फिर से दुनियाभर में चलन में आ रही है। भारत में हम अपने द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पादों के जीवन को संरक्षित और विस्तारित करने का प्रयास कर सकते है, और बदले में एक कुशल व्यक्ति को अपनी आजीविका कमाने में मदद कर सकते है।

जब आप खरीदारी करने जाएं तो इनकार के नियम को सख्ती से लागू करें: दुकानदार के प्लास्टिक बैग को मना कर दें; छोटे पाउच में अलग-अलग पैक किए गए उत्पादों को खरीदने से बचें क्योंकि इससे अधिक कचरा उत्पन्न होता है; अपने स्वयं के सिपर और मग साथ में ले जाए ताकि आप कागज या प्लास्टिक के कप एवं स्ट्रॉ को न कह सके। यदि आपको वास्तव में इस्तेमाल करने की जरूरत है, तो प्लास्टिक या थर्मोकोल की कटलरी इस्तेमाल करने के बजाय जैव निम्नीकरणीय पत्ते की प्लेट या दोने का उपयोग कीजिए और कागज के बिल के बजाय ई-बिल का विकल्प चुनिये।

दूसरे और तीसरे R - Reduce (घटाना) और Reuse (पुनर्प्रयोग), स्टिकर पर एक दूसरे का पीछा करते हुए तीर की तरह ही है। कचरा ना पैदा करके कचरे को कम करने की कोशिश करें। ऐसे उत्पाद खरीदें जो मजबूत हो, व्यावहारिक हो, जिनकी वारंटी अधिक हो और जिनकी मरम्मत की जा सकती हो। उदाहरण के लिए, यदि आप लैपटॉप या एयर कंडीशनर में निवेश कर रहे है, तो अधिकतम वारंटी वाले उत्पाद का चुनाव कीजिए, भले ही इसके लिए

शुरुआत में थोड़ा अतिरिक्त भुगतान करना पड़े। हमेशा रिचार्जेबल बैटरी खरीदें और प्लग और तारों को फिर से उपयोग करने के लिए रखे। व्यक्तिगत उत्पादों में, बड़े आकार की बोतलें खरीदें, और कपड़ों में ज्यादा चलने वाले ब्रांड के कपड़े खरीदे, बजाय सस्ते एवं ऑफ-स्ट्रीट कपड़ों के जिन्हें कम समय में ही फेंकना पड़ता है।

हालांकि 'इस्तेमाल करके फेंकना' कुछ दशक पहले चलन बन गया था, अब दुनिया को यह एहसास हो रहा है कि यह कचरे की समस्या की जड़ है और हम जितना तेजी से फेंक रहे है उतनी तेजी से पुनर्चक्रण नहीं कर सकते। इसलिए, पुनर्प्रयोग को आदत बनाना

आपकी जेब पर भी कम वजन डालेगा और यह आपकी तरफ से ग्रह को एक विचारशील उपहार भी होगा।

पुनर्प्रयोग कल्पना शक्ति बढ़ाने का काम भी करता है। इंटरनेट पर समान को पुनर्प्रयोग को लेकर अंतहीन विचार मौजूद है। उदाहरण के लिए, अनावश्यक शर्ट को कुशन के रूप में भरकर परिष्कृत किया जा सकता है; टूटे हुए मग एक बढ़िया टूथब्रश या पेन होल्डर बन सकते है; पतली बोतलों में पौधे लगाए जा सकते है और उन्हें सजाया जा सकता है; एक अप्रयुक्त गिटार को एक अभिनव बुकशेल्फ़ में तब्दील किया जा सकता है। यह विचारों का अंत नहीं है - अपनी रचनात्मकता को बाहर निकलने दे और कचरा बाहर फेंकने से पहले विचार करें कि क्या इसे किसी उपयोगी चीज में बदला जा सकता है या नहीं। बेशक, रसोई से निकला जैविक कचरा खाद बनाने के लिए आदर्श होता है, परंतु यह एक ऐसा विषय है जिसपर अलग से बात की जानी चाहिए।

चौथे R - Recycle (पुनर्चक्रण) की बारी तब आती है जब अन्य सभी विकल्प समाप्त हो जाते है और आपके दृष्टिकोण से उत्पाद की जीवन लीला समाप्त हो चुकी होती है। यहीं पर कबाड़ीवाला और कचरा एकत्रित करने वाले अपनी भूमिका निभाते है। अब कुछ शहरों में औपचारिक पुनर्चक्रण इकाइयों की भी योजना बनाई जा रही है। लेकिन इससे पहले कि आप किसी कचरा एकत्रित करने वाले को बुलाए या कबाड़ की दुकान पर जाएं, अपने कचरे को कागज, कार्डबोर्ड, बोतलें, टीन इत्यादि जैसी श्रेणियों के अनुसार

जब आप खरीदारी करने जाएं तो इनकार के नियम को सख्ती से लागू करें: दुकानदार के प्लास्टिक बैग को मना कर दें।

छांट ले। कचरा एकत्रित करने वालों के लिए आपका कचरा आजीविका होती है, और आमतौर पर वे तय दरों पर कचरा खरीदते है।

फिर आखिरी R - Recover (पुनर्प्राप्ति) - की बारी आती है। अधिकांशतः यह पुनर्चक्रण करने वाले होते है जो पुनर्प्राप्ति के माध्यम से लाभ प्राप्त करते है। लेकिन यहीं चक्रीय अर्थव्यवस्था के निर्माण की कुंजी होती है। काश कंपनियां उपभोक्ताओं से अपने उत्पाद को वापस खरीदती और उसके जीवन-समाप्ति पर उससे कुशलता से निपटती। यदि वे एक नया उत्पाद बनाने के लिए पुनर्प्राप्त की गई सामग्री का उपयोग करते, तो आज हम एक बेहतर दुनिया में रह रहे होते। यहीं वह मकाम है जहां पर एक्स्टेंडेड प्रडूसर रीस्पान्सबिलटी जैसे कानूनों एवं अवधारणाओं के माध्यम से हम पहुँचने की कोशिश कर रहे है, जो पुनर्चक्रण की जिम्मेदारी निर्माताओं पर डालेगा।

लेकिन जो लोग घर पर पुनर्प्राप्ति करना चाहते है, उनके लिए सबसे अच्छा तरीका है कि वे खराब हो चुके सामान को तब्दील करके उसका दोबारा उपयोग करे, या फिर तोड़ने के लिए इसे कचरा एकत्रित करने वाले को सौंप दें।

लेखिका एक वरिष्ठ पत्रकार हैं, जो पर्यावरण के मुद्दों पर लिखती हैं।

एक बैल जो अच्छी ख़बर लाता है

जयश्री

चाहे दीवाली हो, पोंगल हो या तमिल नव वर्ष हो, *बूम बूम माड्* तमिलनाडु के अधिकांश क्षेत्रों में त्योहारों का हिस्सा होता है, हालांकि आजकल यह शहरी इलाकों में दुर्लभ हो गया है। उत्साहित बच्चे नादस्वरम की आवाज़ सुनते ही दरवाजे की ओर भागते है जिसे रंगीन कपड़ों से सजे बैल के साथ चलने वाले आदमी द्वारा बजाया जाता है। वह आदमी और उसका बैल घर-घर जाकर दान और ज्यादातर कपड़े - साड़ी या धोती, या कभी-कभी एक चादर या एक कंबल, और कुछ चावल माँगते है।

एक समय था जब माताएँ अपने बच्चों को यह कहकर डराती थी कि यदि उन्होंने बदमाशी की तो वे उन्हें *बूम बूम मट्टुकरार* (प्रदर्शन करने वाले बैल के मालिक) को सौंप देंगे। उस विशाल बैल और अजीब वेशभूषा वाले उसके मालिक के बारे में सोचकर ही बच्चे कांप जाते थे। अक्सर लोग कमजोर इरादों वाले व्यक्ति और हर बात में सर हिलाने वाले व्यक्तियों की तुलना करने के लिए *बूम बूम माड्* शब्द का इस्तेमाल करते है।

इस पोंगल को मुझे अपने घर पर इन मेहमानों का 'अभिवादन' करने का मौका मिला। जिस क्षण मैंने *नादस्वरम* सुना, मैं अपने हाथ में कुछ केले लेकर दरवाजे की ओर भागी। मैंने सोचा ऐसे शुभ दिन पर बैल को यह खिलाना सही रहेगा। जैसे ही मैंने उस बैल, जिसका नाम गोपालकृष्णन था, को एक केला दिया उसने अपने मालिक नरसिम्हन के तमिल में पूछे गए सवाल, *अम्मावुक्कु पधवी उयरवु इरुक्का, गोपाल?* (क्या इस महिला की पदोन्नति होगी?) का जवाब दिया। उस बैल ने जोर से अपना सर हिलाकर स्वीकृति दी, साथ ही उसके सींगों और गर्दन में बंधी घंटियाँ भी आनंदपूर्वक बजने लगी, और मेरे द्वारा पूछे गए एक अन्य प्रश्न पर भी

दुर्भाग्य से, यह मेरे साथ समाप्त हो जाएगा। मेरे बेटे को इस परंपरा में कोई दिलचस्पी नहीं है। वह AC वाले किसी कार्यालय में काम करना चाहता है।

बैल गोपालकृष्णन और नरसिम्हन।

उसने अपना सर हिलाया कि क्या मेरी बेटी भी मेरी ही तरह पत्रकार बनेगी। हालांकि उसने एक भविष्यवाणी का जवाब देते हुए न में अपना सिर हिलाया कि क्या वह विदेश में बसेगी!

मैंने बैल की पीठ पर एक कंबल और नरसिम्हन के थैले में कुछ चावल डालते हुए उससे बातचीत शुरू की। तीन पीढ़ी से उनका परिवार इस पारंपरिक व्यवसाय में संलिप्त है। ''दुर्भाग्य से, यह मेरे साथ समाप्त हो जाएगा। मेरे बेटे को इस परंपरा में कोई दिलचस्पी नहीं है।'' नरसिम्हन कहते है, ''वह AC वाले किसी कार्यालय में काम करना चाहता है।'' यह समुदाय मदुरई, त्रिची, कोयम्बटूर और चेन्नई में लोकप्रिय है जो ज्यादातर शहर के बाहरी इलाके में कबीलों में रहता है। आदमी अपने बैलों के साथ गाँव से बाहर निकलकर एक शहर में एक महीने में लगभग 25 दिनों तक घूमते है, अपने कंधों पर टंगे ढोल को छड़ी से बजाकर - मुख्य रूप से *बूम-बूम* की अद्भुत ध्वनि पर जानवरों का सर
हिलवाकर - घर-घर जाकर दान मांगते है। वे जितनी हो सके उतनी कमाई करते है और अगली यात्रा पर निकलने से पहले अपने परिवारों के साथ लगभग 5-6 दिन बिताते है।

कभी सर्वत्र रहने वाले इस समुदाय की संख्या में अब कमी आ गई है। ''शहरों में मनोरंजन के तरीकों की भरमार है। कई लोगों को एक बैल को सिर हिलाते हुए देखने में रुचि नहीं रहती। इसके कारण हमपर बहुत अधिक मार पड़ी है क्योंकि हमें इसके इलवा और कोई काम नहीं आता है'', वह दुख प्रकट करते है।

यह बैल इस समुदाय को मंदिरों द्वारा प्रदान किए जाते है जहाँ लोग अपनी मन्नते पूरी होने पर भगवान के प्रति धन्यवाद व्यक्त करने के लिए पशु दान करते है। ''हम खुश है कि अभी भी कुछ ऐसे लोग है जो हमारे बैलों द्वारा शुभकामनाएं देने को अच्छा मानते है'', नरसिम्हन मुस्कुराते है और चकित करते हुए गोपालकृष्णन ने भी इस पर अपना सर हिलाया। बिदा लेते हुए बैल एक प्यारा सा नृत्य करता है - केवल अपने घुँघरू दिखाने के लिए! वह आगंतुक वाकई में दिन भर में कुछ अच्छी ख़बरे लाए।■

हम खुश है कि अभी भी कुछ ऐसे लोग है जो हमारे बैलों द्वारा शुभकामनाएं देने को अच्छा मानते है।

TRF की मदद से अच्छे कार्य

रोटरी ने जयपुर अस्पताल में कोविड वार्ड की स्थापना की है

टीम रोटरी न्यूज़

महामारी के दौरान रो ई मंडल 3054 के रोटरी क्लब जयपुर राउंड टाउन ने 69,500 डॉलर की लागत से रो ई मंडल 6900, अमरीका के रोटरी क्लब एमोरी-ड्यूड हिल्स के साथ साझेदारी में राजस्थान अस्पताल जयपुर में एक कोविड वार्ड की स्थापना की है।

हालांकि राजस्थान सरकार कोविड के प्रसार को नियंत्रित करने की पूरी कोशिश कर रही थी, लेकिन बड़ी संख्या में पहले से ही सरकारी अस्पतालों में क्षमता से अधिक भरे हुए के बेड के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। परियोजना के प्राथमिक संपर्क पीडीजी रमेश अग्रवाल ने कहा, निजी अस्पताल इलाज के लिए भारी रकम वसूल रहे थे और मरीजों के पास कोई चारा नहीं था। हम एक ऐसे अस्पताल की तलाश कर रहे थे जो किसी भी लाभ रहित आधार पर या कम से कम सरकारी दरों पर इलाज प्रदान कर सके और यह अस्पताल इस पर सहमत हो गया।

क्लब ने अस्पताल में 70 बिस्तरों वाले कोविड उपचार सुविधा शुरू करने के लिए उपकरण खरीदे और क्वेरेंटाइन किए गए रोगियों के लिए आभासी निदान और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए चौबीसों घंटे कोविड-कमांड-सेंटर की स्थापना की। अग्रवाल ने कहा, कमांड सेंटर ने अब तक 1,000 से अधिक भर्ती मरीजों और 3,000 से अधिक घर क्वेरेंटाइन मरीजों का इलाज कोविड अवधि के दौरान किया है। पहले पांच महीने में करीब 100 मरीज कोविड वार्ड में आए। सितंबर 2020 तक 550 मरीजों को भर्ती कर इलाज किया गया। उन्होंने आगे कहा, हमारे सदस्य, खासकर डॉक्टर वार्ड का दौरा करते हैं और यहाँ के डॉक्टरों के साथ करीबी संपर्क में रहते हैं। ■

संगीत और माधुर्य

भीमसेन जोशी: हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की धड़कन

वी रामनारायण

अगर कभी अल्लाह का गाने का मन हुआ तो आवाज़ भीमसेन जोशी की होगी। ये कहना था किराना घराने के दिवंगत आइकन के शिष्य और जीवनीकार, डॉ नागराज राव हवलदार का, कि पाकिस्तानी संगीत समीक्षक ने जोशी को इस प्रकार श्रद्धांजलि दी थी। और जितनी बार भी आप राग बृंदावनी सारंग 2में *तुम रब, तुम साहब* की भावपूर्ण प्रस्तुति सुनेंगे, तो आप यह सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि ईश्वर हो या अल्लाह, उन की आत्मा से निकली आवाज पर मंत्रमुग्ध हो कर क्या रीझ नहीं जाते होंगे।

फिर भी भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में आने वाले नवागंतुक को भीमसेन जोशी के कार्यक्रम को बीच में छोड़ कर जाने के लिए क्षमा किया जा सकता है क्योंकि उन्हें गाते देख लगता था कि मंच पर उपस्थित व्यक्ति कोई विख्यात संगीतकार नहीं है बल्कि साधारण गायक है। किराना घराने के सर्वाधिक प्रसिद्ध हस्ताक्षर अपनी अतिरंजित शारीरिक स्वत:स्फूर्त भंगिमाओं और अंतर्विरोधों के साथ पैदा हुए चेहरे के हाव भाव से क़द्दावर संगीतकार लगते भी ऐसे ही थे, हालांकि उनके नाम से ही लगता है कि वे जन्म से ही काफी हृष्टपुष्ट रहे होंगे।

उन्होंने अपने संगीत को इतना तराश लिया था कि वहां श्रोता और गायक में कोई भेद नहीं रह जाता, जहां श्रोता और गायक दोनों का एकात्म हो जाता है, भीमसेन जोशी के वह सागर सी गहरी और झील सी ठहरी आवाज में लोच, लय पर गजब का नियंत्रण और उस अनुकरणीय गायन में पूर्णत: शुद्ध स्वर मानो ध्यान में उतरने का समागम था। उनके आलाप, बढ़त और बंदिश समानुपातित और नियंत्रित थीं। दशकों तक उन्होंने घराना विरासत को मजबूत करने का अथक प्रयास किया, उन्होंने अपनी ङ्घघराना संस्कृति को किसी रूढिवादी की तरह सख्ती से नहीं अपनाया,



बल्कि उसे अपनी संवेदनशीलता और रचनात्मकता से एक नए साँचे में ढाला। उनके उदार गायन में पटियाला, आगरा, ग्वालियर आदि, सभी पसंदीदा उस्तादों के संगीत का प्रभाव शामिल था। इस श्रृंखला को जोशी जी ने अपने स्वरों से समृद्ध किया और यही कारण है कि उनकी अनोखी दबंग शैली में उनके मूल घराने की कोमल बारीकियाँ काफी हद तक गायब हो गई थीं, वो शैली जो उत्तर में किराना से ले कर दक्षिण के धारवाड़ तक प्रत्यारोपित हुई थीं, जिसके सहारे वे अपने श्रोताओं को द्रुत गति से उदात्त ऊँचाइयों तक ले जाते थे हालांकि उनकी तान और आवाज़ जितनी ऊंची होती जाती उनकी आवाज का माधुर्य उतना ही बढ़ता बढ़ता जाता।

भीमसेन जोशी के निष्ठावान अनुयायियों के लिए, उनकी आवाज में, यहां तक कि उसकी गूँज में भी एक अनूठी आत्मीयता थी, जो काफी हद तक उस्ताद अमीर खान या डीवी पलुस्कर की याद ताजा कर देती थी। लाइव कार्यक्रमों मे, यह आवाज़ सभागार के मंच से आख़िरी पंक्ति तक और मुक्ताकाश में भी समान रूप से गूंजती थी, इसकी विशुद्ध ऊर्जा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती थी। रिकॉर्डिंग में भी, इस आवाज़ की लगभग विरोधाभासी कोमलता श्रोताओं को अलौकिक संसार का अनुभव करवाने में कभी विफल नहीं हुई।

गंगूबाई हंगल के साथ।

अपने सर्वश्रेष्ठ वर्षों के दौरान एक विशिष्ट भीमसेन जोशी का संगीत कार्यक्रम हौले हौले समाधी में प्रविष्ट होने जैसा था, तीन सप्तक में त्रुटिहीन स्वरोच्चारण, धीरे-धीरे संगीत में गहरे उतरने जैसा था जो परमानंद के भिन्न धरातलों की परतें सरलता के साथ खोल देती है (अस्सी के दशक के दौरान, हालांकि, जोशी शराब के शिकार हो गए थे, जिसने उनके संगीत को बुरी तरह प्रभावित किया था, उनकी महान कला कुम्हलाने लगी थी।

सौभाग्य से, उन्होंने अपनी भक्ति और आत्मबल से अपनी आदतों पर काबू पा लिया, मदिरा की आदत छूटनी ही थी सो छूटी।) इस कोहरे को चीरने के बाद उनकी कला और निखर के आई जिसके बाद उन्होंने अपने जीवन का श्रेष्ठ गायन किया.

जोशी का जन्म 4 फरवरी 1922 को कर्नाटक के गडग में, एक कन्नड़-भाषी परिवार में हुआ था। उनके पिता, गुरुराज जोशी, स्थानीय हाई स्कूल के हेडमास्टर थे, वे चाहते थे कि भीमसेन एक इंजीनियर या डॉक्टर बने, लेकिन लड़का बचपन से ही संगीत का दीवाना था। अंततः उन्होंने संगीत में हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन की उन ऊंचाइयों को छुआ जहां कुछ ही हस्तियां ही पहुँच पाई हैं, उनके तराशे हुए स्वरों में हिन्दुस्तानी गायकी का श्रेष्ठ मिश्रण है वो धारवाड़ की द्विभाषी संगीत संस्कृति के सबसे विशिष्ट व्यक्तित्व में से एक के रूप में उभर के आये।

हिंदुस्तानी संगीत के साथ उनका प्रेम तब शुरू हुआ जब वह बालक थे, वह रोजाना अपने स्कूल जाने वाले रास्ते पर, एक संगीत प्रेमी की चाय की दुकान पर रुक जाते और ग्रामोफ़ोन पर ग्राहकों को सुनाए जा रहे गानों

संगीत के प्रति अटूट प्रेम की वजह से बालक भीमसेन घर से अक्सर गायब रहने लगे, वो भजन मंडलियों के पीछे घुमते रहते मानो किसी ने सम्मोहित कर दिया हो, फिर उन्हें केवल दोस्त ही ढून्ढ कर लाते और माता पिता को सौंपते थे।

को खड़े रह कर सुनते थे। संगीत सीखने की पहली लौ जोशी जी की आत्मा में तब जली जब उन्होंने बार-बार सुनाई जाने वाली उस्ताद अब्दुल करीम खान की ठुमरी सुनी यहीं उन्हें उस्ताद अब्दुल करीम खान की डिस्क से प्यार हो गया। कीर्तनकारों के रूढ़िवादी माधव परिवार में पैदा होने के कारण भक्ति संगीत से उनका परिचय पहले से ही था। गडग के एक संगीत शिक्षक मअगसरा चनप्पाफ के निर्देशन में उन्होंने संगीत की विधिवत शिक्षा आरम्भ कर दी।

संगीत के प्रति अटूट प्रेम की वजह से बालक भीमसेन घर से अक्सर गायब रहने लगे, वो भजन मंडलियों के पीछे घुमते रहते मानो किसी ने सम्मोहित कर दिया हो, फिर उन्हें केवल दोस्त ही ढून्ढ कर लाते और माता पिता को सौंपते थे, कभी-कभी पुलिस भी ढूंढ कर लाती थी जब वो अनजान जगहों पर सोये मिलते थे। उस्ताद अब्दुल करीम खान की रिकॉर्डिंग-राग *झिंझोटी* में *ठुमरी* को निरंतर सुनने के बाद, वह घर से भाग निकले। उस्ताद किराना घराने के संस्थापक थे, जिनके शिष्य सवाई गंधर्व को अंततः जोशी का गुरु बनना तय था।

गुरु की तलाश में भीमसेन जगह-जगह भटकते थे, ज्यादातर यात्रा ट्रेन से बिना टिकट किया करते थे। कई शहरों की असफल यात्रा करते हुए वह तीन महीने बाद ग्वालियर पहुंचे, पूरी यात्रा में अपने सभी सह-यात्रियों का मनोरंजन करते हुए, उन गीतों के साथ जो उन्होंने ग्रामोफोन रिकॉर्ड से सीखे थे।

पंडितजी ने अपने पिता को लिखा था कि वह घर लौटने के लिए तैयार थे, मगर एक शर्त पर कि उन्हें सवाई गंधर्व से संगीत सीखने की अनुमति दी जाए। माता-पिता अपने बेटे की वापसी पर बहुत खुश हुए और उसकी शर्त पर राजी हो गए!

इसके पश्चात भीमसेन ने खड़गपुर, कलकत्ता, दिल्ली और अंत में जालंधर की यात्रा की, कई महान गुरुओं से सीखने की कोशिश की। उनके शुरुआती गुरुओं में से एक ग्वालियर के सरोद वादक हाफिज अली खान थे, उन्होंने कलकत्ता के प्रसिद्ध फिल्म स्टार संगीतकार पहाड़ी सान्याल को काफी प्रभावित किया था जिन्होंने उन्हें फ़िल्मी परदे पर अभिनय-गायन की भूमिकाओं के लिए काफी ज़ोर डाला, लेकिन जोशी केवल संगीत के लिए उत्सुक थे, न कि अन्य विकल्प के रूप में - फिल्मों में संगीत। उनकी यात्रा उन्हें जालंधर के वार्षिक हर वल्लभ उत्सव में ले गई, जहाँ वे विनायक राव पटवर्धन के संपर्क में आए।

ग्वालियर गायकी के प्रतिष्ठित प्रतिपादक, ख्याति प्राप्त गायक पटवर्धन ने उन्हें गडग के नज़दीकी गाँव कुंडगोल

महान तबलावादक उस्ताद अल्लाह राका खान (बाएं) के साथ।

के रामभाऊ कुंडगोलकर से मिलने की सलाह दी- कुंडगोल जो पहले से सवाई गंधर्व के नाम से प्रसिद्ध हैं, जिसका नाम वहां की आराध्य जनता द्वारा उनके दिव्य संगीत या गन्धर्व गायन को एक श्रद्धांजलि है। जीवनीकार हवलदार लिखते हैं: ''पंडितजी ने अपने पिता को लिखा था कि वह घर लौटने के लिए तैयार थे, मगर एक शर्त पर कि उन्हें सवाई गंधर्व से संगीत सीखने की अनुमति दी जाए। माता-पिता अपने बेटे की वापसी पर बहुत खुश हुए और उसकी शर्त पर राजी हो गए!''

हालाँकि, गुरुराज जोशी चाहते थे कि उनका बेटा कोई ढंग की नौकरी करे, उनके पास दूरदृष्टि थी और उन्होंने पुत्र में छिपी प्रतिभा को भांप लिया था संगीत की यात्रा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनका सहयोग करने की ठान ली। वह भीमसेन को सवाई गंधर्व के पास ले गए जिन्होंने भीमसेन को शिष्य बनाना स्वीकार कर लिया था लेकिन शिष्य स्वीकार करने से पहले संगीत की एक कठोर परीक्षा ली थी। उन्होंने ₹25 मासिक शुल्क की मांग की, जो एक विनम्र स्कूल हेडमास्टर के कन्धों पर बोझ था, जिन्हें भीमसेन के नियमित अभ्यास सत्र के लिए हारमोनियम और तबला संगतकारों का भी भुगतान करना था।

सवाई गंधर्व की दीक्षा में, पांच साल तक उन्होंने कठोर परिश्रम किया - प्राचीन समय से चली आ रही गुरु-शिष्य परम्परा के अंतर्गत हर प्रकार के घरेलू कार्य और - शारीरिक दंड भी - जब तक भीमसेन की गंभीरता से गुरु आश्वस्त नहीं हो जाते। भीमसेन के गुरुकुल प्रवास में गंधर्व बिलकुल स्पष्वादी रहे थे। ''हालांकि दिखने में वह बहुत सख्त प्रतीत होते थे, पर शिक्षण के दौरान उनका व्यवहार स्नेह पूर्ण होता था। रोज़ाना सुबह वह राग टोडी, दोपहर में राग मुल्तानी और शाम को राग पूरिया पढ़ाते थे, रागों के समय और सिद्धांत का पालन सख्ती से करते थे।'' गंधर्व की एक अन्य शिष्य गंगूबाई हंगल उनसे वरिष्ठ, थी जिसे उन्होंने बहन मान लिया था, और एक अन्य साथी शिष्य फिरोज दस्तूर ने भी ख्याति प्राप्त की थी।

जोशी के चेहरे पर उनके गुरु द्वारा फेंकी गई वस्तु के कारण बना ज़ख्म का निशान ताज़िंदगी रहा; वह अपनी तालीम, उस के राग और संगीत के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध रहे, पूरी गहनता के साथ अपने पारंपरिक आधार से जुड़े रहे, बावजूद इसके कि उनके संगीत की यात्रा में कई महत्वपूर्ण बदलाव आए। वह सवाई गंधर्व के साथ संगीत कार्यक्रमों में जाया करते थे और इन कार्यक्रमों में उन्होंने कई भारत के समकालीन महान संगीतज्ञों को सुना। जनवरी

पंडित भीमसेन जोशी, अपनी पत्नी वत्सलाबाई और गंगूबाई हंगाल (बांए) के साथ।

कर्नाटक गायक एम बालमुरलीकृष्ण के साथ।

1946 में, पुणे में, सवाई गंधर्व के 60 वें जन्मदिवस पर आयोजित संगीत कार्यक्रम, उनके प्रसिद्धि के क्षितिज पर पहुँचने की शुरुआत थी।

जोशी द्वारा रागों के अपेक्षाकृत सीमित प्रदर्शन की भरपाई इन रागों के उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण द्वारा की जाती थी, जिसे हमेशा वो नए अंदाज़ में प्रस्तुत किया करते थे। तोड़ी, *दरबारी, मियां* की *मल्हार* उनकी सदाबहार पसंद थीं और वे इन्हें विविधता के साथ पेश करते थे, लेकिन उनके *गौड़ सारंग, सुधा सारंग* और *बृंदावनी सारंग,* उनकी सुधा कल्याण और जोगिया और *भैरवी* में उनकी ठुमरियाँ भी कम सम्मोहक नहीं थीं। मानो राग की तथाकथित दायरे और सीमा के बदले, उन्होंने कुछ नई धुनें बनाईं हों, इनमें अधिकतर ज्ञात रागों का संयोजन होता था।

एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी संगीतज्ञ (उनके रईसाना शौक़ और घुमक्कड़ प्रवर्ति की वजह से उन्हें महवाई गन्धर्वफ का उपनाम मिला था), जिन्होंने हिंदुस्तानी संगीत में उत्तर और दक्षिण का सर्वश्रेष्ठ सम्मिश्रण किया, उन्होंने शुद्ध संगीत के श्रोता और सामान्य रसिक श्रोताओं के लिए समान रूप से गाया है और एक शानदार आवाज को मांझते हुए संगीत का निर्झर प्रवाह किया। उनकी संत वाणी और दशरपद स्वर ईश्वर और कन्नड़ भाषा के प्रति समर्पण और निष्ठां के प्रतीक हैं (कन्नड़ भाषा में भी उनकी शुद्ध हिंदुस्तानी बंदिशें हैं), तो बाल मुरलीकृष्णन के साथ जुगलबंदी कौतुहल और जिज्ञासा से परिपूर्ण हैं, जहां भारतीय शास्त्रीय संगीत में उत्तर-दक्षिण विभाज्य नज़र ही नहीं आता।

विविधता में एकता के विषय पर सिने कलाकारों, संगीतज्ञों और खिलाड़ियो की मंडली के साथ दूरदर्शन पर एक विशाल अभियान *मिले सुर मेरा तुम्हारा* की मार्मिक प्रस्तुति के साथ वो राष्ट्रीय एकीकरण के प्रेरणादायक स्त्रोत बन गए और जन सामान्य के दिलों पर काबिज हो गए। हिंदी और कन्नड़ में उनके फिल्मी गाने जन सामान्य में हिट थे जिन्हें शास्त्रीय संगीत की समझ नहीं थी उनमें और शास्त्रीय संगीत के अनुयायियों में भी। माधव गुड़ी शायद उनके सबसे प्रिय शिष्य थे, हालांकि एक कॉन्सर्ट कलाकार के रूप में माधव को अपेक्षित सफलता नहीं मिली।

भीमसेन जोशी ने दो विवाह किये थे, उस समय भारत में ये अवैध नहीं था। उनकी दोनों पत्नियों से बच्चे हुए थे, सुनंदा और वत्सला। एक संगीत समीक्षक और प्रशंसक कहते हैं, ''वो गाड़ियों के ज़बरदस्त शौक़ीन थे और बहुत तेज रफ़्तार से गाड़ी चलाते थे, उन्होंने देश विदेश में चार दशकों से अधिक समय तक संगीत कार्यक्रमों में शिरकत की और असंख्य प्रशंसकों को अपनी गायकी से मोहित किया।''

2008 में मभारत रत्नफ से सम्मानित किया जाना उनके करियर की श्रेष्ठतम उपलब्धि थी। उनके प्रमुख पुरस्कारों में उस्ताद इनायत खान फाउंडेशन अवार्ड (2002), पद्म विभूषण (1999), एचएमवी प्लेटिनम डिस्क (1986), पद्म भूषण (1985), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1976), और पद्म श्री (1972) भी शामिल थे।

लेखक श्रुति पत्रिका के पूर्व संपादक हैं।

पांच साल तक उन्होंने कठोर परिश्रम किया – प्राचीन समय से चली आ रही गुरु–शिष्य परम्परा के अंतर्गत हर प्रकार के घरेलू कार्य और – शारीरिक दंड भी – जब तक भीमसेन की गंभीरता से गुरु आश्वस्त नहीं हो जाते।

रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय से संदेश

प्रत्येक रोटेरियन प्रत्येक वर्ष

प्रत्येक रोटेरियन को हर साल वार्षिक कोष में एक निजी उपहार देने और संस्थान अनुदान या कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। टीआरएफ गतिविधियों के लिए धन का प्राथमिक स्रोत वार्षिक निधि है। EREY विवरणिका डाउनलोड करने के लिए इस लिंक का उपयोग करें: *https://my.rotary.org/en/document/every-rotarian-every-year-brochure.*

प्रत्येक वर्ष वे क्लब जो EREY दान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते है, अर्थात्, जिस क्लब में प्रति व्यक्ति 100 डॉलर का न्यूनतम वार्षिक योगदान होता है एवं बकाया राशि देने वाले प्रत्येक सदस्यों द्वारा वार्षिक निधि में कम से कम 25 डॉलर का दान किया जाता है, उन्हें 100% प्रत्येक रोटेरियन, प्रत्येक वर्ष के बैनर से सम्मानित किया जाता है।

प्रमुख दानकर्ता पहचान

टीआरएफ उन व्यक्तियों या युगलों की पहचान करता है जिनके संयुक्त उपहार पदनाम की परवाह किए बिना 10,000 तक पहुंच गए हैं। यह मान्यता स्तर केवल व्यक्तिगत योगदान के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। प्रत्येक मान्यता स्तर के उपहार को यादगार बनाने के लिए मुख्य दानकर्ता एक क्रिस्टल रिकग्निशन पीस और पिन प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं। स्तर की श्रेणियाँ: स्तर 1: 10,000 डॉलर से 24,999 डॉलर; स्तर 2: 25,000 डॉलर से 49,999 डॉलर; स्तर 3: 50,000 डॉलर से 99,999 डॉलर; स्तर 4: 100,000 डॉलर से 249,999 डॉलर।

क्रिस्टल उत्कीर्णन निर्देश:

दानकर्ता मेजर डोनर क्रिस्टल पर भी अपने जीवनसाथी का नाम शामिल करना पसंद कर सकते है।

सीएसआर भारत अनुदान

न्यासियों द्वारा अनुमोदित सीएसआर भारत अनुदान मॉडल को 1 जुलाई, 2021 से रोल आउट किया जाएगा। इसकी कुछ मुख्य विशेषताएं इस प्रकार है:

- प्रशासनिक खर्चों की भरपाई के लिए 5 प्रतिशत अतिरिक्त योगदान सहित न्यूनतम सीएसआर योगदान 21,000 डॉलर का होगा।
- RF (I) को भेजे जाने पर प्रशासनिक खर्चों की भरपाई के लिए 5 प्रतिशत अतिरिक्त योगदान के साथ प्रायोजक नकद अंशदान भी जोड़ सकते है।
- मंडल अनुदानों के लिए आवेदन करते समय मंडल विशिष्ट सीएसआर भारत अनुदानों को बढ़ाने के लिए अपने मंडल अनुदान के हिस्से आवंटित कर सकते है।
- संस्थान विश्व कोष से मिलान राशी प्रदान नहीं करेगा।
- सीएसआर भारत अनुदान आवेदन के ई-अनुमोदन के बाद निगम द्वारा सीएसआर भुगतान किया जा सकता है।
- अनुदान की रिपोर्टिंग समान रहेगी।

कृपया ध्यान दें कि संस्थान 30 जून, 2021 से सीएसआर निधियों का उपयोग करके सीएसआर प्रायोगिक वैश्विक अनुदान आवेदनों को स्वीकार करना बंद कर देगा।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने दिनांक 22 जनवरी, 2021 को कंपनी (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी पॉलिसी) संशोधन नियम 2021 जारी किया है। पूर्ण परिपत्र यहाँ उपलब्ध है: *https://www.mca.gov.in/Ministry/pdf/CSRAmendmentRules_22012021.pdf* ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

डोन में रोटरी ने बनवाया सार्वजनिक शौचालय

टीम रोटरी न्यूज़

रोई मंडल 3160 के अंतर्गत, डोन के रोटरी क्लब ने नगर के केंद्र में सार्वजनिक शौचालय ब्लॉक का निर्माण करवाया। क्षेत्र में एक अस्थाई आबादी है और यहाँ सरकारी कार्यालयों की भरमार है, इसलिए यह सुविधा यहां अपना मकसद पूरा करेगी, क्लब के अध्यक्ष शंकर गौड़ ने कहा। आठ लाख रुपये की लागत से निर्मित स्वच्छता ब्लॉक का उद्घाटन डीजी बी चिन्नपा रेड्डी और नगर निगम आयुक्त केएलएन रेड्डी ने किया।

क्लब ने ₹2 लाख की लागत से एक स्थानीय पार्क में 25 कंक्रीट के बेंच लगाए हैं। क्लब के सदस्य रजैया गौड़ की सहायता से ₹7 लाख लागत की एक शव-वाहन भी समुदाय को समर्पित की गई। ■

Wordsworld

My friends and other animals

Sandhya Rao

It's not just humans who make history, you know

For a long time, when I pushed open the curtains in the morning, I saw a small white cat sitting curled up beneath the coconut tree, staring intently at me, almost as though we had an 'otherly' connection. Or is it earthly? My son's friend, for instance, is married into a conservative family, but they adore dogs. They have two or three pet canines, and the arrival of each, as a puppy, is greeted with a visit to the temple and special pujas performed in their names. The pets participate in every function in the family, be it social, celebratory or religious, and when they fall sick, it's not only vets that attend on them, but potions and prayers to ward off the evil eye.

The bond between humans and animals is as old as they have been around. All animal-lovers have stories to share — stories that make you laugh, move you to tears or amaze you. Nandini Sengupta has written just such a book: *The Blue Horse, and other amazing animals from Indian History*. As the top line on the back cover says: 'It's not just humans who make history, you know.' Although the publisher has categorised it as a children's book, this beautifully written and engaging paperback is most definitely for all ages, it's one for the family from the littlest one up. If you love animals and history, then this one's especially for you!

We've all heard or read stories about the valour of animals. Many schoolchildren can recite Shyam Narayan Pandey's poem 'Chetak ki Veerta' about Maharana Pratap's horse. It's possibly one of the most well-known animals in India, and that's probably why the book is called, after Chetak, *The Blue Horse*. The blue horse? 'I am a Kathiawari horse,' says Chetak. Incidentally, the stories are all told in first person. 'Not as big and imposing as an Arab stallion, but sturdier and just as fast. And then there's my dappled grey coat, which earned me the sobriquet of the 'Blue Horse'.'

Chetak goes on to say: 'Maharana Pratap was an exceptionally tall man. And strong as an ox to boot. Bard songs say he weighed nearly 200kg in his full chain mail and armour, fitted with all his weapons! I am not sure about the numbers — I am a horse, not a maths teacher! — but it was a heavy burden I carried on my back. Remember, I also wore armour — my *Pakhar* saddlery, my *Jhool* mail and caparison clothes, all of which weighed a lot too. But weight or no, I had to be quick, or *Hukum* and I would both be dead.'

The descriptions in the book are detailed and engaging; they are based on historical facts, unearthed after painstaking research and cross-checking by the author. Yes, the Nawab of Junagadh did in fact hold a lavish, three-day celebration for the marriage of his favourite pet dog, Roshanara, with Bobby, a pet belonging to the Nawab of Mangrol. Both dogs were heavily bejewelled and taken in a procession. The author provides the sources for the details at the end of each story. The info-box at the end of 'The Wedding Belle' mentions the source of the information as *The Dog Book: Dogs of Historical Distinction* by Kathleen Walter-Meikle. The info box at the end of Chetak's story, for instance, can clarify — for those who wish to know — the historical position on the Battle of Haldighati which, in recent times, was embroiled in controversy following the rewriting of some portions of it in school textbooks. As Nandini points out, this event is well-documented by

The Nawab of Junagadh held a lavish, three-day celebration for the marriage of his favourite pet dog, Roshanara, with Bobby, a pet belonging to the Nawab of Mangrol. Both dogs were heavily bejewelled and taken in a procession.

Mughal chroniclers as well as Rajput bards; she draws attention to the view of contemporary historians that there was no clear winner: Maharana Pratap lost many soldiers and had to leave the battlefield while the Mughals could neither kill him nor end the Rajput resistance.

It's not surprising that many of the stories are about dogs, but there are cheetahs and elephants too. And an extraordinarily beloved parrot that belonged to a scion of the Kadamba dynasty in what we now know as Goa. The author says she first came across this story in 'a passing reference by historian Upinder Singh in her seminal book *A History of Ancient and Early Medieval India*' in which she 'referred to a 12th-century inscription at Tambur that talks of the king who killed himself for his parrot'. Further research revealed more details. As the parrot says, 'It isn't every day that a human, much less a king, gives up his life for the sake of his pet parrot. But then again, I was no ordinary bird. I was a talking parrot who had been trained to recite the Vedas and discuss *Chanakya Niti*. And my loyal human was a king called Jayakesi.' Now, in that palace prowled a cat intent on making a meal of the parrot. Jayakesi had promised to protect his parrot from the wiles of the cat and if he did not do this successfully, he had promised that he 'would follow him to the next world'. So, when the cat finally got the parrot, Jayakesi honoured his promise.

'To be honest,' the author has the parrot say, 'I didn't expect Jayakesi to stick to his promise. There was no one in the room when he made the vow. And humans don't value their friendship with animals the way animals do with humans. To them, it's just a few moments of amusement. To us, it is our whole life. But Jayakesi was different. It didn't matter to him that his promise was made to a bird. And that the bird was now dead and could not speak for itself. He ordered a funeral pyre piled high with sweet-smelling sandalwood and climbed inside, holding me in the palm of his hands.'

I was so enthralled and enchanted by this book that I wanted to chat with the author about it. After all, she was practically my neighbour, in Pondicherry, barely 170km away from Chennai! Nandini was more than generous and answered all my questions passionately. She had been researching the *Akbarnama* — the official chronicle of Akbar's reign written by Abu'l-Fazl ibn Mubarak — for a book she was working on, when she came upon a reference to the cheetahs. One thing led to another and

Jayakesi had promised to protect his parrot from the wiles of the cat and if he did not do this successfully, he had promised that he 'would follow him to the next world'. So, when the cat finally got the parrot, he honoured his promise.

My son's friend has two or three pet canines, and the arrival of each, as a puppy, is greeted with a visit to the temple and special pujas performed in their names.

the idea for this book was born. 'I am a history evangelist, and an animal evangelist,' she says. The cheetahs open this collection, and the names they are called by in the story — Samand Manik, Madan Kali, Chitranjan — are the actual names of Akbar's cheetahs. Nandini says the book is only 15 per cent embellishment, the rest is historical facts.

The world knows of many animals that have made a mark on history, and some of them find mention at the end of the book, such as Caligula's horse Incitatus, King Dutugamunu's war elephant, Queen Isiemkheb's pet gazelle, Genghis Khan's falcon, Emperor Yongle's giraffe and so on. But Nandini consciously chose to focus on Indian animals. 'They are known so little,' she says, and she would like them to be known. For about two years, she researched, located authentic sources, and wrote their stories. She located many animals that had played a significant role in Indian history, but the book tells the stories only of those that could be clearly attributed to authentic sources. That's why it's a slim book, but who knows, perhaps the next edition will be thicker because the research continues. Meanwhile, *The Blue Horse* is a beautiful way to experience adventure and get a taste of the past, source and all.

The columnist is a children's writer and senior journalist.

Membership Summary

(As on March 1, 2021)



Rotary at a glance

Rotary clubs	: 36,598	Rotary members	: 1,190,766
*Rotaract clubs	: 9,273	*Rotaract members	: 219,157
Interact clubs	: 15,758	Interact members	: 362,434
RCCs	: 11,619	*As on 18 March 2021*	



Source: RI South Asia Office

A book for word-lovers

S R Madhu



Tharoorosaurus

Author : Shashi Tharoor
Publisher : Penguin Random House India
Pages : 325
Price : ₹399

Shashi Tharoor is a mesmeric speaker and prolific writer (he brings out a book every year) as everyone knows, but his fondness for big words is a myth. Good communication in speech or writing is a matter of using the right word, as Tharoor has said often.

A big word is justified only if it's the best one for the occasion. Otherwise it looks absurd and pompous, like a person wearing a three-piece suit for shopping in a bazaar round the corner.

However, Tharoor's wordsmith reputation led to a request from Penguin India for a book titled *Tharoorosaurus,* which covers three words — Tharoor, tyrannosarus (because "people are terrified of big words") and thesaurus. Tharoor clarifies that the book isn't a scholarly work but reflects his love for words, which he inherited from his father Chandran Tharoor. There was no word game at which his father did not excel, whether it was Scribble or Bingo or games that he devised himself.

The book describes and analyses 53 words: there's a definition for each word, a sample usage and a little essay. Plus a one-page fun sketch. The cover shows Tharoor's head on a long dragon's body.

The cover and the sketches inside fascinated my four-year-old grandson. He took the book away from me before I could read it, opened its pages again and again over the next couple of weeks and stared at the sketches, and asked me to "explain". By the time he was through with the book and agreed to part with it, its cover had come off and the pages began to look frayed.

The book begins with the horrendous-sounding *Agathokakological* which means "consisting of both good and evil". The word was coined by English poet Robert Southey in the early 19th century. Tharoor says Indian philosophy has often held that good and evil can coexist in the same person. The heroes of the *Mahabharata* were god-like, yet not perfect human beings. They were prone to lust, greed and anger.

The longest word in the book is *Floccinausinihilipilification* which means "the act of estimating something or someone as worthless". Sir Walter Scott in 1826 said the inventor of the word was William Shenstone who used it in a letter in 1741. Perhaps one could describe a book, a movie, a theory or a budget as an exercise in *Floccinausinihilipilification.*

Contronym is an interesting word "which can mean the opposite of itself". Tharoor cites the example of President Trump's "sanctions" on Iran's oil supplies. Sanctions is a contronym because it means both "permitted" and "prohibited".

The book features common words like apostrophe, brickbat, curfew, impeach, jaywalking, pandemic, phobia, lunacy, lynch, quiz, quarantine, hyperbole, namaste, umpire, yogi, zealot. There are less familiar words like aptagram, authorism, cwtch, cromulent, defenestrate, panglossian, epicaricacy, epistemophilia, lithologies, rodomontade, snollygoster, valetudinarian and zugzwang.

Have you heard of the word *Cwtch* which just means a hug? You are *Panglossian* if you are foolishly optimistic. *Epicaricacy* is deriving pleasure from the misfortunes of others. On the familiar word *hyperbole,* Tharoor quotes American humourist Will Rogers who said of a particular politician that if brains were gunpowder, he wouldn't have enough to blow the wax out of his ears.

In sum, this is a fun book, particularly if you are a word-lover.

The author is a senior journalist and a member of the Rotary Club of Madras South.

470 बाल हृदय सर्जरियाँ है रोटरी क्लब बॉम्बे का लक्ष्य

वी मुत्तुकुमारन

न कोविड और न ही लॉकडाउन प्रतिबंध रोटरी क्लब बॉम्बे, रो ई मंडल 3141, की बाल हृदय सर्जरी परियोजना को रोक पाए जो वर्तमान में दो वैश्विक अनुदानों के माध्यम से चल रही है। जहां पहली वैश्विक अनुदान परियोजना (₹1.3 करोड़) 125 हृदय सर्जरियों (अब तक 119 पूर्ण हो चुकी है) के लक्ष्य के साथ मार्च के अंत तक पूरी हो जाएगी, वहीं दूसरी वैश्विक अनुदान परियोजना काफी बड़ी है और इसका लक्ष्य कम से कम 350 जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचने का है।

कार्यान्वयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए, पीडियाट्रिक हार्ट सर्जरी कमिटी के अध्यक्ष जयमिन झावेरी कहते है कि पहले वैश्विक अनुदान के अंतर्गत सभी सर्जरियाँ कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल (KDAH, अंधेरी) में की जा रही है, और दूसरे वैश्विक अनुदान के लिए, क्लब ने दो और अस्पतालों के साथ करार किया है - SRCC चिल्ड्रेन हॉस्पिटल, हाजी अली, और हरिया रोटरी हॉस्पिटल, वापी (गुजरात)। ''अब तक दूसरे वैश्विक अनुदान (₹3.6 करोड़) के तहत 75 सर्जरियाँ की गई है और हमें इस राशि का 50 प्रतिशत प्राप्त हो चुका है। एक बार हमारे द्वारा 140-150 सर्जरियाँ पूरी कर लेने के बाद, मरीजों के विवरण, दस्तावेजों, सर्जरी के प्रकार के साथ उसकी तस्वीरों एवं अंकेकक्षित कागजों वाली एक विस्तृत रिपोर्ट रो ई के अनुदान विभाग को भेजी जाएगी। रिपोर्ट का पुनरीक्षण करने के बाद, बाकी की परियोजना के लिए वे शेष राशि जारी करेंगे'', वह समझाते है।

मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले बच्चों के लिए विशाल हृदय-जांच शिविर आयोजित करने के लिए क्लब ने स्थानीय अस्पतालों के साथ करार किया है। झावेरी कहते है, ''परियोजना लाभार्थियों की पहचान करने के लिए आखिरी बार नवंबर में हमनें आस्था अस्पताल, मनोर, में चिकित्सीय शिविर आयोजित किया था।'' राज्य सरकार भी उसकी बाल स्वास्थ्य योजनाओं के तहत पात्र रोगियों की सूची प्रदान करती है।

पुनरीक्षण प्रक्रिया

एक सरकार और दूसरा अस्पतालों से बच्चों के नाम वाले दो सेट प्राप्त होने के बाद, झावेरी के नेतृत्व वाली एक चार सदस्यीय पैनल, जिसमें DGN संदीप अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय के जाटिया और रोटेरियन स्वाति वजोदिया शामिल है, लाभार्थियों का चुनाव करता है।

पैनल पहले एक बच्चे के परिवार की वित्तीय स्थिति की पुष्टि करता है, फिर बच्चे के पिता का आधार, राशन कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र देखता है। झावेरी कहते है, ''नवजात शिशु से लेकर 18 साल तक की उम्र वर्ग का देश का कोई भी ज़रूरतमंद बच्चा मुफ्त सर्जरी के लिए पात्र है।''

इसकी शुरुआत तब हुई जब इनर व्हील मंडल 314 की अध्यक्ष ज्योति दोशी ने दो साल पूर्व गरीब बच्चों की दिल की सर्जरी के बारे में सोचा और रोटरी क्लब बॉम्बे ने इसे बड़े उत्साह के साथ अपनाया, DGN अग्रवाल कहते है। जहां पहले वैश्विक अनुदान को रोटरी क्लब बॉम्बे पियर, रोटरी क्लब डेट्रायट, यूएस, रो ई मंडल 6400 की मदद से किया जा रहा है; वहीं दूसरे वैश्विक अनुदान को वैश्विक भागीदार के रूप रोटरी क्लब लिविवि-सेंटर, यूक्रेन, के साथ निष्पादित किया जा रहा है। वह कहते है, ''सर्जरी का प्रबंध करने वाले रोटरी स्वयंसेवकों एवं एन्स में एन नताशा सेजपाल (रोटरी क्लब मुंबई लेकर्स के पार्थ सेजपाल की पत्नी) शामिल है, जिन्होंने KDAH में बच्चों की देखभाल के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है।'' ■

हल्केपान के साथ जियो

भरत और शालन सवुर

अपने मस्तिष्क से बेकार चीजों को बाहर निकालना उपचार का सबसे बढ़िया तरीका है जिसका उपयोग आप इस अत्यधिक सूचना वाले समय में कर सकते है। 'विचार करना' कोई भूली बिसरी चीज़ नहीं होनी चाहिए। यह तब होता है जब हमारा मन हमारी वर्तमान सीमाओं, वर्तमान समय से परे जाकर ऐसे समय के संकेतों और कहानियों की झलक दिखाता है जिसे अनंत काल के रूप में जाना जाता है। यह हमें ठहरने, सराहना करने एवं कृतज्ञता से भर जाने में सक्षम बनाता है।

लेकिन इससे पहले कि हम वहाँ पहुँचें, हमें कुछ ऐसी चीज़ें करनी होंगी जो हमारे मन और मस्तिष्क को सुकून दें।

अवस्था से स्वस्थ अवस्था तक: सांस पर ध्यान लगाने जैसे छोटे कार्यों को पूरा करना चाहिए। हम वास्तव में 'सांसों को स्वयं आनंद लेने देते है', जैसा कि थिच नात हान ने स्पष्ट रूप से समझाया है। जब हमारी श्वास की गुणवत्ता में सुधार होता है, तो हमारे मस्तिष्क के साथ हमारे शरीर को भी आराम मिलता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता में बहुत सुधार करता है - अवस्था से स्वस्थ अवस्था तक ले जाकर।

चिंतन और मनन चेहरे को उत्तेजित एवं दिमाग को संकुचित करते है। मेरी दोस्त मुकु, जो एक आरोग्यसाधक है, मुझे बताती है कि 2021 के लिए उसका मूलमंत्र है 'मैं हकदार हूँ' वाकई, आप जीवन की सभी अच्छी चीजों के हकदार है। इसलिए, कृपया अपने अंदर मौजूद जड़ता को तोड़कर बाहर आएं।

चुटकी बजाएं

उस स्थान से बाहर निकलें जहाँ आप शारीरिक रूप से मौजूद है। छोटी, त्वरित या लंबी, धीमी साँसें भरकर अपने अंदर कि चिंताओं को बाहर निकालें। बेसिन पर जाएं और अपना चेहरा धो लें, अपने मुंह का ठंडे पानी से कुल्ला करें।

दयाभाव से देखें आईने में देखें और आपको यह प्रिय, परिचित चेहरा दिखाई देगा। प्रेम को उमड़ने दें अपने आप को सहजता एवं दयाभाव से देखें मनोवैज्ञानिक कहते है कि हम हमेशा अपने बाहरी दुनिया के अनुभव को आंतरिक दुनिया के अनुभव के साथ जोड़ने की कोशिश करते है। हम इन दोनों अनुभवों को समायोजित करने की कोशिश करते है - अर्थात्, हमारा केंद्रीय तंत्रिका तंत्र जिसमें मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी शामिल होते है, लगातार बाहरी दुनिया के साथ समायोजन कर रहा है। यह प्रयास पीड़ा या शांति, कभी-कभी सुन्नता के रूप में महसूस होता है।

तंत्रिका तंत्र व्यावहारिक रूप से 24/7 एक समायोजन और स्वतुल्य अवस्था में होता है। कुछ सहायक इसे नियमित करते है और चीजों को आसान बनाते है:

* *निर्णय लें/* हवा में बातें न करें। क्या मुझे इन शेयरों में निवेश करना चाहिए? क्या मुझे निवेश नहीं करना चाहिए? क्या मुझे अपने सहयोगियों को सूचित करना चाहिए? या नहीं करना चाहिए? जब आप एक निर्णय लेते हैं, तो इसका मतलब होता है कि वो बस ले लिया गया है और खत्म हो गया है। लगातार उसके साथ समायोजन करके अनिश्चित रहने की आवश्यकता नहीं है। आप निश्चिंत रहिए बस इतना ही काफी है।
* *कार्यों को मिलाना/* गतिविधियों का एक फ्लो चार्ट बनाएं। जिन चीजों को करना आप पसंद नहीं करते है, उन चीजों को उन कार्यों के साथ चतुराई से मिश्रित कीजिए जिन्हें करना आप पसंद करते है। प्रत्येक कार्य पूरा होने के बाद खुद को बधाई दें - इससे मस्तिष्क को ऊर्जा मिलती है। डोपामाइन, जिसे लोकप्रिय

रूप से इनाम के रसायन के रूप में जाना जाता है क्योंकि यह तब निकलता है जब आपको लगता है कि आपने कुछ हासिल किया है, बेकार चीजों को बाहर निकालने में बहुत बढ़िया है। यह सतर्कता रसायन नॉरपाइनफ्राइन को दूर करता है जिसकी मात्रा बहुत अधिक होने पर यह घबराहट और अनावश्यक तनाव पैदा कर सकता है।

* *अपने खाली समय को सँजोएं।* जो होता है अच्छे के लिए होता है जैसा कि मोहनजी जैसे समझदार कहते है, हमें जिस पूर्णता कि तलाश है वो हम स्वयं है।' हम ही है। जो यह भी बताता है कि मनोविज्ञान यह क्यों कहता है जो रचनात्मक लोग पहले से जानते है - कि जब हम अकेले होते है तो हम सर्वोत्तम होते है। जब हम स्वयं के साथ होते है तो हमारा मन बाहरी हस्तक्षेप से दूर रहता है। जब हम मुस्कुराने, सिर हिलाने, उत्तर देने, समझाने, बचाव करने या चाय भेंट करने जैसी सामाजिक-तफ़सीलों से दूर रहते है, तो हमारा मस्तिष्क सभी प्रकार के स्वतंत्र संबंध बनाने में सक्षम होता है और अपने स्वभाव और प्रवृत्ति के अनुकूल समाधान ढूँढता है। जैसा कि मोहनजी कहते है, जब हम अपने बारे में चिंतन करते हैं, तो हम अपनी शंकाओं, आशंकाओं और परिस्थितियों का सामना करते है। फिर हम छोटी चीजें करते है, कुछ पुरानी आदतें छोड़ते है...

* *बाल की खाल मत निकालिए।* कुछ लोग छोटी-छोटी बातों पर बहुत ध्यान देते है - चुन्नट, कोण, जो कुछ भी है, उसे बिल्कुल सही होना चाहिए। इतना ध्यान केंद्रित होना बहुत अच्छा है पर यह आपको बहुत सारी महत्वहीन चीजों में डुबो सकता है। यह वास्तव में कचरा इकट्ठा करने जैसा होता है जिसकी आपको आवश्यकता नहीं होती। परिणामस्वरूप: आपको ऐसा लगने लगता है कि आप एक दीवार के सामने है जहाँ से आप आगे नहीं बढ़ सकते; संक्षेप में कहे तो, आप फंस जाते है। यहाँ एक कदम पीछे लेना और अपने आप से यह पूछना महत्वपूर्ण है: क्या मैं बाल की खाल निकाल रहा हूँ? कुछ तर्क, वितर्क यहाँ तक कि थोड़े आग्रह का भी उपयोग करें। आइसक्रीम के खाली कपों के निशान को पीछे छोड़ते हुए अपने सपनों की ओर बढ़ें।

* *भावनाओं की छंटनी करें।* ये कठिन समय है। कई लोगों अपनी नौकरियाँ खो चुके है, कुछ ने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हम भय, क्रोध, दुःख की भावना से कैसे मुक्ति पाएं? डायरी लिखकर, मनोवैज्ञानिकों का कहना है। लेखन आपको प्रकट करने में मदद करता है जहाँ आप अपनी अराजक भावनाओं में एक आश्वस्त क्रम का अनुभव करना शुरू कर सकते है। यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि हताशा या आसपास की कोई भी हानिकारक भावना हमारे नाजुक शरीर में एक खतरनाक रसायन उत्पन्न करती है। जब हम जानते और समझते है, तो उपाय करना आसान हो जाता है। कहीं न कहीं हमें यह भी समझना होगा कि दुःख एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे हमें गुजरना पड़ता है और बुरा महसूस करने में कुछ गलत भी नहीं है, खासकर तब जब घाव ताजा हो।

मैंने यह एक अद्भुत महिला से सीखा, जो एक वरिष्ठ नागरिक थी और जिन्होंने अपने जीवनसाथी को खो दिया था। उन्होंने कहा, शुरूआत में, प्रकृति की सुंदरता ने कुछ दिनों तक संभलने में उनकी मदद की। और बाद में, जब एक दोस्त ने उसे धीरे से कहा, 'ठीक ना होने में कुछ गलत नहीं है', वह टूट गई और उसकी बाहों में अपनी सारी उदासी लेकर रो पड़ी। वह कहती है, हालांकि हमारी यह कहने की आदत है कि मैं ठीक हूं, मैं संभल रहा हूँ, फिर भी अपनी उदासी को स्वीकार करके आँसुओं को बहने देना भी उपचारात्मक है। आत्मा को यह पता होना चाहिए कि इंसान होना कैसा होता है। दिन की रोशनी धीमी नहीं होती है लेकिन यह हमारे दुःख को उतनी ही सहजता से स्वीकार करती है जितनी हमारी खुशी को।

* *चक्र बदलें।* उन चीजों को करें जो सूर्योदय की तरह ही परिचित, आरामदायक और आश्वस्त महसूस हों। दुःख या निराशा के चक्र को ताकत और स्थिरता के चक्र में परिवर्तित करें। कुछ सुझाव:

  डेक साफ़ करें - फाइलों और किताबों को हटा दें, कपड़े घड़ी करें, कुछ बर्तन धोएँ, पौधों को पानी दें अपने स्वयं के हाथों से काम करने से आप ठीक होते है।

  एक उपचारात्मक क्षेत्र में प्रवेश करें - पैदल चलने या साइकिल चलाने जैसे हृदय संबंधी व्यायाम से थके हुए शरीर और मस्तिष्क में एक नई जान आ जाती है। सब्जियां, अनाज और दाल खाने से एक आंतरिक शून्यता भर जाती है और एक आश्वस्त विश्राम की प्राप्ति होती है। आराम और नींद आश्चर्यजनक रूप से आराम देने वाले अभ्यास है। अपनी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए रोजाना विटामिन सी लें।

दिल को छू लेने वाली उन खबरों, घटनाओं, छोटे संकेतों की तलाश करें कि चीजें अच्छी है या सामान्य स्थिति में लौट रही है। यह अतीत की बिदाई और वर्तमान एवं भविष्य का एक स्वागत है, सम्मान और प्यार के साथ पुरानी यादों की बिदाई और एक नई दुनिया में होने के नए तरीके का स्वागत है।

वह हंसने वाली महिला। आज की दुनिया की एक कहानी कुछ इस प्रकार है: एक महिला को हमेशा हंसते रहने के लिए प्रशंसा मिली। एक राहगीर ने उससे जिज्ञासावश पूछा, 'आप हर समय हंसती क्यों रहती है?' महिला ने कहा, 'मैं अपने जीवन का आनंद ले रही हूं क्योंकि चीजें वैसे ही हो रही है जैसा मैंने सोचा था।' कुछ दिनों बाद, महिला की सारी संपत्ति चोरी हो गई। वह फिर भी हंस रही थी। एक और राहगीर ने जिज्ञासावश पूछा, 'आप हर समय हंसती क्यों रहती है?' और महिला ने कहा, 'मैं अपने जीवन का आनंद ले रही हूँ क्योंकि चीजें वैसे नहीं हो रही है जैसा मैंने सोच था!'

हलकेपन के साथ जियो। जैसा कि पटकथा लेखक जीन रोडेनबेरी ने कहा था, ''यह सब खत्म नहीं हुआ है, हर चीज़ का आविष्कार नहीं हुआ है, मानवीय साहसिक कार्यों की तो अभी बस शुरुआत हुई है।''

कल तक के लिए...

लेखक फिटनेस फॉर लाइफ, *और* सिम्पली स्पिरिचुअल-यू आर नैचुरली डिवाइन *के लेखक है और फिटनेस फॉर लाइफ कार्यक्रम के शिक्षक है।*

Rotary PEOPLE OF ACTION मंडल गतिविधियाँ

रोटरी क्लब वृद्धाचलम - रो ई मंडल 2981

विभिन्न स्थानों पर मियावाकी वनों (1.13 लाख वर्ग फुट) को ₹11 लाख की लागत से कार्यान्वित किया जा रहा है। इन सूक्ष्म जंगलों की सिंचाई के लिए RWH पाइपलाइन बिछाई गई है।

रोटरी क्लब सेलम साउथ - रो ई मंडल 2982

इस क्लब ने डॉन बॉस्को अंबु इलम, एक अनाथालय जिसमें लगभग 100 लड़के है, को 12 कंप्यूटर (₹2 लाख) प्रदान करने के लिए रोटरी ई-क्लब बैंगलोर के साथ हाथ मिलाया।

रोटरी क्लब अरन्तांगी - रो ई मंडल 3000

सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत वाहन चालकों के लिए नेत्र जांच और श्रवण शक्ति शिविर आयोजित किए गए। मानसिक रूप से विकलांग लोगों के एक आसरे, नामाथू इलम, को चादरें दी गईं।

रोटरी क्लब अमलनेर - रो ई मंडल 3030

क्लब 25 एचआईवी संक्रमित बच्चों और विधवाओं के लिए बने एक विशेष घर, आधार, को प्रोटीन की खुराक और अन्य आवश्यकताएं प्रदान करेगा।

रोटरी क्लब सागर सेंट्रल - रो ई मंडल 3040

विश्व बाल दिवस को चिह्नित करने के लिए कुदरी गांव में बाल अनाथ सेवा आश्रम के रहवासियों को चित्रकारी सामग्री और गर्म जैकेट वितरित किए गए।

रोटरी क्लब अलवर फोर्ट - रो ई मंडल 3053

क्लब ने शारीरिक रूप से अक्षम मेहताब सिंह की कोहनी के जोड़ के प्रतिस्थापन हेतु सर्जरी प्रायोजित की।

मंडल गतिविधियाँ

रोटरी क्लब गणदेवी - रो ई मंडल 3060

वैश्विक अनुदान परियोजना के माध्यम से गणदेवी, नवसारी और बारदोली क्षेत्र में पीएचसी, सीएचसी, अस्पतालों, ब्लड बैंकों में पराचिकित्सक कर्मचारियों को एन 95 मास्क, दस्ताने, पीपीई किटें और अन्य कोविड किटें दी गई।

रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्राससिटी - रो ई मंडल 3100

डेप्यूटी जगन्नाथ सिंह मेमोरियल कन्या हायर सेकन्डरी स्कूल और स्कूल ऑफ चाइल्ड डेवलपमेंट को सीलिंग फेन दान किए गए। डीजी मनीष शारदा मुख्य अतिथि थे।

रोटरी क्लब कपूरथला ऐलीट - रो ई मंडल 3070

क्लब ने जिला जेल में आईड्रॉप, मास्क और चश्मा जरूरतमंदों कैदियों को वितरित किया इससे रोटरी की छवि को बढ़ावा मिला।

रोटरी क्लब हाथरस - रो ई मंडल 3110

प्रेम रघु अस्पताल में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ लगभग 35 रोगियों की विभिन्न बीमारियों के लिए जाँच की गई।

रोटरी क्लब रूड़की मिडटाउन - रो ई मंडल 3080

इस क्लब ने जनवरी में सर्द मौसम से निपटने के लिए जरूरतमंद लोगों को 250 सेट ऊनी टोपी और स्कार्फ बांटे एवं बिस्कुट के साथ उन्हें चाय परोसी।

रोटरी क्लब बलरामपुर - रो ई मंडल 3120

जरूरतमंद परिवारों को सर्द रातों से बचाने के लिए कंबल वितरित किए गए। इस भाव ने आस पास के क्षेत्र में रोटरी की सार्वजनिक छवि को बढ़ाया।

Rotary PEOPLE OF ACTION मंडल गतिविधियाँ

रोटरी क्लब बरसी - रो ई मंडल 3132

15 ग्रामीण महिलाओं को सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोर्स पूरा होने के बाद क्लब उन्हें रोजगार भी उपलब्ध करवाएगा।

रोटरी क्लब भटकल - रो ई मंडल 3170

भटकल के सरकारी अस्पताल को पांच सौ N95 मास्क और 200 सर्जिकल फेस मास्क दान किए गए। डीजी संग्राम पाटिल ने सीएमओ डॉ. सविता कामत को किटें सौंपी।

रोटरी क्लब निज़ामाबाद - रो ई मंडल 3150

विश्व पोलियो दिवस पर एंड पोलियो अभियान पर जागरूकता पैदा करने के लिए पोस्टर के साथ एक बड़े बैनर का अनावरण किया गया। पोस्टर मंडल चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किए गए थे।

रोटरी क्लब पुत्तूर युवा - रो ई मंडल 3181

डीजी रंगनाथ भट ने कनियार वन क्षेत्र के एक अल्प वंचित परिवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक शौचालय सौंपा जिसे क्लब अध्यक्ष डॉ. हर्षकुमार राय द्वारा प्रायोजित किया गया था।

रोटरी क्लब भालकी फोर्ट - रो ई मंडल 3160

भालकी में चन्नाबासवेश्वरा आश्रम के पीछे स्थित बच्चों के खेल के मैदान में छह पूर्व निर्मित बेंच और खेल उपकरण लगाए गए थे।

रोटरी क्लब शिरवा - रो ई मंडल 3182

क्लब ने इंद्रपुरा इलाके के एक आंगनवाड़ी केंद्र को 20 कुर्सियां दान की। डीजी राजाराम भट ने संकाय को फर्नीचर सौंपें।

Rotary PEOPLE OF ACTION मंडल गतिविधियाँ

रोटरी क्लब पत्ताम्बी - रो ई मंडल 3201

क्लब ने सदाशिव माधव बालसदानम के रहवासियों को कपड़े वितरित किए जो पेरिनगचूर स्थित एक बाल अनाथालय है।

रोटरी क्लब मालदा - रो ई मंडल 3240

रोटेरियनों, इनर व्हील सदस्यों और स्थानीय गणमान्य लोगों द्वारा कंचनतर, मालदा, में 100 से अधिक पौधे लगाए गए। लोक कलाकार तपन पंडित मुख्य अतिथि थे।

रोटरी क्लब शिवकाशी डायमंड्स - रो ई मंडल 3212

विश्वनाथम गाँव के रोटरी मैट्रिक हायर सेकन्डरी स्कूल के कर्मचारियों को सिलाई और अन्य शिल्प में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पथ विक्रेताओं को (मूल्य ₹2,750 वाले) बड़े छाते वितरित किए गए।

रोटरी क्लब संबलपुर वेस्ट - रो ई मंडल 3261

सखीपारा के परमेश्वरी बाई मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए उन्हें कंबल वितरित किए गए।

रोटरी क्लब आर्कोनम - रो ई मंडल 3231

पेरुमुची गांव के पीएचसी में माताओं के लिए स्तनपान जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। महिलाओं को प्रसव के बाद के समय में पौष्टिक आहार का सेवन करने की सलाह दी गई।

रोटरी क्लब साल्ट लैक मेट्रोपॉलिटन कोलकाता - रो ई मंडल 3291

अमरागाची और मालिया इलाकों में बुजुर्गों को 100 से अधिक गर्म कंबल वितरित किए गए। रोटेरियन इंद्र कुमार बागड़ी ने एन सुषमा अग्रवाल और एन काकोली सेन के साथ ₹20,000 की लागत वाली इस परियोजना का नेतृत्व किया था।

वी मुत्तुकुमारन द्वारा संकलित

बार-बार स्कूल बदलने के जोखिम

टीसीए श्रीनिवासा राघवन

मेरी पीढ़ी के कई मध्यम-वर्गीय लोगों को अजीबोगरीब परेशानियों से गुजरना पड़ता है। वे नहीं जानते कि अगर आपने उनसे साधारण सा एक सवाल पूछा तो जवाब क्या देंगे: आप किस स्कूल से हैं? इसकी वजह है नौकरियों के दौरान उनके माता-पिता का स्थानांतरण। अपनी बात करूँ तो मैं रायगढ़, रायपुर, दिल्ली, जबलपुर, भोपाल और अंत में ग्वालियर के स्कूलों में पढ़ा हूँ। यह 1955 और 1967 के बीच की बात है। इन 12 वर्षों में, छह वर्ष दिल्ली के एक स्कूल, सरदार पटेल विद्यालय में बिताए थे। वे मेरे स्कूली जीवन के सबसे खुशगवार दिन थे।

लेकिन जब मैं कक्षा 9 में पहुँचा, तो मेरे पिता का तबादला जबलपुर हो गया था। छह महीने बाद उनकी बदली भोपाल हो गई थी और उसके 18 महीने बाद ग्वालियर पहुँच गए। तो मैं किस स्कूल का छात्र था? मेरे हिसाब से यह दिल्ली का स्कूल था, लेकिन लगभग छह महीने पहले यह भ्रम टूट गया। मुझे एक मूर्ख ने कहा था कि मैं भूतपूर्व छात्र कहलाने के योग्य नहीं था क्योंकि मैं वहां से स्नातक नहीं हुआ था लेकिन उसने वहां सिर्फ दो साल पढ़ाई की, पर स्नातक वहीं से हुआ था।

उस लिहाज से मैं ग्वालियर के स्कूल का भूतपूर्व छात्र हूँ जहाँ मैंने सिर्फ छह महीने बिताए थे! मुझे कोई परेशानी नहीं है क्योंकि यह एक छोटा सा बढ़िया स्कूल था जहाँ मैंने कुछ अच्छे दोस्त बनाए थे। लेकिन साफ़ तौर पर ये बेतुकी बात है कि जो व्यक्ति अपनी स्कूली पढ़ाई के अंतिम वर्ष में, जिस स्कूल में मात्र छह महीने बिताता है, उसे वहां का भूतपूर्व छात्र मानते है, लेकिन वो नहीं, जो छह साल बिताता है लेकिन वहां से स्नातक नहीं होता क्योंकि उसका या उसके पिता का स्थानांतरण हो जाता है। सबसे ज़्यादा दुःख तो मुझे इस बात से हुआ कि इस आदमी ने गलती से मुझे एक स्कूल की ग्रुप फोटो भेज दी थी - फोटो में वह मेरे जैसे नाम वाले छात्र को ढूंढ रहा था जिसने 10 वीं कक्षा में दाखिला लिया था - पूछ रहा था कि क्या मैं फोटो में बच्चों को पहचान सकता हूं। मैंने पहचान लिया क्योंकि मैंने कक्षा 3 से 9 तक की पढ़ाई उनके साथ ही की थी। हमने बढ़िया समय साथ में बिताया था।

लेकिन उस बेवकूफ ने धन्यवाद कहने के बजाय मुझे वापस लिखा कि वह मुझे नहीं जानता। जाहिर है, उस समय वो वहां पढता ही नहीं था तो जानता कैसे? मेरे स्कूल छोड़ने के बाद उसने कक्षा 9 में प्रवेश लिया था, लेकिन विज्ञान की कक्षा में केवल तीन साल गुजारे थे। फोटो में नज़र आ रहे अधिकांश ने आर्ट्स (कला) विषय चुना था, तब इसे आर्ट्स ही कहा जाता था। मेरे लिए यह मायने नहीं रखता कि मैं किस स्कूल का पूर्व छात्र हूं, लेकिन सवाल यह है कि आप एक भूतपूर्व छात्र को परिभाषित कैसे करते हैं? मुझे यकीन है कि वो हजारों लोग जिनके माता-पिता ने सरकार में काम किया है, उन सभी ने इस समस्या का सामना किया होगा। स्कूलों की कई शाखाएं खुलने के बाद अब यह और भी खराब हो गया है। अब तो लोग शाखा के बारे में भी पूछते हैं। यह एक लगभग नई वर्ण व्यवस्था है।

मैं बहुत खुश हूँ कि मैं किसी भी स्कूल का पूर्व छात्र नहीं हूं क्योंकि स्कूल के ग्रुप्स बनाने में व्हाट्सएप का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

जो अभिभावक फीस वहन सकते थे, अपने बच्चों को बोर्डिंग स्कूलों में भेजते थे। इसने स्थायित्व तो सुनिश्चित किया लेकिन बच्चे को एक नई वर्ण व्यवस्था का सदस्य भी बनाया। ये बोर्डिंग स्कूल पहले भी थे और आज भी हैं और एक विशिष्ट पदानुक्रम में इनकी भी श्रेणी है। मुझे लगता है कि शीर्ष पर वे स्कूल गिने जाते थे जो उत्तर, दक्षिण और पूर्वी भारत के पहाड़ों पर स्थित थे। पश्चिम और मध्य भारत में भी कई बोर्डिंग स्कूल थे, लेकिन क्रम में वे नीचे आते थे। ये पूर्व छात्र के दर्जे की समस्या का स्वतः समाधान तो था, लेकिन तभी तक, जब तक आपको वहां से निष्कासित नहीं किया गया हो। लेकिन ऐसा कभी कभार ही होता था।

वास्तव में, देखा जाए तो मैं बहुत खुश हूँ कि मैं किसी भी स्कूल का पूर्व छात्र नहीं हूं क्योंकि स्कूल के ग्रुप्स बनाने में व्हाट्सएप का बहुत बड़ा योगदान रहा है - मैंने जिस साथी का उल्लेख किया है, वह भी इस तरह का एक ग्रुप बनाने की कोशिश कर रहा था - पर ये ग्रुप बहुत ज़्यादा उबाऊ हैं। दस से अधिक सदस्यों के अन्य बड़े ग्रुप भी ऐसे ही हैं। और लॉकडाउन के बाद से, मुझे डर है, समस्या और भी बदतर हो गई होगी। अब ज़ूम भी इसमें जुड़ गया है। मेरा मतलब है, क्या आप सोच सकते हैं यह कितना भयावह है! ■

संक्षेप में

41 वर्षीय ने वित्तीय सहायता के लिए माता-पिता पर मुकदमा दायर किया

फैज सिद्दीकी (41), एक बेरोजगार व्यक्ति, ने अपने माता-पिता पर मुकदमा दायर किया है ताकि वह उन्हें भरण-पोषण हेतु भुगतान करने के लिए मजबूर कर सकें। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त एक प्रशिक्षित वकील, सिद्दीकी का कहना है कि वह अपने अमीर माता-पिता पर पूरी तरह से निर्भर है। एक पारिवारिक झगड़े के बाद, उसके माता-पिता उसे सहायता राशि देना बंद करना चाहते है। वह लंदन में अपने माता-पिता के एक मिलियन पाउंड के फ्लैट में मुफ्त रहता है और उसके सभी बिलों का भुगतान उसके माता-पिता द्वारा किया जाता है। सिद्दीकी का कहना है कि वह स्वास्थ्य मुद्दों वाले एक कमजोर वयस्क बच्चे के रूप में रखरखाव का दावा करने का हकदार है और वित्तीय सहायता को रोकना उसके मानवाधिकारों का उल्लंघन होगा।

अन्तर्जलीय शादियों के लिए अंडमान का बुलावा

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में स्थित हैवलॉक आइलैंड बीच रिज़ॉर्ट पानी के भीतर शादियाँ करवाने के लिए लोकप्रियता हासिल कर रहा है। उनका कहना है कि यह भारत का एकमात्र ऐसा स्थान है जहाँ आप पानी के अंदर शादी कर सकते है! समारोह समुद्र तल से कुछ फीट नीचे आयोजित किया जाता है, जिसमें दूल्हे और दुल्हन के साथ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल होते है। इसके अलावा, नारियल के छिलकों, फूलों और ताड़ के पत्तों से पानी के अंदर बने एक मंच पर युगल एक दूसरे का साथ निभाने की कसमें खाते है और समृद्ध समुद्री जीव मंच की पृष्ठभूमि का निर्माण करते है।

बो टाई पहने आवारा कुत्ते गोद लिए जाने हेतु तैयार

नेवार्क, न्यूजर्सी, के रहने वाले 14 वर्षीय सर डेरियस ब्राउन ने एक दत्तक केंद्र की अपनी यात्रा के दौरान जाना कि अत्यधिक भीड़ के कारण सैकड़ों कुत्तों को कुछ आश्रयों में प्रतिदिन मृत्यु दी जाती है। एक कुत्ता-प्रेमी होने के नाते, जब उन्हें इस भयावह सच्चाई का पता चला तो उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई और उन्होंने आश्रय घरों में रहने वाले कुत्तों को सुंदर दिखाकर गोद लिए जाने में मदद करने के लिए उनके स्वयं के हाथ से सिली गई बो टाई पहनाने का फैसला किया। ब्राउन उन्हें पूरे अमेरिका के पशु आश्रयों को दान कर रहे है।

कोविड योद्धाओं के सम्मान में आदमी ने 4,000 किमी की दूरी तय की

मैसूरु के भरत पी एन (33) ने कोविड योद्धाओं का शुक्रिया अदा करने का फैसला किया और उनके प्रयासों एवं निस्वार्थ सेवा का सम्मान करने के लिए 4,000 किमी की वॉक फॉर यूमैनिटी की शुरुआत की। कन्याकुमारी से श्रीनगर की डल झील तक की अपनी 99-दिवसीय की यात्रा में, भरत ने ग्यारह राज्यों से गुजरते हुए हर दिन लगभग 45-50 किमी की पैदल यात्रा की। रास्ते भर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण के महत्व एवं शारीरिक रूप से फिट रहने के बारे में जागरूकता फैलाई।

ऑटोरिक्शा पर चलित घर

चेन्नई के एक वास्तुकार अरुण प्रभु छ्क्ष ने एक ऑटोरिक्शा को एक चलित घर में बदल दिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वास्तुकार जगह के कुशल उपयोग को प्रदर्शित करना चाहते थे। उनके डिजाइन की महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने प्रशंसा की। प्रभु के मोबाइल घर के बारे में एक पोस्ट साझा करते हुए, बिजनस टाइकून ने ट्वीट किया मैं पूछना चाहता हूं कि क्या वह बोलेरो पिकअप में ऐसा ही एक और महत्वाकांक्षी घर डिजाइन कर सकते है। क्या कोई हमारी बात करवा सकता है? ₹1 लाख की लागत से निर्मित घर में एक व्यक्ति रह सकता है और इसमें सौर पैनल, एक पानी की टंकी, बैटरी, अलमारी, दरवाजे, एक सीढ़ी, एक शौचालय, एक बैठक, बेडरूम और एक कार्यक्षेत्र है।

किरण ज़ेहरा द्वारा संकलित; एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा।

Regn. No. TN/CCN/359/2021-2023 | Total number of pages in this monthly issue, including cover, 84. Price: ₹35
Licensed to post WPP No.TN/PMG(CCR)/WPP 421/21-23
Registered with Registrar of News Papers for India TNHIN/2001/05271 Rotary Samachar Published on 1st of every month

ADVT.